खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 05 जुलाई 2025 । वर्ष –69 । अंक –230 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ मिट्टी पानी बचाने की...
■ संविधान की प्रस्तावना... 04
■ भारत और अमेरिका को आतंकवाद पर...
■ रूस और यूक्रेन के बीच तीसरे दौर की... 09
■ भारत ने डब्ल्यूटीओ में वाहन शुल्क को लेकर...
■ बिकवाली के बीच सोने-चांदी की कीमतों... 11
■ पाकिस्तानी टीम आएगी...
■ मैं अपनी बल्लेबाजी... 10

सार संक्षेप

## मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं

### इलाहबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका खारिज की

**प्रयागराज, (एजेंसियां)।** मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा कि मूल वाद चल रहा है। हाईकोर्ट में ट्रायल चल रहा है। ऐसे में एक एप्लिकेशन पर विवादित ढांचा घोषित करने का कोई औचित्य नहीं। फिर जो मूल वाद है, उस पर असर पड़ेगा। मूल वाद ही इससे से जुड़ा है, इसलिए विवादित ढांचा का फैसला नहीं दिया जा सकता। वहीं, हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाने की बात कही है। दरअसल, 5 मार्च को हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने विवादित ढांचा घोषित करने को लेकर याचिका दाखिल की थी। कोर्ट से कहा था कि मस्जिद के पास जमीन के कागज नहीं हैं, इन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए।

## एनटीए ने जारी किया 10 लाख से ज्यादा छात्रों का रिजल्ट

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2025 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। यह परीक्षा 13 मई से 4 जून 2025 के बीच कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की गई थी। सीयूईटी-यूजी परीक्षा के जरिए छात्र देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अनुसार, इस वर्ष कुल 13,54,699 छात्रों ने इन परीक्षाओं के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-अब रेत माफिया ने मैहर में तहसीलदार पर ट्रेक्टर चढ़ाने की कोशिश की है।

**चुहिया- हां प्रिये**- रेत से चांदी छानने वालों के पीछे भी वही हाथ है जो सत्ता के गलियारों तक पहुच रखते हैं

### मेडिकल कॉलेजों को मान्यता के लिए रिश्वत का मामला

## सीबीआई ने यूजीसी के पूर्व चेयरमैन सहित 35 अधिकारियों पर दर्ज किया मामला

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के कांड का सीबीआई द्वारा किए गए खुलासे के बाद हड़कंप मच गया है। इस मामले में सीबीआई ने यूसीजी के पूर्व चेयरमेन सहित 35 वर्तमान और पूर्व अधिकारियों को आरोपी बनाते हुए कई ठिकानों पर छापेमारी की है। सीबीआई ने 8 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इसमें रावतपुरा सरकार उर्फ रविशंकर महाराज के साथ ही 35 नामजद आरोपी बने हैं। इन सभी पर भ्रष्टाचार की विविध धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

इसमें इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेरयमैन सुरेश भदौरिया भी आरोपी है, जो फिलहाल सीबीआई के हत्थे नहीं चढ़े हैं। लेकिन एक और चौंकाने वाला नाम इसमें हैं। वही डीपी सिंह का। वह इस मामले में सीबीआई द्वारा 35 पर दर्ज की गई एफआईआर में आरोपी नंबर 6 है।

### कई आरोपियों के ठिकानों पर छापे, 8 गिरफ्तार

डीपी सिंह यानी धीरेंद्र पाल सिंह। यह फिलहाल टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साईसेज मुंबई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के चांसलर है। अप्रैल 2024 में यहां चांसलर बनने से पहले वह यूजीसी के चेयमरैन जैसे अहम पद पर थे। वहीं इस पद के पहले वह इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर रहे थे। वह बीएचयू के भी कुलपति रह चुके हैं।

इस मामले में सीबीआई द्वारा तीन डॉक्टरों समेत छह की गिरफ्तारी की गई। सीबीआई के एसएसपी कमल सिंह चौधरी की ओर से कई मेडिकल कॉलेज के निदेशक, एनएमसी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 35 अधिकारियों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इन्हीं विभाग के कई ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## चिकित्सा को मानव सेवा की पहचान देने वाले पद्मश्री डॉ. डाबर नहीं रहे

**जबलपुर, देशबन्धु।** चिकित्सा को मानव सेवा के सरोकार से जोड़ने का अद्भुत काम करने वाले जबलपुर और म.प्र. सहित पूरे देश के गौरव डॉ. मुनीष चन्द्र डाबर नहीं रहे। उनकी मानव सेवा के जज्बे को सम्मानित करने के लिए देश ने डॉ. डाबर को पद्मश्री से सम्मानित किया। जबलपुर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस शख्सियत से विशेष मुलाकात की और चिकित्सा के माध्यम से उनकी मानव सेवा को प्रणाम दिया। डॉ. डाबर उन चिकित्सकों में शुमार हैं जिन्हें गरीबों का भगवान कहा जाता है। वह भी तब जब चिकित्सा पेशा लूटमार के लिए बदनाम हो रहा हो। ऐसे में महज 1-2 रुपए लेकर लोगों को बीमारियों से निजात दिलाना, उनकी प्राण रक्षा करना अनुकरणीय है।

- 79 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस
- मुख्यमंत्री सहित अनेक राजनेताओं ने जताया शोक



पद्मश्री डॉ. डाबर ने 79 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उनके निधन से न केवल चिकित्सा जगत बल्कि उन्हें जानने और उनसे इलाज करा चुके लोगों के साथ सभी वर्गों में शोक की लहर दौड़ गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जबलपुर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा सहित अनेक राजनेताओं, वरिष्ठ चिकित्सकों, समाजसेवियों, संस्था प्रमुखों ने डॉ. डाबर के निधन को अपूर्णीय क्षति निरूपित करते हुए गहरा शोक जताया है। उनका अंतिम संस्कार शाम 4 बजे गुप्तेश्वर मुक्तिधाम में ससम्मान किया गया। उनके निधन से चिकित्सा सहित समाज के सभी वर्गों में ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर आंसू पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

जबलपुर के हाथीताल क्षेत्र निवासी डॉ. एमसी डाबर डॉक्टर का जन्म 16 जनवरी 1946 को पंजाब पाकिस्तान में हुआ था और विभाजन के बाद उनका परिवार भारत आ गया था। उन्होंने जबलपुर मेडिकल कॉलेज से साल 1967 में एमबीबीएस (बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी) कर पढ़ाई की। इसके बाद भारत-पाक युद्ध के दौरान साल 1971 में लगभग एक साल तक भारतीय सेना में सेवा प्रदान की। इसके बाद वह साल 1972 में जबलपुर आकर लोगों को बहुत मामूली शुल्क पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर प्रारंभ किया। उन्होंने 2 रुपये में लोगों का इलाज शुरू किया और इसके बाद 5,10 तथा 15 रूपये फीस लेकर मरीजों को इलाज करते थे। वर्तमान में वह फीस के रूप में सिर्फ 20 रुपये लेते हैं। मानव सेवा के लिए उनका समर्पण के लिए केन्द्र सरकार के द्वारा देश के 74 वें गणतंत्र दिवस पर उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था।



## मुख्यमंत्री ने 94,234 विद्यार्थियों को दी लैपटॉप की राशि

### बोले-अगले साल सीधे मिलेंगे अच्छी कंपनी के लैपटॉप

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में 12वीं की परीक्षा में 75 फीसदी और उससे ऊपर नंबर लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को शुक्रवार को लैपटॉप की राशि दी गई।

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को 25-25 हजार की राशि प्रदान की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार देखा गया है कि छात्रों के परिवार लैपटॉप राशि को दूसरे कार्यों में खर्च कर देते है। ऐसे में हम कोशिश करेंगे कि अगले साल से सीधे अच्छी कंपनी के लैपटॉप दिए जाए। इस दौरान छात्रों ने ने बताया कि किस प्रकार से उन्हें लैपटॉप की राशि मिलने से खुशी हो रही है। विद्यार्थियों ने बताया कि वे क्या बनना चाहते हैं।

**लाभार्थियों में 60 प्रतिशत बेटियां**-इस दौरन सीएम ने बताया कि इस साल योजना के लाभार्थियों में 60 प्रतिशत बेटियां हैं। 56,246 बेटियां और 37,988 बेटे। उन्होंने कहा कि यह एक सकारात्मक संकेत है कि बेटियां न केवल बराबरी कर रही हैं, बल्कि पढ़ाई में आगे भी निकल रही हैं। अब बेटों को अपनी स्थिति मजबूत करनी होगी।

## *मैहर में रेत माफिया द्वारा नायब तहसीलदार को कुचलने का प्रयास*

### *कुबरी गांव की घटना, आरोपी साथियों संग फरार*



**मैहर, रामनगर।** सतना जिले के मैहर तहसील अंतर्गत रामनगर विकासखंड के कुबरी गांव में शुक्रवार को रेत माफिया की दुस्साहसी हरकत सामने आई। नायब तहसीलदार रोशन रावत पर उस समय जानलेवा हमला किया गया, जब वे अवैध रेत परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को रोककर पूछताछ कर रहे थे। चालक ने अचानक ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन रावत सतर्कता दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

**अधिकारी पर वाहन चढ़ाने की कोशिश**-जानकारी के अनुसार, नायब तहसीलदार रोशन रावत को कुबरी गांव में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश मिला था। वे अपने स्टाफ के साथ गांव की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में रेत से लदा एक ट्रैक्टर संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। उन्होंने ट्रैक्टर रुकवाया और पूछताछ शुरू की, तभी ट्रैक्टर चालक रविंद्र और उसके सहयोगी नेपाली ने उन पर वाहन चढ़ाने की कोशिश की। गनीमत रही कि रावत समय रहते दूसरी दिशा में कूद गए और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### *अवैध रेत खनन का गढ़ बना कुबरी गांव*

*स्थानीय लोगों का कहना है कि मर्यादपुर चौकी क्षेत्र का कुबरी गांव लंबे समय से अवैध रेत खनन का गढ़ बना हुआ है। यहां से प्रतिदिन ट्रैक्टर और ट्रकों के माध्यम से बड़े पैमाने पर रेत का अवैध परिवहन होता है। घटना की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से फैली अन्य माफिया वाहन चालक सतर्क हो गए। कई ट्रैक्टर चालकों ने सड़क पर रेत गिराकर वाहन सहित भागने की कोशिश की, इनमें से एक वाहन को पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।*

### उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह बोले

## ऑपरेशन सिंदूर में तीन दुश्मनों से लड़ी जंग



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारत सीमा पर अकेले पाकिस्तान से नहीं, बल्कि तीन दुश्मन-देशों से लड़ रहा था। ये खुलासा भारतीय सेना के डिप्टी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने किया है।

पाकिस्तान के अलावा चीन और तुर्की को भी भारत ने एक तरह से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शिकस्त दी। पाकिस्तान अगर अग्रिम मोर्चे पर था तो चीन हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। तुर्की ने भी इस प्रकार की सहायता प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाई। शुक्रवार को दिल्ली में फिक्की की तरफ से आयोजित 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज' कार्यक्रम में भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सामने आई चुनौतियों पर खुलकर बात की गई। भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (कैपेबिलिटी डेवलपमेंट एंड सस्टेनेंस) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने बताया, 'जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी तो पाकिस्तान को चीन से भारत के महत्वपूर्ण वैक्टर्स के लाइव अपडेट मिल रहे थे। चीन हमारी सैन्य गतिविधियों की लाइव जानकारी शेयर कर रहा था।

डिप्टी चीफ के मुताबिक, पाकिस्तान के पास मौजूद 81 फीसदी सैन्य उपकरण चीनी हैं और इस ऑपरेशन ने चीन के लिए अपने हथियारों को परखने का एक 'लाइव लैब' जैसा अवसर प्रदान किया। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। भारत के उप सेना प्रमुख ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर में न केवल पाकिस्तान, बल्कि चीन और तुर्की ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे भारत को अपनी हवाई रक्षा प्रणाली को और मजबूत करने की जरूरत महसूस हुई है।'

- चीन और तुर्की हथियार और बाकी दूसरी सहायता मुहैया करा रहे थे
- चीन हमारी गतिविधियों की जानकारी शेयर कर रहा था

### सेना के खुलासे के बाद चीन मुद्दे पर चर्चा कराएः जयराम

कांग्रेस ने कहा है कि सेना के खुलासे के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान की परोक्ष रूप से पूरी मदद की और चीन लगातार हमारे लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है इसलिए इसका सामूहिक सहमति से जवाब देने के लिए सरकार को चुप्पी तोड़नी चाहिए और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा करानी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने लेफ्टिनेंट जनरल सिंह की उस टिप्पणी का उल्लेख किया जिसमें जनरल सिंह ने पाकिस्तानी वायुसेना को चीन की तरफ से मिली मदद का उल्लेख किया है।

JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### ठगी — चीनी व्यक्तियों ने बनाया फर्जी निवेश एप

## उच्च रिटर्न का दिया लालच, 903 करोड़ ठगे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुख्यालय कार्यालय ने चीनी एप निवेश धोखाधड़ी मामले में मास्टर माइंड रोहित विज को गिरफ्तार किया है। बाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत रोहित विज, उनकी व्यावसायिक संस्थाओं और सहयोगियों से जुड़े दिल्ली में 5 परिसरों में तलाशी ली गई। इसके परिणामस्वरूप अपराध की आय (पीओसी) की पहचान, बरामदगी और आपत्तिजनक दस्तावेजों की जब्ती हुई है। इस मामले में चीनी व्यक्तियों ने भारतीयों की मदद से एक फर्जी निवेश एप बनाया। उच्च रिटर्न का लालच देकर निवेशकों को धोखा दे दिया। आरोपियों ने 903 करोड़ रुपये का खेल कर दिया।

ईडी ने वर्ष 2022 में पीएस साइबर अपराध, हैदराबाद द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ चीनी व्यक्तियों ने, कई भारतीय व्यक्तियों के साथ मिलकर, एलओएक्सएम नामक अपने फर्जी निवेश एप के माध्यम से निवेश पर अवास्तविक रूप से उच्च रिटर्न का लालच देकर और पेशकश करके विभिन्न निवेशकों को धोखा दिया है। ईडी की जांच से पता चला है कि अवैध तरीके से कमाया गया धन एक फर्जी इकाई मेसर्स शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते में एकत्र किया गया था। यह कंपनी एक भारतीय व्यक्ति के नाम पर बनाई गई थी। जैक नामक एक चीनी नागरिक ने इंटरनेट बैंकिंग क्रेडेंशियल्स लिए और एकत्र धन को 38 खच्चर खातों के माध्यम से भेजा।



### ईडी ने मास्टरी माइंड को किया गिरफ्तार

इसे बाद में रोहित विज और उनके सहयोगियों की मदद से फर्जी मनी चेंजर संस्थाओं जैसे मेसर्स रंजन मनी कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स केडीएस फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से विदेशी मुद्राओं में परिवर्तित कर दिया गया। ये खाते, दिल्ली में उनके द्वारा नियंत्रित थे। रोहित विज और उनके सहयोगियों ने कई अधिकृत मनी चेंजर्स (एएमसी)/पूर्ण विकसित मनी चेंजर्स (एफएफएमसी) के माध्यम से दागी राशि को विदेशी मुद्राओं में परिवर्तित किया, ज्यादातर अमेरिकी डॉलर और यूएई दिरहम में परिवर्तित की गई। मेसर्स शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कुल 171.47 करोड़ रुपये की धनराशि को लूटा गया। जांच में पता ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2022-2025 www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## राष्ट्रपति मुर्मु ने डूरंड कप 2025 ट्रॉफी का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक भव्य समारोह में डूरंड कप प्रतियोगिता 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया और हरी झंडी दिखाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेलों की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने खेलों की लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी शक्ति को रेखांकित किया और भारत में इसे राष्ट्रीय एकीकरण का शक्तिशाली साधन बताया।

## बॉम्बे उच्च न्यायालय में दो अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गौतम अश्विन अंखड और महेंद्र माधवराव नेर्लिकर को बॉम्बे उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित घोषणा की।

## कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

MUNICIPAL CORPORATION CHHINDWARA
Add. In Front of Shukla Ground. Guraiya Road
Ward No. 39, Chhindwara-480001 IMP
Tel. 07162-222346
Email:- commissionerchhindwara@mpurban.gov.in

क्रमांक/2084/रा.शा.(लीज)/नपानि/2024-25 छिंदवाड़ा, दिनांक- 04/07/2025

### आम सूचना आपत्ति इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिक निगम स्वामित्व की भूमि ब्लॉक नं. 05 प्लाट नं 0/8 रकबा उत्तर की ओर 100 फुट दक्षिण को 30 फुट पूर्व-पश्चिम पूर्व को 39'9'' पश्चिम को 80'6'' तिरछा कुल रकबा 2583.75 वर्गफिट भूखण्ड आवेदकगण श्री नरेन्द्रसिंह पिता श्री बलवंत सिंह, श्री अनिल सिंह पिता बलवंत सिंह एवं श्री चन्द्रसिंह पिता बलवंत सिंह के द्वारा आवेदन पत्र मय पंजीकृत बैनामा, लिंक रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि प्रस्तुत कर उक्त भू-खण्ड की लीज स्वयं के नाम से नामांतरण एवं नवीनीकरण किये जाने की मांग की गई है। उक्त भूखण्ड आवेदकगणों द्वारा पंजीकृत वैनामा दिनांक 31.01.1981 के द्वारा विक्रेतागण श्री गुलाबचंद पिता मोहरचंद अग्रवाल, श्री फूलचंद पिता बालमुकुन्द अग्रवाल से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड की मूल नस्ती कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। प्रकरण में आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर म.प्र.नगर पालिका अचल संपत्ति का अंतरण नियम 2016 के नियम 4 (1) परंतु (क) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार उक्त भूखण्ड की नस्ती का पुनर्निर्माण किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है। उक्त भूखण्ड की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार है- उत्तर- में राजेन्द्रसिंह का भूखण्ड, दक्षिण- में मदन शर्मा को मकान, पूर्व में- नरसिंहपुर रोड, पश्चिम में- नाली है।

प्रस्तुत आवेदन पत्र मय संलग्न दस्तावेजों के आधार पर उक्त भू-खण्ड की नस्ती पुनर्निर्माण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेजों सहित कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाडा में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि बाद किसी भी दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

## प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय को किया संबोधित

# त्रिनिनाद की प्रधानमंत्री को कहा बिहार की बेटी

**पोर्ट-ऑफ-स्पेन, ,(एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने पीएम कमला प्रसाद बिसेसर को 'बिहार की बेटी' कहा और उन्हें राम मंदिर का मॉडल और सरयू नदी के जल के साथ-साथ प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का जल भी भेंट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय की यात्रा को साहस की मिसाल बताया। पीएम ने कहा- वे (भारतीय प्रवासी) गंगा और यमुना को पीछे छोड़ आए, लेकिन अपने दिल में रामायण को साथ लाए। उनके योगदान ने इस देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध किया है। वे अपनी मिट्टी छोड़ आए, लेकिन अपने संस्कार नहीं छोड़े। वे सिर्फ प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक सभ्यता के दूत थे।

**हम अपनी सफलताओं को दुनिया संग बांट रहे**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की



सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के उतरने की जगह का नाम 'शिव शक्ति बिंदु' रखा। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस समय एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद है। हम अब 'गगनयान' नाम के मानवयुक्त अंतरिक्ष

### राम मंदिर का मॉडल, महाकुंभ का जल गिफ्ट किया

मिशन पर काम कर रहे हैं। जल्द ही एक भारतीय चंद्रमा पर कदम रखेगा और भारत का खुद का अंतरिक्ष स्टेशन भी होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अपनी सफलताओं का फायदा दुनिया के बाकी देशों के साथ बांट रहा है।

**छठी पीढ़ी को दिए जाएंगे ओसीआई कार्ड**-घाना की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ा ऐलान किया। कहा कि त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय प्रवासियों की छठी पीढ़ी को ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आप सिर्फ खून या उपनाम से नहीं जुड़े, आप भारत से दिल से जुड़े हैं। भारत आपका स्वागत करता है और आपको गले लगाता है।

## ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों को टैरिफ पत्र भेजना शुरू किया

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच पिछले कई दिनों से लगातार व्यापार वार्ता चल रही है। बहु-प्रतीक्षित अंतरिम ट्रेड डील के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वॉशिंगटन ने शुक्रवार (4 जुलाई) से पत्र भेजना शुरू कर दिया। इन पत्रों में हर देश के लिए तय रेसिप्रोकल टैरिफ रेट की जानकारी है। ट्रंप ने कहा, मेरा झुकाव एक पत्र भेजने और यह बताने का है कि देश क्या टैरिफ चुकाने जा रहे हैं। हमारे पास 170 से अधिक देश हैं। और आप कितने सौदे कर सकते हैं? और आप अच्छी डील कर सकते हैं, लेकिन वे बहुत अधिक जटिल हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं सिर्फ एक साधारण डील करना चाहता हूं, जहां आप इसे मेन्टेन सकते हैं और कंट्रोल कर सकते हैं। आप 20 प्रतिशत या 30 प्रतिशत टैरिफ का भुगतान करने जा रहे हैं, और हम शायद कल से अलग-अलग देशों कुछ पत्र भेज रहे है, शायद हर दिन 10, जिसमें बताया जाएगा कि वे अमेरिका के साथ बिजनेस करने के लिए क्या भुगतान करने जा रहे हैं।

# निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात



AYE [आय]
आय फाइनेंस लिमिटेड
CIN: U65921DL1993PLC283660
Email: corporate@ayefin.com,www.ayefin.com

सार्वजनिक सूचना

आम जनता और आय फाइनेंस लिमिटेड के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी की शाखा कार्यालय Aye Finance Ltd. 1st Floor, Ward No.17, Rani Avanti Ward, Infront of Dr.TejaNear Bus stand, Mandla- (MP) 481661 को दिनांक 01-06-2025 को नए स्थान पर स्थानांतरित कया जा चुका है जो की है First Floor, Civil Lines, Nehru Smark Road, Above Vidya Papers, Mandla, MP - 481661 किसी भी सहायता के लिए हमारे ग्राहक सेवा सहायता से संपर्क करें +91 8448586881


# ट्रंप का 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पास

**वाशिंगटन, एजेंसियां)।** अमेरिका में मिडिल क्लास के लोगों के लिए टैक्स पर बड़ा फैसला लिया गया है। शुक्रवार को अमेरिकी सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से डोनाल्ड ट्रंप का 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' पास हुआ। इसे 218-214 वोटों से पास किया गया। इसमें टैक्स कटौती और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर खर्च में कटौती का भी प्रस्ताव है। बिल पास होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने समर्थकों के बीच जश्न मनाते हुए देखा गया। इस बिल में टिप्स और ओवरटाइम पर कोई टैक्स न लगाए जाने का प्रस्ताव है। ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा, अमेरिका के लिए



स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इससे बेहतर तोहफा कोई नहीं हो सकता जितना 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' है। इस बिल के साथ 2024 में आयोवा की जनता से किए गए मेरे हर बड़े वादे को पूरा किया गया है।

- टिप्स, ओवरटाइम और सोशल सिक्योरिटी पर नहीं लगेगा टैक्स
- ट्रंप बोले, स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इससे बेहतर तोहफा

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, जैसा कि मैंने वादा किया था, हम ट्रंप टैक्स कट्स को स्थायी बना रहे हैं और अब न तो टिप्स पर टैक्स होगा, न ओवरटाइम पर टैक्स और न ही सोशल सिक्योरिटी पर टैक्स लगेगा। आयोवा के लिए सबसे अहम ये है कि यह बिल 20 लाख से अधिक पारिवारिक फार्मों को तथाकथित एस्टेट टैक्स या डेथ टैक्स से बचाता है।

**अमेरिका के नए स्वर्ण युग की शुरुआत**-डोनाल्ड ट्रंप ने वन बिग ब्यूटीफुल बिल के पारित होने की सराहना की। उन्होंने इसे अमेरिका के नए स्वर्ण युग की शुरुआत बताया और शुक्रवार शाम को व्हाइट हाउस में हस्ताक्षर समारोह की घोषणा की।

### व्यापार वार्ता के बाद भारतीय दल लौटा,कृषि व ऑटो से जुड़े मुद्दों पर जारी रहेगी चर्चा

मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय दल अंतरिम व्यापार समझौते पर एक और दौर की वार्ता पूरी करने के बाद वाशिंगटन से लौट आया है। हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार पर चर्चा आगे भी जारी रहेगी क्योंकि कृषि और ऑटो क्षेत्रों से जुड़े कुछ मुद्दों को अब भी हल करने की जरूरत है। अधिकारी ने बताया कि वार्ता अंतिम चरण में है और इसके निष्कर्ष की घोषणा 9 जुलाई से पहले होने की उम्मीद है।


रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)
GRADE A
Admission for Session 2025-26 in the University Teaching Departments (UTD)

B.Sc. Chemistry | Pharmaceutical Chemistry | Forensic Science
Mathematics | Information Technology | Computer Science
Botany | Zoology | Microbiology | Biochemistry | Biotechnology
Physics | Electronics | B.Sc. (Hons.) Aviation, B.Sc. (Hons.) Agriculture Admission Through Entrance Test
B.Tech. Computer Science & Engineering, Artificial Intelligence & Data Science
MBA Finance (5 Years Integrated)
B.C.A. | B.B.A.
B.Pharmacy Admission Through DTE
B.Com. Plain | Hons. | Computer Taxation | Retail Operation
B.A. Political Science | Public Administration | Sociology | History
International Relations | Anthropology | Rural Developments
Sanskrit Sahitya | Hindi Bhasha Vigyan | Economics | Psychology
Indian Culture | Drawing & Painting | Linguistics & Communicative | Home Science
Archaeology & Museology | Ancient Indian History Culture & Archaeology | Geography
B.S.W. | Journalism & Mass Communication | Women Studies | B.A.LL.B.(Hons.)
B.Ed. | B.P.E.S | M.P.Ed. Admission Through NCTE / Higher Education
M.C.A. Admission Throguh DTE
B.Lib.I.Sc | M.Lib.I.Sc | LL.M. B.J.C. | M.J.C. | M.S.W.
B.Voc. Fashion Technology | Interior Design
M.B.A. Finance | HR | IT | Marketing Admission Through DTE
Excutive | Marketing Management Admission Through UTD Portal
M.Sc. | M.A. All Subject Yoga Science Mass Communication
P.G. Diploma Guidance & Counseling | PGDCA | पीजी डिप्लोमा रामचरितमानस | योगा | Mushroom Cultivation | Solar Energy | DIC Diploma
APPLY ON https://utdadmission.mponline.gov.in epravesh. highereducation.mp.gov.in/



PUBLIC NOTICE
30/06/2025

We are pleased to introduce our self as M/S ECONS CROP PROTECTION PVT. LTD IEC Number is AACCE7807N Would like to Manufactureing and Sales of 100% Water Soluble Mixture of - N.P.K. (00:16:18), N.P.K. (20:20:20), N.P.K. (19:19:19) N.P.K. (13:40:13), N.P.K. (16:08:24), N.P.K. (25:10:10), N.P.K. (05:40:28), N.P.K. (12:30:10), N.P.K. (05:22:22), N.P.K. (21:11:21), N.P.K. (00:40:40), N.P.K. (09:11:37), N.P.K. (00:15:16), N.P.K. (13:12:13), N.P.K. (05:00:29), N.P.K. (20:08:10), N.P.K. (00:30:20), N.P.K. (00:21:14), N.P.K. (07:23:07), N.P.K. (07:00:25), N.P.K. (12:00:35), N.P.K. (10:08:34), N.P.K. (08:14:31), N.P.K. (21:21:16), N.P.K. (13:12:26), N.P.K. (10:28:16), N.P.K. (18:18:18), (28) N.P.K. (12:46:10), N.P.K. (08:10:36), N.P.K. (00:09:46), N.P.K. (00:60:20), N.P.K. (05:55:17), N.P.K. (05:05:46), N.P.K. (14:48:00), N.P.K. (17:06:17). in the state of Madhya Pradesh.

The quality of the product will be as per the Fertilizer Control Order 1985, Notification No. S.O. 2900 (E) Dt. 24.10.15.

INDORE OFFICE ADDRESS - 315, PREM TRADE CENTRE, MAHARANI ROAD, INDORE, MADHYA PRADESH - 452007


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मेडिकल कॉलेजों से.......

अन्य कर्मचारियों को अज्ञात में आरोपी बनाया गया है, जिनका नाम विवेचना के दौरान खोला जाएगा। इसी कार्रवाई के दौरान सीबीआई ने देश में 40 से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी करते हुए साक्ष्य जुटाए और कई मेडिकल कॉलेज से दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डड्राइव को कब्जे में लिया। इसी क्रम में मेरठ की पूर्व एमएलसी और भाजपा नेत्री सरोजनी अग्रवाल की बेटी शिवानी अग्रवाल को भी नामजद किया गया। शिवानी अग्रवाल मेरठ में एनसीआर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज की असिस्टेंट मैनेजिंग डायरेक्टर और रेडियोलॉजी विभाग की प्रमुख हैं। सीबीआई ने खुलासा किया है कि इन सभी कॉलेजों को आंध्रप्रदेश के कदिरी निवासी डॉक्टर बी.हरिप्रसाद प्रॉक्सी शिक्षक उपलब्ध कराता था। जिस भी कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के सर्वे और दस्तावेज को लेकर समस्या होती थी, वह डॉ. हरिप्रसाद से संपर्क करता था।

### मैहर में रेत माफिया....

मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, जानलेवा हमला और अवैध खनन के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। **घटना से प्रशासनिक अमले में हलचल**-इस पूरी घटना ने प्रशासनिक अमले को झकझोर कर रख दिया है। अधिकारी वर्ग अब रेत माफिया पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं प्रशासन ने भी इस पर गंभीर रुख अपनाते हुए पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। रामनगर एसडीएम आरती सिंह ने कहा कि हमने पुलिस को सूचना दे दी है। संबंधित व्यक्ति की पहचान होने के उपरांत उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### चीनी व्यक्तियों ने बनाया....

चला है कि धन को मेसर्स रंजन मनीकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स केडीएस फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से विदेशी मुद्रा में परिवर्तित किया गया। हालांकि, मेसर्स रंजन मनी कॉर्प और मेसर्स केडीएस फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों के विश्लेषण से पता चला कि 7 महीने की अवधि के भीतर, रोहित विज के नियंत्रण और संचालन में इन संस्थाओं ने धोखाधड़ी के चीनी अपराधियों और अन्य आरोपी व्यक्तियों द्वारा उत्पन्न 903 करोड़ रुपये के समान दागी धन को परिवर्तित कर दिया है।अपराध की आय को विदेशी मुद्रा में बदलने के मास्टर माइंड रोहित विज को 30 जून को गिरफ्तार किया गया था। एलडी पीएमएलए कोर्ट, नई दिल्ली ने उसे 5 दिन की ईडी हिरासत में भेजा है।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष 07642-252443 ई-मेल - eephedmal@mp.nic.in फेक्स - 07642-253622

निविदा क. 48 से 51 /2025-26 / नि.शाखा/ लो. स्वा.यां./2025 मण्डला, दिनांक 27.06.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

**Name Of Work: Balance Work Of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Various Villages of Block Ghughri, Bijadandi & Narayanganj of Distt Mandla M.P. based on Tube Well including installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line system, Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Errection of Pump house, household tap connections, including cost of all material & labour with 45 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning. (1st Call)**

| NIT No. | Tender ID No. | Name of Villeges | Name of Block | PAC | EMD | Tender Doc. Fee | End Date of Sub mission | Bid Opening Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 48/ 24-25 | 2025_PHED _433783_1 | Lodha, Chitapakhana, Paraswah, Kathaidih, Kuntidadargaon and Tabalpani | Ghughri | 406.06 | 406060 | 15000 | 09.07.2025 | 11.07.2025 | 09 Mon ths I/R Seas on |
| 49/ 24-25 | 2025_PHED _433784_1 | Khajri. Junwani, Banehri and Dhangaon | Ghughri | 316.15 | 316150 | 15000 | 09.07.2025 | 11.07:2025 | |
| 50/ 24-25 | 2025_PHED _433785_1 | Budra, Pondimal, Khapamal, Chhingaon, Magardha, Barga and Bilnagrimal | Bijadandi | 329.52 | 329520 | 15000 | 09.07.2025 | 11.07.2025 | |
| 51/ 24-25 | 2025_PHED _433787_1 | Gujarsani, Sukhram, Sighnpuri, Salaiya, Kobrikala. Baronchi. Madogarh, Dargadh, Dobhi, Harratikur, Barbaspur, Beejegaon (Gujarsani) and Bamhni | Narayanganj | 475.08 | 475080 | 15000 | 09.07.2025 | 11.07.2025 | |

नोट- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)**

G-151113/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

## भारतीय स्टेट बैंक

शाखाः गृह ऋण केन्द्र फस्ट फ्लोर एस.बी.आई मेन ब्रांच सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.), फोन नं.: 0761-2628641, 2628632

### आधिपत्य (कब्जा) की सूचना (अचल संपत्ति के लिये)

अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुआ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारी / जमानतदार को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता / जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्तियों का अधिपत्य कर लिया है। ऋणग्रहिता / जमानतदार को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्न वर्णित सम्पति के साथ कोई व्यवहार नही करने की चेतावनी दी जाती हैं और संपति के साथ कोई व्यवहार निम्न वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज तथा अन्य प्रभार आदि के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अनुसार होगा।

| ऋण/जमानतदार का नाम व पता | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र की तिथि व राशि | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|
| उधारकर्ताः **श्री जीतेन्द्र नायक पुत्र श्री मुन्नीलाल नायक** पता : फ्लैट ईडब्ल्यूएस 02, चौथी मंजिल ग्रीन एवेन्यू कजरवारा महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड जबलपुर (म.प्र.) 432001 | संपति स्वामीः **श्री जीतेन्द्र नायक पुत्र श्री मुन्नीलाल नायक** संपति का विवरणः फ्लैट क्रमांक एलआईजी 2 चतुर्थ तल सविता ग्रीन एवेन्यू निर्मित क्षेत्रफल 240 वर्गफिट मौजा कजरवारा एस.नं. 505, पी.एच. नं. 27, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड, डायवर्टेड खसरा नं. 173/1/1 का हिस्सा, आरएनएम जबलपुर -1 तहसील और जिला जबलपुर (म.प्र.) ई.पंजीकरण नं.: MP182542019A1620347 दिनांकः 02/09/2019 चतुर्सीमाः उत्तरः स्टार, दक्षिणः एलआईजी 2, पूर्वःसामान्य मार्ग, पश्चिमः ओ.टी.एस. | दिनांकः 17/12/2024 राशिः 5,44,444/- रु. + ब्याज 02/07/2025 से + अन्य खर्च | दिनांकः 02/07/2025 |

उक्त (सरफेसी एक्ट 2002) अधिनियम के अंतर्गत सम्पत्ति विक्रय बावद 30 दिवस के वैधानिक सूचना-ऋणी एवं प्रति भूको सूचित किया जाता है कि इस नोटिस की दिनांक से 30 दिनों के अंदर नोटिस में दर्शायी गई समस्त राशि मय ब्याज के जमा करें अन्यथा संपति नीलामी की जावेगी एवं शेष राशि मय ब्याज के ऋणी एवं प्रति भू से वसूल की जायेगी।

दिनांकः 05/07/2025, स्थानः जबलपुर (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी : **भारतीय स्टेट बैंक,** सिविल लाईन,जबलपुर (म.प्र.)

## कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) बालाघाट

फोन (Ph.) 07632-248405 (का.) 248405 (फै.) Email: actw.bgt@mp.gov.in

### - द्वितीय निविदा विज्ञप्ति -

क्रमांक/ 1075/निर्माण/जजाकावि/2025-26 बालाघाट, दिनांक 23/06/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑन लाईन निविदायें प्रतिशत दर आधार पर मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग (भवन) मध्यप्रदेश द्वारा जारी एवं दिनांक 1 जनवरी 2024 से भवन कार्य हेतु प्रभावशील एस.ओ.आर. (निविदा दिनांक तक समस्त सशोंधनों सहित) निम्नांकित कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा निम्नानुसार आंमत्रित की जाती है।

निविदा की विस्तृत शर्ते, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| S.No | Particular | Date |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभ तिथि | 25/06/2025 |
| 2 | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | 10/07/2025 |
| 3 | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | 10/07/2025 |
| 4 | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि | 14/07/2025 |

| क्र. | NIT No | On line NIT No- | कार्य का विवरण | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानत राशि (लाख में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | TWD/ TENDER No. | शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या उत्कृष्ट छात्रावास बिरसा के भवन का निर्माण कार्य। (सिविल कार्य) | 288.34 | 15,000/- | 2.885 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में संक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार | 18 माह (वर्षाकाल सहित) |

नोट :- 1- ऑनलाईन सभी अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबधित आवश्यक संशोधन बेबसाईट https:// mptenders.gov.in पर ही दर्ज किये जायेंगें। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेंगा। 2- समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें, शीघ्र अतिशीघ्र बिड जमा करें। बेवस्टाइट पर किसी प्रकार की असुविधा के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)

**सहायक आयुक्त,**
**जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट**

G-15172/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

## M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD

Office of The Chief Engineer, 26, Arera Hills, Jail Road, Bhopal

No./Const./P.Cell/1414 Bhopal, Dated : 04.07.2025

### NOTICE INVITING TENDER IInd CALL

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for various construction work : Tender Number : **2025_MPSAM_434851** (PAC Rs. 4.69 Lakh) Check Post at Mandi yard Kurwai Distt. Vidisha, Tender Number : **2025_MPSAM_434852** (PAC Rs. 8.62 Lakh) Check Post at Mandi yard Suwasara Distt. Mandsour, Tender Number : **2025_MPSAM_434853** (PAC Rs. 12.00 Lakh) Gate and Check Post at Mandi yard Bhanpura Distt. Mandsour, Tender Number : **2025_MPSAM_434854** (PAC Rs. 5.92 Lakh) Gate with Check Post at Mandi yard Thandla Distt. Jhabua, Tender Number : **2025_MPSAM_434855** (PAC Rs. 5.97 Lakh) Gate with Check Post at Mandi yard Patlawad Distt. Jhabua, Tender Number : **2025_MPSAM_434856** (PAC Rs. 8.41 Lakh) Check Post at Mandi yard Kasrawad Distt. Khargone, Tender Number : **2025_MPSAM_434857** (PAC Rs. 8.70 Lakh) Gate and Check Post at Mandi yard Katangi Distt. Balaghat Tender Number : **2025_MPSAM_434858** (PAC Rs. 169.47 Lakh) Krashak Sangoshthi Bhawan at Mandi Yard Jaisinagar Dist. Sagar, **2025_MPSAM_434993** (PAC Rs. 132.22 Lakh) External Electrification work and Installation of High mast at Peas and Vegetable yard of mandi Samiti Jabalpur Distt. Jabalpur. The following works Tender to be received online up to **5:30 PM on 19.07.2025.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **https://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/120972/2025 **EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**

# देश-प्रदेश



उवाच

## मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में भी सहयोग कर रही सरकार

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूल से आगे उच्च शिक्षा में भी सरकार पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है। मेधावी छात्र-छात्राओं की मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की पूरी फीस सरकार की ओर से भरी जा रही है। अगर कोई विद्यार्थी नीट प्रवेश परीक्षा पास कर लेता है, तो उसकी चिकित्सा शिक्षा निश्शुल्क हो जाती है। पूरे कोर्स की करीब 80 लाख रुपये फीस राज्य सरकार भर रही है।



सिंगरौली जिले के सरई में हुआ महिला सशक्तिकरण एवं जनजातीय गौरव सम्मेलन

# दीपावली के बाद बहनों को हर महीने देंगे 15 सौ रुपए : डॉ. यादव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंगरौली प्रदेश का सीमावर्ती, खनिज सम्पन्न और सर्वप्रिय जिला है। सिंगरौली को शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने वाली है। अगले साल से यहां पढ़-लिखकर डॉक्टर निकलेंगे। आज प्रदेशभर के 94 हजार 234 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि ट्रांसफर की गई है। इसमें 60 प्रतिशत छात्राएं और 40 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। राज्य सरकार जनजातीय अंचल में सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। बीते 2 साल में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 15 हजार से अधिक स्कूटी बांटी गई हैं। हमारी सरकार सबके चतुर्दिक विकास के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सिंगरौली जिले के सरई गांव में महिला सशक्तिकरण तथा जनजातीय गौरव सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 503 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले 54 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।

**सिंगरौली को जल्द मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सौगात**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। कुछ दिनों बाद 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है, इस दिन प्रदेश के सभी स्कूल-कॉलेज, हॉस्टल सहित बच्चों की सुविधा से जुड़े निर्माण कार्यों का एक साथ लोकार्पण होगा। शासकीय स्कूलों के बच्चों को साइकिल, ड्रेस और किताबों का वितरण भी किया जाएगा। भागवत गीता से मध्यप्रदेश का संबंध है। वृंदावन ग्राम बनाकर भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता को जीवंत करना है। बच्चे पढ़ाई करके कहीं भी जाएं, पर अपने गरीब मित्र को न भूलें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय गौरव सम्मेलन में शासकीय योजनाओं से लाभान्वित जनजातीय वर्ग के चार व्यक्तियों महाबली सिंह, शंकर सिंह पनिका, वंश बहादुर सिंह और दयाल सिंह का मंच से सम्मान किया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री तथा सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, क्षेत्रीय सांसद राजेश मिश्रा, विधायक राजेन्द्र मेश्राम, विधायक कुंवर सिंह टेकाम, विधायक विश्वमित्र पाठक सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

स्वागत समारोह में बोले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

# मैं आपके बीच का ही कार्यकर्ता हूं



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि भाजपा परिवार नहीं, कार्यकर्ताओं की ताकत से चलती है। मैं आपके बीच का ही कार्यकर्ता हूं और इसी भावना से अपने काम का निर्वाह करूंगा। अगर कार्यकर्ता तय कर ले, तो कोई चुनाव जीतना मुश्किल नहीं है। श्री खंडेलवाल आज रविन्द्र भवन सभागार में जिला भोपाल द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि भोपाल राजनीतिक दृष्टि से एक कठिन जिला रहा है। यहां से कोई भी नेता 100-150 लोगों को लेकर बैतूल जाकर चुनाव जीतकर आ जाता था, क्योंकि भोपाल में जीतना मुश्किल था। आप लोगों ने भोपाल में पार्टी को मजबूत किया, उसके बाद ही पूरे प्रदेश में कमल खिल सका, क्योंकि भोपाल का असर पूरे प्रदेश पर होता है। भोपाल से मेरा नाता कोई आज का नहीं है, मैं जब लोकसभा चुनाव लड़ा, तो भोपाल से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता बैतूल गए थे। 2014 से 2018 तक मैंने कोषाध्यक्ष के रूप में काम किया। नगर निगम चुनाव में भी मेरी भूमिका रही। लेकिन मैंने अपने मन से नहीं कार्यकर्ताओं, नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने जैसा कहा मैंने वही किया। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने कहा कि जनसंघ के समय से लेकर आज तक वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से आज भारतीय जनता पार्टी एक विशाल वट वृक्ष जैसी बन गई है। 1952 में जनसंघ की यात्रा 3 प्रतिशत वोट से प्रारंभ हुई थी। 1957 में 9 प्रतिशत वोट मिले एवं 1962 में 16 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। आज भारतीय जनता पार्टी को मध्यप्रदेश में 59 प्रतिशत वोट एवं देश में 36.56 प्रतिशत वोट मिले हैं। कार्यकर्ताओं की लगन, मेहनत व निष्ठा से ही भाजपा आज 14 करोड़ सदस्यों वाली दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। कार्यक्रम को प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर ने किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, जिला महामंत्री जगदीश यादव मंचासीन रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने प्रदेश कार्यालय परिवार के सदस्यों से किया परिचय प्राप्त, अध्यक्ष ने कहा

## कार्यालय कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को पार्टी देगी शैक्षणिक सहायता, बैंक ऋण की गारंटी मैं खुद दूंगा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आज प्रदेश कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें संबोधित किया। श्री खंडेलवाल ने कहा कि आप सभी पार्टी की एक अहम कड़ी हैं। आप केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि इस विचार परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक किसी संस्था से जुड़ता है, तो वह उस संस्था की संस्कृति, विचार और कार्यपद्धति का सहभागी बन जाता है। सभी कर्मचारियों के लिए मेडिकल क्लेम और बीमा की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारियों के बच्चों को स्कॉलरशिप मिलती है, तो पार्टी उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव आर्थिक मदद प्रदान करेगी। साथ ही उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि यदि किसी को बैंक लोन की आवश्यकता होगी तो मैं खुद गारंटी देने को तैयार हूं, ताकि आपके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बन सके।

उन्होंने कहा कि कार्यालय में कार्यरत प्रत्येक सदस्य का परिवार सुरक्षित एवं संरक्षित भाव से रहे हम इसका सदैव ध्यान रखेंगे।

**सभी कर्मचारियों का होगा बीमा, सुरक्षित रहेगा भविष्य**

श्री खंडेलवान ने यह भी कहा कि शीघ्र ही पार्टी कार्यालय परिसर में कम शुल्क पर भोजन व्यवस्था प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने सभी से अनुशासन, समयबद्धता और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आग्रह किया। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी परिचय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने प्रत्येक सदस्य से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया है, ताकि पारिवारिक भाव और आपसी विश्वास को और सशक्त किया जा सके। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने सभी कर्मचारियों का परिचय प्रदेश अध्यक्ष से कराया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार एवं प्रदीप त्रिपाठी सहित पार्टी कार्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव पर अभद्र टिप्पणी, भाजपा नेता के खिलाफ़ मामला दर्ज

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने न केवल विधान परिषद अध्यक्ष बसवराज होरात्ती से भाजपा के परिषद सदस्य एन रवि कुमार के खिलाफ़ शिकायत की, बल्कि विधान सौध पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराई। दूसरी ओर कर्नाटक आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने भी श्री कुमार द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी की निंदा की। गौरतलब है कि रवि कुमार ने विधान सौधा में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा था कि 'मुख्य सचिव रात में राज्य सरकार के लिए काम करती हैं और दिन में मुख्यमंत्री के लिए।'

विधान परिषद में कांग्रेस के मुख्य सचेतक सलीम अहमद ने अध्यक्ष को दी गई अपनी शिकायत में कहा, 'कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा की एक वरिष्ठ महिला अधिकारी शालिनी रजनीश के बारे में अपमानजनक, अभद्र और मानहानिकारक बयान देने के लिए सख्त आपत्ति जताते हुए विधान परिषद के सदस्य रवि कुमार के खिलाफ हम शिकायत दर्ज कराते हैं।


**नाम परिवर्तन**

मैं प्रियल टी संघवी (PRIYAL T SANGHVI) उम्र 25 पिता श्री तुषार संघवी निवासी- 661/ए, हरि सिंह कॉलोनी मढ़ाताल जबलपुर एम. पी. में निवास करती हूं यह है कि आज दिनांक को शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि मैं उपरोक्त पते में निवास करती हूं मुझ शपतकर्ती के आधार कार्ड एवं पैन कार्ड एवं 10वीं, 12वीं की मार्कशीट में मेरा नाम प्रियल टी संघवी (PRIYAL T SANGHVI) पिता श्री तुषार संघवी दर्ज है मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम प्रियल तुषार संघवी (PRIYAL TUSHAR SANGHVI) दर्ज है जोकि मेरा पुराना नाम है मेरा नाम प्रियल टी संघवी है जो कि मैने अपने समस्त दस्तावेजों में दर्ज करा लिया हैए मेरे पासपोर्ट संबंधित आवेदन में मेरा सही नाम दर्ज कराया जाए मुझ शपथकर्ती को प्रियल टी संघवी (PRIYAL T SANGHVI) के नाम से जाना जाए इस वास्ते यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

पुराना नाम-प्रियल तुषार संघवी (PRIYAL TUSHAR SANGHVI)
कृति
नया नाम-प्रियल टी संघवी (PRIYAL T SANGHVI)

**नाम परिवर्तन**

मैं तुषार संघवी (TUSHAR SANGHVI) उम्र 54 पिता श्री नानालाल भाई संघवी निवासी 661/ए, हरि सिंह कॉलोनी मढ़ाताल जबलपुर एम. पी. में निवास करता हूं यह है कि आज दिनांक को शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते में निवास करता हूं। मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड एवं पैन कार्ड एवं 10वीं, 12वीं की मार्कशीट में मेरा नाम तुषार संघवी (TUSHAR SANGHVI) पिता श्री नानालाल भाई संघवी दर्ज है मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम तुषार नानालाल भाई संघवी (TUSHAR NANALAL BHAI SANGHVI) दर्ज है जो कि मेरा पुराना नाम है मेरा नाम तुषार संघवी है जो कि मैने अपने समस्त दस्तावेजों में दर्ज करा लिया है, मेरे पासपोर्ट संबंधित आवेदन में मेरा सही नाम दर्ज कराया जाए, मुझ शपथकर्ता को तुषार संघवी (TUSHAR SANGHVI) के नाम से जाना जाए इस वास्ते यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

पुराना नाम-तुषार नानालाल भाई संघवी (TUSHAR NANALAL BHAI SANGHVI)
नया नाम-तुषार संघवी (TUSHAR SANGHVI) कृति

**न्यायालय - श्याम सुंदर झा, जिला न्यायाधीश (प्रथम), सिहोरा जिला-जबलपुर**

प्रो.नं.44/25 सिहोरा, दिनांक - 02/07/25
प्रति,
आम जनता को सूचनार्थ
कौनी खुर्द तहसील मझौली जिला जबलपुर म.प्र.

आम जनता को देशबन्धु दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि एम.जे.सी.जी.डब्ल्यू-07/25 शंकर सिंह खंगार वगैरा विरूद्ध आम जनता, आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 09 गार्जियन्स एण्ड वाईस एक्ट 1890 आवेदक शंकर सिंह खंगार पिता स्व. उत्तम सिंह खंगार साकिन-कौनी खुर्द, पोस्ट अनघोरा थाना व तहसील मझौली जिला जबलपुर द्वारा पेश किया गया है। उक्त आवेदन पत्र के माध्यम से आवेदक ने नाबालिकों आवेदक क्रमांक - 2 (अ) दुर्गेशनी खंगार एवं 2 (ब) पिंकी खंगार दोनों के पिता स्व. रवि ठाकुर एवं मा स्व. प्रीति बाई के बच्चे हैं। आवेदक शंकर सिंह खंगार उक्त दोनों नाबालिगों का सगा मामा है एवं स्व. प्रीति बाई का सगा भाई है। आवेदक शंकर सिंह खंगार ने उक्त दोनों नाबालिगों का संरक्षक बनाये जाने हेतु आवेदन पेश किया है जिसमें अनावेदक आम जनता को पक्षकार बनाया गया है एवं आगामी पेशी दिनांक पर उक्त प्रकरण अनावेदक आम जनता की उपस्थिति हेतु नियत है। अतः प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण इस न्यायालय में पेशी दिनांक 12/08/2025 को आम जनता (उक्त प्रकरण में जो व्यक्ति हित रखता हो) की उपस्थिति हेतु नियत है इसलिए नियत पेशी दिनांक 12/08/25 को आम जनता स्वयं अथवा मार्फत अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराये यदि उक्त नियत पेशी दिनांक को आम जनता की ओर से पक्षकार या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते है या कोई जवाब आपत्ति पेश नहीं करते तो उनको विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत पेशी दिनांक 12/08/25 को इस न्यायालय में उपसंझात नहीं होंगे तो उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज तारीख 02/07/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(श्याम सुंदर झा)
जिला न्यायाधीश (प्रथम)
सिहोरा जिला-जबलपुर म.प्र.

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0044/ब-121/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि आवेदक श्री अनिल कुमार यादव, सुनील कुमार यादव पति गुलाब चन्द यादव निवासी- म.नं. 155, यादव मोहल्ला, रामपुर, जबलपुर द्वारा ग्राम ललपुर प.ह.नं. 8 तह. गोरखपुर, जिला जबलपुर के अंतर्गत स्थित भूमि ख.नं. 65/2/3 रकवा 1.7540 हे. भूमि में राजस्व अभिलेख में नाबालिग से बालिग दर्ज किये जाने बावत एवं पिता के फौत होने उपरांत फौती में सुनील कुमार के स्थान पर त्रुटिपूर्ण सुशील कुमार दर्ज हो जाने के कारण दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अनुसार नाबालिग से बालिग दर्ज कराने एवं अभिलेख में सही नाम सुशील कुमार के स्थान पर सुनील कुमार दर्ज कराने बावत इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 17.07.25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 3/07/25 को जारी।

जारी दिनांक- 3/07/2025
पेशी दिनांक- 17/07/2025

र.नं. 1060 — नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

फौती

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/460/अ-6/2025-2026

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती नमिता चर्टजी/ स्व. रविन्द्र नाथ चर्टजी निवासी- 1410 बंगाली कालोनी चन्द्रशेखर वार्ड ने निर्मित रकवा 4800 वर्गफुट विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक 17.02.1951 मृत्यु दिनांक 18.07.1972, 21.07.1976, 02.10.1963, 11.03.2005 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र 22.06.2021 खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार निर्मित रकवा 4800 व.फु. ग्राम रांझी प.ह.नं. 22/25 नया 02 व.फु. खसरा नं. 91, 92, 93, 94/20 रकवा 4800 व.फु. हे. श्रीमती नमिता चटर्जी/ श्री रविन्द्र नाथ चटर्जी के नाम दर्ज हैं। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 17/07/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 01/07/2025
पेशी दिनांक 17/07/2025

र.नं. 1062 — तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0432/अ-1/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि आवेदक प्रविन्द्र कुमार नागरे/ हीरालाल नागरे तह. गोरखपुर निवासी 435 , कुंगवा ओजस होम धनवंतरी नगर के पास, जबलपुर 3936 द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 23/02/2016 के माध्यम से मौजा कुंगवा नं.ब. 499 प.ह.न. 10 ख.नं. 83/1 रकवा 0.7300 वर्गफुट विक्रेता अजय कुमार रजक/ गुरु प्रसाद रजक निवासी- 460, बी कमला नेहरू नगर सेन्ट्रल हॉस्पिटल के पीछे गढ़ा रोड जबलपुर गोरखपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में से अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण/ बटवारा स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक... तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक..... को जारी।

जारी दिनांक- 3/07/2025
पेशी दिनांक- 18/07/2025

र.नं. 1061 — अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जि. जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0621/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 03/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमंत कुमार चौहान पिता स्व. रोहिताश्व प्रसाद निवासी 1227 तमरहाई स्कूल के पास के द्वारा मौजा मिलौनीगंज, नजूल ब्लाक नं. 14 प्लाट नंबर 50/2 में से रकवा 700 वर्गफुट भूमि पर (1) रोहिताश्व प्रसाद पिता बालाराम चौहान (2) इन्दुमति चौहान पति रोहिताश्व की मृत्यु दिनांक 15/10/1986 7/4/25 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10/3/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 03/07/25
पेशी दिनांक : 10/07/25

र.नं. 1059 — तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0083/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक - 2/7/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रोहनी प्रसाद यादव पिता स्व. देवीप्रसाद यादव निवासी वार्ड 7 करौंदी रांझी, जबलपुर के द्वारा मौजा आधारताल नं.ब. 6 प.ह.नं. 01 खसरा नंबर 161/1/2 रकवा 0.0052 हे. भूमि जिसे पंजीकृत विक्रय पत्र फौती के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती/ के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 9/7/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 02/07/25
पेशी दिनांक : 09/07/25

र.नं. 1055 — नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर


# मुख्यमंत्री आज ग्वालियर में समरसता सम्मेलन में होंगे शामिल



## सामाजिक समरसता से सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज के सर्वांगीण विकास और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की सामाजिक समरसता की भावना के अनुसार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश के सामाजिक परिदृश्य में तेजी से सकारात्मक बदलाव आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि विकास की मुख्यधारा में हर वर्ग को साथ लेकर चलने से ही सामाजिक एकता मजबूत होती है। सामाजिक समरसता ही वह भावना है जो कठिन परिस्थितियों में भी परस्पर सहयोग और मदद के लिए प्रेरित करती है। सशक्त समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में शनिवार को 'समरसता कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर के जौरासी गांव में बनने वाले अंबेडकर धाम का भूमि-पूजन करेंगे। यह स्थल सामाजिक समरसता, न्याय और समानता के प्रतीक डॉ. अंबेडकर के विचारों का जीवंत केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित करेंगे, सामाजिक समरसता की शपथ दिलाएंगे और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक एकता पर विषय विशेषज्ञ अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर सहभोज का आयोजन भी किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आज होगा युवा संवाद, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर सहकारी युवा संवाद 5 जुलाई को सुबह 10 बजे समन्वय भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव युवाओं से सहकारी युवा संवाद करेंगे। कार्यक्रम को सहकारिता मंत्री श्री सारंग भी संबोधित करेंगे और अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णबाल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया जायेगा। अतिथियों एवं युवाओं के मध्य समावेशी एवं संवहनीय विकास में सहकारिता की भूमिका विषयक संवाद होगा। इस दौरान राज्य सहकारी संघ द्वारा क्रियान्वित भारत सरकार हस्तशिल्प विभाग के सीएचसीडीएस स्कीम के हस्तशिल्प प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण भी होगा। राज्य सहकारी संघ एवं अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा इस संयुक्त आयोजन में विषय विशेषज्ञों द्वारा सहकारिता की अवधारणा एवं विकास, सहकारिताओं के प्रकार, सहकारिता की वैधानिक पृष्ठभूमि, सहकारी सेक्टर में स्वरोजगार की संभावनाएं और सहकार से समृद्धि योजना का विवरण एवं प्रगति के बारे में जानकारी दी जायेगी।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं. क्र. 11/25-26 दि. 4.7.25

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुनाल अम्बेडकर पिता नन्द किशोर अम्बेडकर ने वार्ड क्रं. 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के प्लाट नं. 162 नमामि वैली कजरवारा के सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1003880209 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 960 व.फु. निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज नेहा पिनयानी पति सुनील पिनयानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11
र.नं. 1064 — नगर निगम, जबलपुर

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO JC-452908Y, RANK- SUB MAJ, NAME SANJAY KUMAR UNIT-5 GRENADIERS, R/O ADDRESS-61/3, DUULLA NAGAR, SECTOR-09, GURGAON, POST-GURGAON, TEH- GURGAON, DISTT-GURGAON, STATE-HARYANA, PIN- 122001 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम MITHLESH दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम MITHLESH KUMARI है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पत्नी के इस नाम MITHLESH KUMARI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-MITHLESH
सही नाम-MITHLESH KUMARI
कृति

फौती

**न्यायालय अति. तहसीलदार तहसील अधारताल जि. जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0569/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक - 03/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री विपिन बिहारी प्रधान पिता स्व. श्री पूरनलाल प्रधान, श्रीमती सरिता प्रधान पति स्व. श्री राम कुमार प्रधान, श्री राजू प्रधान पिता स्व. श्री राम कुमार प्रधान, संध्या प्रधान पिता स्व. श्री राम कुमार प्रधान, सभी निवासी ग्राम पिपरिया, बनिया खेड़ा, गुरदा, जबलपुर के द्वारा मौजा इमलिया, प.ह.नं. इमलिया तह. अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 265 का रकवा 0.1600 हे. भूमि पर खातेदार पूरनलाल पिता बुद्धूलाल, पता सा. देह का नाम दर्ज है। खातेदार/ भूमिस्वामी श्री पूरनलाल पिता बुद्धूलाल का निधन दिनांक 25/03/2007 को हो गया है। श्री पूरनलाल पिता बुद्धूलाल के फौत हो जाने उपरांत उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक..... तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 03/07/25
पेशी दिनांक : 17/07/25

र.नं. 1057 — अति. तहसीलदार, अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26 दिनांक 20/06/25

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय चौकसे, सलिल चौकसे पिता स्व. सुनील चौकसे निवासी 1048 गौतमगंज, गढ़ा, जबलपुर के द्वारा मौजा कछपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 795/3, 796/3 व में से रकवा 0015 हे. वर्गफुट भूमि पर सुनील कुमार वल्द छिदामीलाल चौकसे की मृत्यु दिनांक 4/05/2025 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किए जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 7/7/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 20/6/25
पेशी दिनांक : 7/07/25

र.नं.1063 — तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं. क्र. 11/25-26 दि. 4.7.25

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मौसमी बिरहा पति मानकलाल बिरहा पिता मुन्ना लाल बिरहा ने वार्ड क्रं. 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के प्लाट नं. 288 का भाग राजुल सिटी के सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000387271 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 775 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 700 आरसीसी वर्गफुट निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज इंद्रजीत कुमार पिता महेश प्रसाद जायसवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11
र.नं. 1064 — नगर निगम, जबलपुर


## मालगाड़ी की बोगी में लगी अचानक आग

**दमोह, देशबन्धु।** कटनी से दमोह होकर बीना जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी में आज अचानक आग लग गई। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड तत्काल मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कोयले से भरी मालगाड़ी की बोगी में आग लगने की खबर से अफरा-तफरी मच गई।

# अभिमत

**नर्मदांचल में हवेली पद्धति में पानी की खेती का अच्छा उदाहरण है, जिसमें मिट्टी-पानी का संरक्षण होता था। खेतों में चारों ओर ऊंची मेड़ बनाकर बारिश का पानी रोका जाता था। जमीन सूखने पर पानी निकाल दिया जाता था और फसल लगा दी जाती थी। इसके बाद सिंचाई की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। यानी बारिश में पानी रोकते थे, और गर्मी की फसल लगाते थे।**

## मिट्टी-पानी बचाने की अच्छी परंपराएं

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

मध्यप्रदेश का सतपुड़ा अंचल बारिश आते ही हरा-भरा हो गया है। पहाड़ों व जंगलों की खूबसूरती देखते ही बनती है। जो जंगल गर्मी के दिनों में सूखे व उजाड़ व उदास दिखते हैं, वे मानसून की बारिश आते ही हरे-भरे और सजीव हो उठे हैं। आज के इस कॉलम में प्रकृति के इस अनूठे उपहार पर ही चर्चा करना चाहूंगा, जिससे प्रकृति को हम समझें और उसे संरक्षित करें।

मैं रोज साइकिल की सैर करता हूं। इन दिनों किसान धान की रोपाई करने में लगे हैं। खेतों में रंग-बिरंगी पोशाकों में महिलाएं धान रोपाई का काम कर रही हैं। कुछ किसान ट्रेक्टर से खेतों की जुताई कर रहे हैं। कुछ खेतों की बागुड़ कर रहे हैं, जिससे उनकी फसल सुरक्षा हो सके।

तीन-चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है। कभी रिमझिम, तो कभी तेज बारिश बहुत लुभा रही है। गर्मी से राहत तो मिली ही है, खेती में भी रौनक आ गई है। खेती का काम शुरू हो गया है। पूरा वातावरण खुशनुमा हो गया है।

मुझे याद आ रहा है मेरा बचपन। उन दिनों बारिश के पहले कच्चे घरों की मरम्मत का काम होता था। पशुओं के लिए भूसा, सूखी घास एकत्र कर रख ली जाती थी। क्योंकि बारिश चार महीने बहुत होती थी। बुजुर्ग लोग जूट या बावेर घास से रस्सी बनाते थे। जिसे खाट बुनने, बैलगाड़ी के लिए और हल जुताई जैसे कामों में इस्तेमाल करते थे।

बारिश के पहले ही महिलाएं रसोई के लिए मसाले तैयार कर लेती थीं। बारिश में पुराने कपड़ों से थैले, रजाई, पैरदान जैसी चीजें बनाए जाते थे। यह ऐसा समय होता था, जब ज्यादा काम नहीं होता था। क्योंकि बारिश के कारण घर से निकलना मुश्किल होता था। घर में रहकर ही छोटे-मोटे काम करना होता था।

बारिश के दिनों में महुआ व दाल को खाना ज्यादा पसंद किया जाता था। महुआ भूंजकर व तिल के साथ भुरका बनाकर भी खाया जाता था। महुआ के लड्डू भी बनाए जाते थे। इस तरह महुआ लोगों का प्रिय भोजन हुआ करता था। यह शायद इसलिए भी कि उन दिनों अनाज कम होता था।

नदी नालों में बाढ़ आ जाती थी। तालाब, कुएं लबालब भर जाते थे। चारों तरफ पानी-पानी हो जाता था। मेरी मां छत के नीचे बर्तन रखती थी, जिससे उसमें पानी एकत्र होता था। उस पानी का इस्तेमाल पशुओं को पानी पिलाने व बर्तन मांजने जैसे कामों में होता था।

इन दिनों बारिश से जमीन, चट्टानें और पेड़ों की नंगी डालियों में नई जान आ गई है। चारों तरफ हरियाली फूट पड़ी है। पेड़ों में नए पत्ते आ गए हैं और हरे-भरे हो गए हैं। जब हवा चलती है तो उनकी शाखाएं हवा में डोलने लगती हैं। चिड़ियां फुदकने लगती हैं। बयां जैसी चिड़ियों ने घोंसले बना लिए हैं, उनके आसपास मंडराती रहती हैं। उन्हें भी गर्मी से राहत मिली है।

जो नदी नाले गर्मी में सूख जाते हैं, या कहें अदृश्य हो जाते हैं, बारिश में कल-कल बहने लगे हैं। पहाड़ियों से निकलकर झरने निनाद करते बहने लगते हैं। इनको देखकर ऐसा लगता है जैसे गुमा हुआ व्यक्ति अचानक से मिल जाता है।

मौसम में नई बहार आ जाती है। जगह-जगह से छोटे-बड़े पौधे निकल आते हैं। पेड़ों के बीच से, चट्टानों की दरारों से और जहां आप सोच भी नहीं सकते वहां से पौधे झांकने लगते हैं। मेढकों की टर्र टर्र आवाजें आ रही हैं। खेतों में भटकते सियार व लोमड़ी भी घूमते दिख जाते हैं।

बारिश के दौरान पेड़ों से बूंदें टपकना, पेड़ों की डालियों में लड़ियों सी सज जाती हैं। घने मिश्रित के वनों के ऊपर छतरी से छाए बादल मंडरा रहे हैं, धुएं सा आभास होता है, पानी की फुहार गिरती रहती है, रिमझिम-रिमझिम, धीरे-धीरे। पहाड़ों पर बादल उड़ते दिखते हैं।

इन दिनों सागौन के चौड़े पत्ते लुभा रहे हैं। इसके जुड़वा पत्ते हवा में हिलते हैं। हाथ के स्पर्श से खरखराते हैं। मुझे याद आ रही है जब इनके पत्तों से चरवाहे व किसान छाता बनाते थे, जो बारिश से बचाता था।

सागौन, इमारती लकड़ी है। इसके खुरदरे पत्तों से किसान खेतों में ढबुआ (मंडप) बनाते थे, जिससे वे रखवाली करने के दौरान रहते हैं। जंगल वाले इलाकों में अब भी बनाते हैं। इसके पत्तों से बने ढबुए बहुत ठंडे होते हैं। इन ढबुओं में बैठकर खेतों की रखवाली करते हैं।

नर्मदा जो विन्ध्यांचल और सतपुड़ा के बीच मैकल पर्वत से निकलती है, इसलिये इसे मैकलसुता कहते हैं। इन दिनों तेज बहने लगी है। देनवा, जो तवा की सहायक नदी है, में एक दो बार बाढ़ आ चुकी है। तवा, नर्मदा की सहायक नदी है। उसने अपनी बाहें फैला दी हैं, गर्मी में उसकी पतली धार हो गई थी, अब तेज बहाव के साथ बह रही है।

हाल के कुछ बरसों से किसानों की एक बड़ी समस्या है बारिश न होना या अनियमित होना। भूजल बरसों में एकत्र होता है, यही हमारा सुरक्षित जल भंडार है। फिर बिना बिजली के उसे ऊपर खींचना मुश्किल है। पूर्व से आसन्न बिजली का संकट साल दर साल बढ़ते जा रहा है। यानी ऊर्जा का संकट भी है।

नर्मदांचल में हवेली पद्धति में पानी की खेती का अच्छा उदाहरण है, जिसमें मिट्टी-पानी का संरक्षण होता था। खेतों में चारों ओर ऊंची मेड़ बनाकर बारिश का पानी रोका जाता था। जमीन सूखने पर पानी निकाल दिया जाता था और फसल लगा दी जाती थी। इसके बाद सिंचाई की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। यानी बारिश में पानी रोकते थे, और गर्मी की फसल लगाते थे। अभी भी जहां सिंचाई नहीं है, वहां किसान बारिश में खेत खाली छोड़ देते हैं, जिससे मिट्टी को फिर से उर्वर बनने में मदद मिली है। खेत को आराम मिलता है, और फिर गर्मी की फसल लेते हैं। इस तरह मिट्टी-पानी का संरक्षण भी होता है।

इस तरह हमें मिट्टी-पानी का संरक्षण करना जरूरी है। जैसे भी हो, जहां भी संभव हो, बारिश के पानी को वहीं लोगों के खेत तक पहुंचाना चाहिए। जहां पानी गिरता है, उसे सरपट न बह जाने दें। स्पीड ब्रेकर जैसी पार बांधकर, उसकी चाल को कम करके धीमी गति से जाने दें। इसके कुछ तरीके हो सकते हैं। खेत का पानी खेत में रहे, इसके लिए मेड़बंदी की जा सकती है। गांव का पानी गांव में रहे, इसके लिए तालाब और छोटे बंधान बनाए जा सकते हैं। चैक डेम बनाए जा सकते हैं। पेड़, तरह-तरह की झाड़ियां व घास की हरियाली बढ़ाकर जल संरक्षण किया जा सकता है।

शहरों में जल संचयन के माध्यम से पानी को एकत्र कर भूजल को ऊपर लाया जा सकता है। इसके माध्यम से कुओं व नलकूप को पुनजीर्वित किया जा सकता है।

इसके साथ सबसे जरूरी है खेती में हमें फसलचक्र बदलना होगा। कम पानी या बिना सिंचाई के परंपरागत देशी बीजों की खेती करनी होगी। और ऐसी कई देशी बीजों को लोग भूले नहीं है, वे कुछ समय पहले तक इन्हीं बीजों से खेती कर रहे थे। देशी बीज और हल-बैल की गोबर खाद वाली की खेती की ओर मुड़कर मिट्टी-पानी का संरक्षण करना होगा। इस इलाके में मुख्य रूप से आदिवासी सूखी खेती भी करते हैं। यानी बारिश के पानी पर आधारित। मक्का, ज्वार, कोदो, कुटकी और कई तरह की सब्जियां। धान भी लगाते हैं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि मानसून में सतपुड़ा का नजारा बहुत खूबसूरत होता है। हमें समन्वित प्रयास से ही हम पानी जैसे बहुमूल्य संसाधन का संरक्षण व संवर्धन कर सकते हैं। इसके साथ ही, नदियों को बचाने की जरूरत है। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

**सबसे जरूरी है खेती में हमें फसलचक्र बदलना होगा। कम पानी या बिना सिंचाई के परंपरागत देशी बीजों की खेती करनी होगी। और ऐसी कई देशी बीजों को लोग भूले नहीं है, वे कुछ समय पहले तक इन्हीं बीजों से खेती कर रहे थे। देशी बीज और हल-बैल की गोबर खाद वाली की खेती की ओर मुड़कर मिट्टी-पानी का संरक्षण करना होगा। इस इलाके में मुख्य रूप से आदिवासी सूखी खेती भी करते हैं।**

### बीता सप्ताह

**28 जून**

- कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।
- पुरी में रथयात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ रथ खिंचने के दौरान 581 श्रद्धालु घायल।
- छग में भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी को लेकर निलंबित पटवारी सुरेश मिश्रा ने आत्महत्या कर ली।
- जम्मू कश्मीर में मादक पदार्थों की लत में पड़े 13.5 लाख से अधिक लोग।

**29 जून**

- अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से पीएम मोदी ने की बात। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष से भारत भव्य दिखता है।
- कोटा लाग फेम की मशहूर अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का निधन हो गया।
- आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया।
- भारत ने बांग्लादेश से जूट आयात पर रोक लगा दी।

**30 जून**

- पुरी में जगन्नाथ यात्रा के बाद भगदड़ से 3 लोगों की मौत हो गई। करीब 50 लोग घायल हुए।
- जापान ने एच-2-ए रॉकेट का अंतिम बार किया प्रक्षेपण।
- स्मृति मंधाना सभी प्रारूपों में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी।
- केशव महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बने।

**1 जुलाई**

- चुनाव आयोग से स्पष्ट किया कि 5 करोड़ वोटरों को नहीं देना होगा दस्तावेज।
- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बताया कि मई में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घट कर 1.2 फीसदी हो गई।
- एक जुलाई से यूपीआई से लेकर टिकट बुकिंग, पैनकार्ड में बदलाव हुए।
- तेलंगाना की केमीकल फैक्ट्री में विस्फोट से 35 लोगों की मौत हो गई।

**2 जुलाई**

- थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा को संवैधानिक अदालत ने निलंबित कर दिया।
- भ्रष्टाचार के आरोप में इक्वाडोर के पूर्व उप राष्ट्रपति जार्ज ग्लास को 13 साल की कैद हुई।
- दिव्यांशी भौमिक ने ताशकंद में अंडर-15 एशियाई युवा चैंपियन का खिताब जीता।
- केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने 1 लाख करोड़ की रोजगार प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी।

**3 जुलाई**

- छग के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त का निधन हो गया।
- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां की अदालत ने एक मामले में 6 माह जेल की सजा सुनाई।
- आईसीएमआर और एनसीडीसी ने अपने शोध में बताया कि अचानक मौतों की वजह कोराना वैक्सिन नहीं है।
- अंटार्कटिक महाद्वीप में बर्फ के पिघलने की गति तेज होने से वैश्विक चिंता का विषय बना।

**4 जुलाई**

- शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में दोहरा शतक बनाया। इस तरह सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड के बाद दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बने।
- पीएम मोदी ने छाना की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार है।

## विश्वशांति के लिए सर्वधर्म समन्वय अनिवार्य

■ डा. सामबे

धर्मों के रेडक्लाइजेशन को रोकना सबसे बड़ी चुनौती है. आज की यह सबसे बड़ी समस्या है. समाधान क्या है? क्या सर्वधर्म समन्वय संभव है?

वैदिक या हिन्दू धर्म में वैष्णव, शैव और शाक्त के बीच विवाद,वैमनस्य और लड़ाई रही है, यह सब जानते हैं. ईसाई में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट का संघर्ष, इस्लाम में शिया और सुन्नी की लड़ाई, बौद्ध धर्म में हीनयान और महायान का तनाव और जैन धर्म में दिगंबर और श्वेताम्बर के मतभेद जगजाहिर हैं।

इजराइल में यहूदी और इस्लाम के बीच संघर्ष वर्षों से संसार देख रहा है. ईसाई और इस्लाम के बीच भी झगड़े होते रहते हैं. तीन धर्मों : यहूदी, ईसाई और इस्लाम का उदय एक ही स्थल इजराइल से अलग-अलग समय में हुआ है।

ऐसे ही एक स्थान बिहार से जैन, बौद्ध, सिख (संपूर्ण स्वरूप), हिन्दू (बाल्मीकि रामायण) धर्मों का उदय हुआ है. हिन्दू और बौद्ध धर्म के भी बीच विवाद रहे हैं और हिन्दू एवं जैन धर्म के भी बीच तनाव रहे हैं। हिन्दू-मुस्लिम तनाव उग्र रूप ले लेता है।

इसके बावजूद हम धर्म समन्वय की बात करते हैं। धर्म समन्वय की जरूरत इसलिए है कि विभिन्न धर्मों के बीच विवाद,वैमनस्य और झगड़े हैं। अगर धर्मों के बीच विवाद न होता, तो धर्म समन्वय की जरूरत ही न होती! इस बीमारी का यही एक इलाज है। बीमारी लाइलाज लगता है, मगर यकीनन इलाज तो यही लगता है। अगर देश, दुनिया और समाज में शांति और सुख से रहने की तमन्ना है। गौरतलब है कि अमन और चैन के बिना किसी भी प्रकार की प्रगति और विकास संभव नहीं है।

मालूम हो कि हमारे रामकृष्ण परमहंसजी महाराज, स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी, डा. भगवानदास, डा. राधाकृष्णन और महर्षि मेंहीं आदि महापुरुषों ने सर्वधर्म समन्वय की गंभीरता से चिंतन मनन किया है। हमारे संतों से प्रभावित होकर पाश्चात्य विद्वानों में यथा मैक्समूलर, फरे, हाकिंग अंडरहील आदि ने भी इसी विचारधारा को आगे बढ़ाया है।

विभिन्न धर्मों में एकता के भाव और विचारों को स्थापित करना ही सर्वधर्म समन्वय है।

आज धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन को स्कूल और कालेज में अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत है। सभी धर्मों में धर्म के सार और समान तत्व होते हैं, जिसे पंथाई भाव के चलते दबा दिया जाता है।

एक तर्कसंगत ढंग से विभिन्न धर्मों में एकता स्थापित की जा सकती है। इसके लिए धर्मों के ज्ञान तत्व पर ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। इसके लिए धर्म समन्वय में तर्कसंगता ढूंढना जरूरी होता है।

डा. राधाकृष्णन, ग्रंथ- ईस्ट एंड वेस्ट इन रिलीजन

'एक सामान्य विषय की ओर सभी धर्म सहयोगी की तरह बढ़ रहे हैं'। एक सत्य, एक परमतत्व, एक परमात्मा को अलग-अलग ढंग से अलग-अलग भाषा में अभिव्यक्त किया जाता है। इस परमतत्व और परमसत्य का ज्ञान नहीं होने के कारण विभिन्न धर्मों के बीच विवाद और वैमनस्य है. उपासना की पद्धति अलग है, मगर ध्यान पूजा की अनुभूतियां एक ही सत्य और तत्व को व्यक्त करती है।

**धर्म समन्वय की जरूरत इसलिए है कि विभिन्न धर्मों के बीच विवाद,वैमनस्य और झगड़े हैं। अगर धर्मों के बीच विवाद न होता, तो धर्म समन्वय की जरूरत ही न होती! इस बीमारी का यही एक इलाज है। बीमारी लाइलाज लगता है, मगर यकीनन इलाज तो यही लगता है। अगर देश, दुनिया और समाज में शांति और सुख से रहने की तमन्ना है। गौरतलब है कि अमन और चैन के बिना किसी भी प्रकार की प्रगति और विकास संभव नहीं है।**

उनका मानना है कि हिन्दू धर्म सर्वोच्च आत्मतत्व पर जोर देता है, जो विश्व के सभी धर्मों में देखा जाता है। हिन्दू धर्म में अन्य धर्मों के प्रति सहनशीलता का भाव है। इसलिए भारत में सभी धर्मों के मानने वाले नजर आते हैं। हिन्दू धर्म में व्यापकता है।

यहां यह समझने की जरूरत है कि हिन्दू धर्म और हिन्दुत्व अलग है। हिन्दू धर्म आध्यात्मिक विचारधारा है और हिन्दुत्व राजनीतिक विचारधारा।


हिन्दू धर्म के अनुसार, सभी धर्मों के सार एक हैं। मूल्यों के आधार पर देखा जाए, तो सभी धर्म सत्य, अहिंसा, दया, परोपकार और आत्मसंयम को महत्व देते हैं। सभी धर्मों का आधार है - सत्य और यही सभी धर्मों की एकता का आधार भी है। सभी धर्मों की क्रिया कलापों में भी समानता नजर आती है।

ईस्टर्न रिलीजन एंड वेस्टर्न थाट में डा. राधाकृष्णन का कथन है- 'विभिन्न धर्म अब एक साथ हो रहे हैं'। उन्होंने सुझाव दिया है कि सभी धर्मों को धर्म संघर्ष और प्रतिस्पर्धा छोड़कर ग्रहणशीलता के भाव को विकसित करना चाहिए, जिससे सभी धर्मों के मानने वाले के पूर्वाग्रहों और आदि। इसलिए हमारे महर्षि मेंहीं परमहंसजी महाराज कहते हैं-

सब क्षेत्र क्षर अपरा परा पर औरू अक्षर पार में,<br>
निर्गुण सगुण के पार सत असतहु के पार में!<br>
सब नाम रूप के पार में...।

भागलपुर वाले के लिए यह सुखद सूचना है कि यहां के प्रथम विधायक सत्येन्द्र अग्रवाल, डा. भगवानदास के रिश्तेदार थे और दिल्ली में मंडी हाउस के समीप इनके नाम से एक रोड है- डा. भगवानदास रोड. वे दर्शनशास्त्र के बड़े विद्वान थे।

## संविधान की प्रस्तावना के साथ न हो खिलवाड़



जगदीश रत्तनानी

आज के भारत में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भाजपा के समन्वित हमले को एक च्बहसज् के रूप में वर्गीकृत करना गलत होगा। यह एक सोचा-समझा एजेंडा है जो न तो राष्ट्र की भलाई करता है और न ही आरएसएस-भाजपा के हित में है। वास्तव में यह केवल उन व्यापक आशंकाओं की पुष्टि करता है कि आरएसएस-भाजपा संविधान की मूल संरचना के साथ खेलने के नए तरीकों की तलाश कर रहा है जो लंबे समय से प्रचारित इस दृष्टिकोण को और वजन देता है कि आरएसएस ने वास्तव में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया। यह उस 'चार सौ पार' के असफल अभियान की भी याद दिलाता है जिसमें भाजपा ने 2024 के आम चुनावों में तीन-चौथाई बहुमत की मांग की थी। यह संविधान के साथ छेड़छाड़ करने और उसके चरित्र को बदलने वाली संख्या थी। इस अभियान की असफलता ने भाजपा के इरादों पर पानी फेर दिया था। अगर यह लक्ष्य आज भी जारी है तो यह केवल विभाजनकारी एजेंडे की बात करता है जिसे आपातकाल का हवाला देकर भारत के संविधान से 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' को हटाने या मिटाने की कोशिश से छिपाया नहीं जा सकता।

इस अभियान को चलाकर भाजपा बड़े व्यवसायों के शक्तिशाली हितों से जुड़ी पार्टी के रूप में अधिक देखे जाने का खतरा उठा रही है जो कल्याणवाद से दूर हो रही है और उन चुने हुए क्रोनी पूंजीपतियों की मजबूत पकड़ में है जो 2014 में पार्टी के केंद्रीय सत्ता में आने के बाद से मोटे हो गए हैं। नीतियों ने असमानता को बढ़ाया है, बेरोजगारी को बढ़ाया है और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) जैसे उपहारों को बढ़ावा दिया है जिसे सरकार द्वारा 'खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजनाओं में से एक' के रूप में वर्णित किया गया है। पीएमजीकेएवाई 2024-2028 से पांच साल की अवधि में 11.80 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित कुल लागत पर 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुफ्त अनाज प्रदान करता है। यदि यह योजना (और कई अन्य) कल्याणकारी राज्य के आदर्शों में विश्वास नहीं दिलाती है तो इसका क्या अर्थ है? क्या ये खैरात जब अमीर समर्थक नीतियां जोर पकड़ती हैं तब गरीबों को चुप रखने के लिए है? क्या नीति निर्माण के केंद्र में बेईमानी है या वास्तव में भारत की स्थिति इतनी विकट है कि इस योजना से लाभान्वित होने वाला 70 प्रतिशत हिस्सा मुफ्त अनाज के बिना नहीं रह सकता है? प्रधानमंत्री के विचारों से तस्वीर और जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए कई राज्यों में महिलाओं के लिए गतिशीलता और आर्थिक सशक्तिकरण को सक्षम बनाने वाली मुफ्त सार्वजनिक बस सवारी के खिलाफत की नीति। तो आरएसएस-भाजपा समान न्याय और पुनर्वितरण की विचारधारा के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ हैं?

हालांकि यह सच है कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक काला अध्याय बने आपातकाल के दौरान 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़े गए थे लेकिन यह सच नहीं है कि ये मूल्य संविधान की भावना या स्वभाव के खिलाफ जाते हैं। प्रभावी रूप से संशोधन के ये एकमात्र हिस्से हैं जो आज 50 साल बाद भी अधोरेखित हैं। संशोधन के अन्य हिस्सों को निरस्त कर दिया गया है या हटा दिया गया है लेकिन प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द बने रहे क्योंकि वे भारत के संविधान के व्यापक रूप से स्वीकृत लोकाचार को सुदृढ़ और उजागर करने में मदद करते हैं। 7वीं, 8वीं और 9वीं लोकसभा के पूर्व महासचिव और संविधान पर अपनी लोकप्रिय पुस्तकों के लिए जाने जाने वाले संविधान विशेषज्ञ सुभाष सी. कश्यप ने लिखा है-'... (दो शब्दों के) जोड़ने का प्रभाव केवल उस बात की पुष्टि और स्पष्टीकरण देने का था जिसे संविधान की मूल विशेषता के रूप में पहले से मौजूद माना जाता था। कश्यप लिखते हैं कि 1974 में सेंट जेवियर कॉलेज सोसाइटी बनाम गुजरात राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'हालांकि संविधान धर्मनिरपेक्ष राज्य की बात नहीं करता है लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है कि संविधान निर्माता ऐसे राज्य की स्थापना करना चाहते थे'। इसके अलावा जैसा कि संविधान नोट करता है, विशेष रूप से धर्मनिरपेक्षता एक मौलिक अधिकार के रूप में धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी में निहित है। समाजवाद शब्द के लिए भी यही बात है क्योंकि जब सभी नागरिकों को 'सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक' न्याय सुरक्षित करने का संकल्प लिया गया और 'स्थिति और अवसर की समानता' के विचार को स्वयं प्रस्तावना ने अपना उच्च आदर्श बताया था ।

आपातकाल से काफी पहले 1973 के ऐतिहासिक 'केशवानंद भारती' मामले में 13 न्यायाधीशों की पीठ ने बहुमत से फैसला सुनाया था कि 'संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र' इसकी 'मूल संरचना' का हिस्सा है जो 'सर्वोच्च महत्व' का है और 'किसी भी संशोधन के द्वारा नष्ट नहीं किया जा सकता'। अदालत ने निम्नलिखित मुद्दों को 'मूल संरचना' की विशेषताओं के रूप में पहचाना जिन्हें छुआ नहीं जा सकता है: (ए) संविधान की सर्वोच्चता (बी) सरकार का रिपब्लिकन और लोकतांत्रिक रूप (सी) संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र (डी) विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का पृथक्करण (ई) संविधान का संघीय चरित्र। न्यायाधीशों ने कहा, 'उपरोक्त नींव और उपरोक्त बुनियादी विशेषताएं न केवल प्रस्तावना से बल्कि संविधान की पूरी योजना से आसानी से समझी जा सकती हैं। आपातकाल के बाद जुलाई 1980 के 'मिनर्वा मिल्स' मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया कि प्रस्तावना में बदलाव के लिए 'कोई अपवाद नहीं लिया जा सकता है' क्योंकि 'वे संशोधन न केवल संविधान के ढांचे के भीतर हैं बल्कि वे इसके दर्शन को जीवन शक्ति देते हैं; वे इसकी नींव को ताकत और सहायता प्रदान करते हैं'। अदालत ने कहा: 'वे और अधिक का वादा करते हैं; वे एक अनमोल विरासत को नष्ट नहीं करते हैं।

यह वह बहुमूल्य विरासत है जिसे अब नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह का एक प्रयास 2015 में देखा गया था जब केंद्र सरकार ने विज्ञापन जारी किया था जिसमें प्रस्तावना की एक छवि को चित्रित किया गया था लेकिन 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों के बिना। इसके तुरंत बाद भाजपा नेताओं अरुण जेटली, एम. वेंकैया नायडू और अमित शाह ने इस बात से इनकार किया कि प्रस्तावना में संशोधन करने का कोई कदम उठाया गया है।

**यह वह बहुमूल्य विरासत है जिसे अब नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह का एक प्रयास 2015 में देखा गया था जब केंद्र सरकार ने विज्ञापन जारी किया था जिसमें प्रस्तावना की एक छवि को चित्रित किया गया था लेकिन 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों के बिना। इसके तुरंत बाद भाजपा नेताओं अरुण जेटली, एम. वेंकैया नायडू और अमित शाह ने इस बात से इनकार किया कि प्रस्तावना में संशोधन करने का कोई कदम उठाया गया है।**

अब इस मुद्दे को फिर से उठाया जाना इंगित करता है कि भाजपा के बारे में कुछ भी अनौपचारिक नहीं हो सकता है या वैचारिक मान्यताओं के भार एवं निश्चित फेम के साथ सोचा नहीं जा सकता है जो तेजी से बदलती दुनिया में नीतियों में मददगार हो। अगर यह देश को एक नई दिशा में ले जाने के लिए एक अति-नियोजित, रणनीतिक रूप से डिज़ाइन किया गया सटीक हमला है तो यह सत्तारूढ़ गठबंधन की चिंताओं और प्राथमिकताओं के बारे में अच्छी तरह से नहीं बोलता है। यह एक ऐसा समय है जब भारत कई ज्वलंत मुद्दों का सामना कर रहा है, वैश्विक उथल-पुथल के कारण आंतरिक संकट बढ़ रहे हैं। अगर सत्तारूढ़ गठबंधन भविष्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय प्रस्तावना के अच्छी तरह से स्वीकृत और वास्तव में अत्यधिक सम्मानित भागों को संशोधित करने पर अपनी ऊर्जा खर्च करेगा तो यह बहुत अफसोस की बात होगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।(द बिलियन प्रेस के माध्यम से)**




# सामाजिक समरसता कार्यक्रम

सायं 6:00 बजे | दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

# विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

अपराह्न 4:00 बजे | आई एस बी टी, ग्वालियर

**मुख्य अतिथि**

## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**गरिमामयी उपस्थिति**

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केन्द्रीय मंत्री, संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास

**नरेन्द्र सिंह तोमर**
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधानसभा

5 जुलाई, 2025

## समरस समाज की स्थापना के सतत प्रयास

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मभूमि महू, महानिर्वाण स्थल दिल्ली, दीक्षा भूमि नागपुर, चैत्य भूमि मुंबई और शिक्षा स्थल लंदन 'मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' में सम्मिलित

महू को अंतर्राष्ट्रीय स्थल के रूप में विकसित करते हुए **अम्बेडकर इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर एवं स्मारक संग्रहालय का विकास** एवं महू रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर हुआ **अम्बेडकर नगर स्टेशन**

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना - स्व-रोज़गार के लिए डेयरी इकाई लगाने हेतु ₹42 लाख तक ऋण
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना - अनुसूचित जाति के युवाओं को ₹1 लाख तक की स्व-रोज़गार अनुदान सहायता
- डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर उद्योग उदय योजना - एमएसएमई क्षेत्र में अनुसूचित जाति-जनजाति उद्यमियों को वित्तीय सहायता
- अम्बेडकर गौ-शाला विकास योजना - आधुनिक गौ-शालाओं हेतु 125-150 एकड़ शासकीय भूमि आवंटन
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को 10वीं-12वीं में सर्वोच्च अंक लाने पर ₹30 हजार का पुरस्कार
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन हेतु अम्बेडकर फैलोशिप
- भोपाल में मध्यप्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का नाम डॉ. अम्बेडकर के नाम पर रखा गया
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वन्यजीव अभयारण्य - सागर में 258.64 वर्ग कि.मी. में प्रदेश का 25वां अभयारण्य

सीधा प्रसारण | webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhypradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D-11058/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# सेवा और उपासना से मिलता है फल नरसिंहदेवाचार्य महाराज



**जबलपुर,देशबन्धु।** जिसके जीवन में सेवा और त्याग है, वही मनुष्य समाज में स्तुत्य एवं मूल्यवान भी है। वृक्ष हों, नदियाँ हों, पवन हों अथवा कोई जीव ही क्यों न हो जो समाज को कुछ देता है, वही देवता है, यही सनातन संस्कृति की विशाल दृष्टि है। ऐसे ही कोई मनुष्य जब समाज को देता है तो देवता के रूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। प्रभु कृपा करते हैं तो किसी-किसी जीव के मन में सेवा का भाव जगाकर समाज सेवा का निमित्त बनाते हैं। सेवा और त्याग का गुण ही समाज में किसी मनुष्य के मूल्य अथवा उपयोगिता का निर्धारण करता है। सेवा और त्याग दैवीय गुण अवश्य हैं, लेकिन सेवा और त्याग का अभिमान ही जीवन का सबसे बड़ा रोग भी है। मनुष्य हों अथवा देवराज इंद्र, कर्ता पन का अभिमान जिसके भी भीतर आता है प्रभु द्वारा उसके अभिमान भाव को एक दिन चूर-चूर अवश्य कर दिया जाता है। समाज से लेना ही नहीं, समाज को देना भी सीखिए ,उक्त उद्गार गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर 03 से 09 जुलाई बुधवार तक गीताधाम गौरीघाट में अनंत श्री विभूषित पूज्य जगतगुरु डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज के पावन मुखारविंद से पूज्य सद्गुरुओं को उनकी सूक्ष्म उपस्थित में समर्पित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में द्वितीय दिवस कहे।

10 जुलाई को श्री नृसिंह मंदिर तथा गीताधाम में गुरुपूर्णिमा महोत्सव, गुरुओं का पूजन अर्चन वंदन धूम धाम से मनाया जाएगा । कलशयात्रा में स्वामी हनुमान दास महाराज, स्वामी बालकदास महाराज, आचार्य प्रियांशु, संदीप की विशिष्ट उपस्थिति रही।

आज श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस गुरुओं को अपनी भावांजलि, प्रणामजंलि, पुष्पांजलि पूजन अर्चन नन्दा परौहा ,किरण पांडेय, गिरिजा बाई, विजय नेमा, रामसेवक पटेल, ऋशी पटेल, संजय विश्वकर्मा, विनोद तिवारी, उमा तिवारी, कमला दुबे, पुष्पा वाई, संदीप अनीता तिवारी, रेखा संतोष खंपरिया सनी मोनी परौहा ने किया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर श्रीमद् भागवत महापुराण गीता धाम ग्वारीघाट में दोपहर 3 बजे से उपस्थिति का आग्रह नरसिंह मंदिर, गीताधाम परिवार, श्री सनातन धर्म महासभा जबलपुर ने किया है।

# या अली, या हुसैन के नारों से गूंजी मदन महल पहाड़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुहर्रम की 7 तारीख (सफर की रात) के अवसर पर जबलपुर नगर और उपनगर के इमामबाड़ों में सुबह से ही चहल-पहल बनी रही। शहर की मुस्लिम बस्तियों में जगह-जगह लंगर और छबील (पानी और शरबत का वितरण) का इंतजाम किया गया। मदन महल दरगाह में सवारियों द्वारा सलामी पेश करने के लिए प्रमुख जुलूस पथ, छोटी बजारिया से मदन महल दरगाह तक, नूरानी नौजवान लंगर कमेटी, शान लंगर कमेटी, अमन एकता कमेटी, हुसैन एकता कमेटी, हैदरे लंगर कमेटी, अमर एकता कमेटी, कर्बला लंगर कमेटी और गौसे आजम लंगर कमेटी द्वारा जायरीनों के लिए लंगर, छबील और पानी का एहतेमाम किया गया। । हैदरे लंगर कमेटी, मुजावर मोहल्ला के संयोजन में 30 देग मटर पनीर पुलाव का इंतजाम किया गया। लंगर की शुरुआत में कमेटी के नौजवानों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल हॉस्पिटल में इलाजरत मरीजों को लंगर वितरित किया गया। इसी प्रकार, जमायते कादरी के वारिस कादरी, रोशन कादरी, जवाहर कादरी, अफजल कादरी, अशफाक कादरी, हाफिज असद कर्बलाई, शहवाज खान गामा, अमान कादरी, अयाज कादरी और अरशद कादरी ने सवारी के हिंदू-मुस्लिम मुजावरों को दूध के प्याले पेश किए। सिटी कोतवाली बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला के सामने, मरहूम शेख मुन्ना नियाजी और मरहूम अब्दुल रऊफ



बाबा नियाजी के इमामबाड़े में मोहर्रम की 7 तारीख को हाजी शेख जमील नियाजी, हाजी शेख मुबीन नियाजी, हाजी शेख अनवार नियाजी और हाजी बाबा सैयद शेख अमीन कर्बलाई साहब की सरपरस्ती में जायरीनों के लिए चाय-पानी का इंतजाम किया गया। इस मौके पर मोहम्मद रईस नियाज़ी, मीर फैज़ान अली नियाज़ी, हाजी मोहम्मद अनीस नियाज़ी, आदि उपस्थित रहें। जनसैलाब उमड़ा, मदन महल पहाड़ी गूंजी या अली, या हुसैन के नारों से रात्रि 8 बजे से ही गढ़ा के जुलूस पथ पर जायरीनों का आना शुरू हो गया, बैंड-बाजों के साथ निकली सवारियों में बड़े मुजावरों के साथ-साथ मासूम बच्चों पर भी हाल की आमद हुई। अकीदतमंदों ने बाबा साहब लोगों से अपनी मुरादें बताईं और बाबा साहब ने मुरादें पूरी होने की दुआ दी।

मरहूम यासीन मुजावर की सवारी देर रात्रि में सूफी निजाम बाबा के नेतृत्व में मदन महल दरगाह पहुंची और सलामी पेश की। मदन महल पहाड़ी रात भर या अली, या हुसैन के नारों से गूंजती रही!

मोहर्रम की सात तारीख को जबलपुर में शिया समुदाय द्वारा मातमी जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अजादारों ने भाग लिया। दोपहर 2 बजे घंटाघर स्थित बाबा जाफरी के इमामबाड़े में एक विशेष मजलिस का आयोजन किया गया। इसमें जनाब नाईब रिजवी और एहतिशाम हैदर ने मर्सिया और सलाम पढ़े, इसके पश्चात् लखनऊ से आये मौलाना जाबिर साहब ने मजलिस को संबोधित किया। उनके संबोधन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में शिया बंधु उपस्थित थे।

# लघु उद्योग भारती की कार्यशाला आयोजित




**जबलपुर,देशबन्धु।** लघु उद्योग भारती जबलपुर इकाई द्वारा एम.एस.एम.ई मंत्रालय के सहयोग से आर.ए.एम.पी कार्यशाला का आयोजन कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष कपिल खत्री एवं औद्योगिक क्षेत्र आधारताल के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने की। इस अवसर पर जिले के सभी औद्योगिक क्षेत्रों से कई प्रमुख उद्योगपतियों ने भाग लेकर आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।

कार्यक्रम में एम.एस.एम.ई मंत्रालय के सहयोग से आर.ए.एम.पी जेडईडी सार्टिफिकेशन एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिनका मुख्य उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना और उद्योगों की गुणवत्ता में सुधार लाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक जी रहे, । विशिष्ट अतिथि के रूप में खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के फूड इंस्पेक्टर देवेंद्र दुबे जी उपस्थित रहे। उन्होंने फूड इंडस्ट्री से जुड़ी आवश्यक नियमावली, स्वच्छता एवं गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान लघु उद्योग भारती महिला इकाई की संयोजक श्रीमती मेघना महाजन एवं श्रीमती पूनम शर्मा महिला अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के रवि मिश्रा, सोमेश गुप्ता, पवन खुबानी, प्रदीप साहू, सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# संत दिलीपानंद ने मृत्यु उपरांत शरीर दान देने की घोषणा की



**जबलपुर,देशबन्धु।** सिन्धि समाज के तरूण संत दिलीप कुमार खत्री उर्फ दिलीपानंद महाराज ने स्वेच्छा व परिवारजनों की सहमति से 57 वर्ष की आयु में अपनी जीवनकाल में देहदान की घोषणा कर दी है। तरूण संत दिलीपानंद महाराज ने कलेक्टर, सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कालेज के डीन, थाना प्रभारी रांझी तथा सिन्धि धर्म के प्रमुख धर्म के प्रमुख धर्मगुरू अशोकानंद महाराज के स्वयं का व परिवारजनों की सहमति का हस्ताक्षरित देहदान का घोषणा पत्र दिया है। घोषणा पत्र में उन्होंने मांग रखी है कि उनकी मृत्यु उपरांत उनके शरीर को मेडिकल में अध्ययन कर रहे प्रशिक्षु चिकित्सकों के लिए उपयोग में लाया जाये, तत्पश्चात उनके शरीर को जलाया नहीं जाये बल्कि मांसाहारी पशु-पक्षियों के भोजन हेतु उनके समक्ष रखा जाये। उनके द्वारा कम उम्र में देहदान करना एक मिसाल है और समाज के लिए प्रेरणादायक है, ताकि और भी नागरिक मानवीय आधार पर इस तरह का कदम उठा सकें।

# चिकित्सा पुस्तकों के विशेष पुस्तकालय का शुभारम्भ

**जबलपुर,देशबन्धु।** सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जबलपुर (म.प्र.) ने मिशन मातृभाषा के अंतर्गत हिंदी चिकित्सा पुस्तकों की विशेष पुस्तकालय का शुभारंभ किया है। यह पहल मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा को मातृभाषा हिंदी में सहज, सुलभ और प्रभावी बनाना है, विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए जो ग्रामीण या हिंदी भाषी पृष्ठभूमि से आते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी माध्यम से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा



शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह सुविधा लगभग 25,000 विद्यार्थियों को लाभान्वित करेगी। इसके अतिरिक्त, हिंदी माध्यम से परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार और विशेष उपाधियाँ भी प्रदान की जाएंगी—जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त छात्र को 2 लाख और मातृभाषा रत्न, तथा द्वितीय स्थान वाले को 1.5 लाख और मातृभाषा विभूषण की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह देश में पहली बार किसी मेडिकल विश्वविद्यालय ने इस स्तर पर मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए ठोस पहल की है। यह भारतीय भाषायी गौरव और सांस्कृतिक मूल्यों को भी नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 05 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की दसवीं नक्षत्र-स्वाती।**

मेष - आज आपको सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलेगी। परिवार एवं दांपत्यजीवन में सुख- संतोष का अनुभव होगा।

वृषभ - आज आपको वाणी और व्यवहार पर संयम रखने की जरूरत है। किसी की मजाक-मसखरी से परहेज करें। गलतफहमी हो सकती है। मौज-शौक तथा मनोरंजन के पीछे खर्च होगा।

मिथुन - आज आपको संतान और जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद या चर्चा में न पड़ें। मित्रों के कारण खर्च हो सकता है। नुकसान की भी आशंका बनी रहेगी। **क-369-126**

कर्क - आज कोई अनजाना भय आपको लगा रहेगा। छाती में पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिवार में लोगों के बीच अशांति और मतभेद हो सकता है।

सिंह - आज तन-मन से स्वस्थ और खुश रहेंगे। पड़ोसी और भाई-बंधुओं के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। निर्धारित काम समय पर पूरे होंगे। छोटी यात्रा होगी।

कन्या - किसी बात को लेकर मन उलझन में रहेगा। नकारात्मक विचारों से मानसिक अस्वस्थता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा।

तुला - अभी आप आर्थिक आयोजन बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। आज आपकी कलात्मक और सृजनात्मक शक्ति श्रेष्ठ रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

वृश्चिक - आज आमोद-प्रमोद तथा मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च होंगे। मानसिक चिंता और शारीरिक तकलीफ से परेशानी होगी। असंयमित वाणी या व्यवहार झगड़े का कारण बन सकता है।

धनु - प्रेम का सुखद अनुभव प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आर्थिक, सामाजिक और कुटुंबजनों के साथ बातचीत के लिए आज का दिन लाभदायी है।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में भी आपका परिश्रम रंग लाएगा। घर, परिवार और संतान के मामले में आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा। व्यावसायिक कार्य के संबंध में दौड़धूप बढ़ेगी।

कुंभ - आज आप अपने आपको अस्वस्थ महसूस करेंगे, परंतु मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। काम करने में उत्साह का अभाव रहेगा। ऑफिस में उच्च अधिकारियों से बचकर रहें।

मीन - आज का दिन ईश्वरभक्ति और आध्यात्मिकता में गुजरेगा। आज के दिन आपको थोड़ी बहुत प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य के विषय में विशेष ध्यान रखना पडेगा। **म-599-458**

5,6,2,7-58,64,29,78,36,88,02,13



# भारी बारिश के चलते बढ़ा जलाशयों का जलस्तर

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में सक्रिय मानसून का असर शहर मे भी देखने मिल रहा है,। पिछ्ले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया,एक ओर जहां आम आदमी को गर्मी से राहत मिली है, तो वही दूसरी ओर जलस्तर के न्यूनतम बिंदु की ओर पहुंच जलाशयों का लेवल फिर से ऊपर चढ़ने लगा है, और जिसमे से परियट तो अपने पूर्ण भराव से महज़ कुछ फुट ही रह गया है। बता दें कि पिछ्ले तीन , चार दिनों से शहर मे सक्रिय मानसून से लगभग 5 इंच बारिश हो चुकी है, इससे बरगी बांध का जलस्तर 414 मीटर से ऊपर जा रहा है, क्योंकि, डूब प्रभावित क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है, इसी के चलते परियट का जलस्तर बढ़ रहा है, जो अपने पूर्ण स्तर से महज़ 8 फुट नीचे है। और अगर इसी तरह बारिश होती रही, जैसी की मौसम की भविष्यवाणी है, इसके चलते इस बात की संभावना है कि दो, तीन दिन मे परियट अपना पूर्ण स्तर प्राप्त कर लेगा। जो की 30 फुट है।

# कायस्थ महासभा द्वारा स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि

**जबलपुर, देशबन्धु।** महापुरूषों का जीवन हमें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देता है। महापुरूष अपने जीवन से औरों को सीखने के लिए बहुत कुछ दे जाते हैं जिसे आत्मसात कर हम अपने जीवन को श्रेष्ठता की ओर ले जाते हैं। हिन्दू धर्म की पताका लहराते हुए समूचे विश्व में भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ाने वाले युग प्रवर्तक संत एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा




उन्हें शत शत नमन है उक्त आशय के उदगार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने महासभा द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रेनू श्रीवास्तव, युवा जिलाध्यक्ष विवेक खरे, ममता श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, विजय खरे, मानवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. दर्डा जी का चिंतन आज भी प्रासंगिक हैं

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पत्रकारिता के पितृ पुरुष, देश के विकास में प्रमुख भूमिका निभाने वाले, लोकमत समाचार समूह के संस्थापक स्व. जवाहरलाल दर्डा जी की जयंती पर संस्कारधानी जबलपुर में भव्य समारोह आयोजित कर उनका कृतज्ञतापूर्वक पुण्य स्मरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने लोकमत समाचार समूह के संस्थापक, स्व. जवाहर लाल दर्डा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का पुण्य स्मरण करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनके अभूतपूर्व योगदान को रेखांकित किया। स्व जवाहर लाल दर्डा की स्मृति में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए लोकमत समाचार समूह द्वारा सर्वश्री पत्रकार , लेखक, साहित्यकार पंकज स्वामी, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक सुरेन्द्र दुबे, वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षाविद आशुतोष तिवारी, वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक डा पुष्पराज पटेल, वरिष्ठ पत्रकार हरिभूमि संजय साहू सी एस पी कैंट, उ पु अ अपराध उदयभान बागरी, प्रधान आरक्षक यातायात अनिल मिश्रा, प्रोफेसर सर्जरी विभाग मेडिकल कॉलेज जबलपुर डा. रीना कोठारी, पर्यटन प्रबंधक, जबलपुर तरुण मिश्रा, उन्नत कृषक, उत्कृष्ट संरक्षित कृषि, दीपक पटेल, वरिष्ठ कला विद विजय वंशकार, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती दीपिका पांडे, चीफ मैट्रन सेठ गोविंददास चिकित्सालय श्रीमती एलियामा सिंह को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रतुल श्रीवास्तव, डा संध्या जैन श्रुति, मीना भट्ट, डा अरुणा पांडे, निर्मला तिवारी चन्द्र प्रकाश वैश्य, प्रमोद वर्मा विजय जायसवाल विष्णु पांडे ने गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की ।

**बाबूजी को दी गई पुष्पांजलि-** सेठ गोविंददास चिकित्सालय में प्रात:काल सेठ गोविंद दास चिकित्सालय में लोकमत समाचार समूह के संस्थापक , स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पत्रकारिता के पितृ पुरुष पूज्य बाबूजी स्वर्गीय जवाहरलाल जी दर्डा की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**विजय बाजपेई-** सदर बाजार निवासी श्री विजय बाजपेई (71) का अचानक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे धनंजय बाजपेई, संजय बाजपेई, नारायण बाजपेई के बड़े भाई थे अमित अंकित के पिता श्रेयांश पीयूष स्नेहा के बड़े पिता थे ।

**श्री राम मिलन वर्मा-** संजीवनी नगर निवासी श्री राम मिलन वर्मा (103) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामजतन पटेल-** बिहारी महाराज का अखाड़ा घमापुर चौक निवासी रामजतन पटेल (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला परोहा-** साई कॉलोनी कृषि उपज मंडी के सामने निवासी श्री मूलचंद परोहा की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला परोहा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री टेक सिंह-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री टेक सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्री बबलू कोरी-** तिलहरी निवासी श्री बबलू कोरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू लाल पासी-** संजय नगर केंट निवासी श्री बाबू लाल पासी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामचंद्र मांगमराठा-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री रामचंद्र मांगमराठा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीरेंद्र सिंह गुसाई-** नंद नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री विक्रम सिंह गुसाई के पुत्र श्री वीरेंद्र सिंह गुसाई (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री डेमन सिंह सूर्या-** पीरछाया ड्यूपलेक्स गौस नगर कब्रिस्तान के पास निवासी श्री डेमन सिंह सूर्या (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मीना ठाकुर-** नानक नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री हेमराज ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती मीना ठाकुर (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# करोड़ों के धान घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## एक दर्जन थानों में दर्ज थी एफआईआर, गिरफ्तारी पर था 74 हजार का ईनाम

**जबलपुर,देशबन्धु।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों से उपभोक्ताओं को वितरित किये जाने वाले राशन की हेरफेर कर करोड़ों रुपये का घोटाला करने वाले मुख्य फरार आरोपी 62 वर्षीय दिलीप किरार को पुलिस ने छतरपुर से धर दबोचा। उक्त घोटाले के मामले में लिप्त आरोपियों के खिलाफ जिला प्रशासन की ओर से जिले के करीब एक दर्जन थानों में मामलें दर्ज कराये गये थे। जिसमें तीन आरोपी पूर्व में ही हिरासत में लिये जा चुके है, जबकि किरार व अन्य आरोपी फरार है। किरार की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अन्य ईनामी आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रहीं है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल वितरण हेतु किसानों से धान का उपार्जन किया जाता है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सप्लाइज कारपोरेशन को उपार्जन एजेंसी नियुक्त किया गया है। उपार्जन एजेंसी द्वारा राइस मिलर से उपार्जित धान की मिलिंग करवाकर चावल तैयार करवाया जाता है और उक्त चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों से उपभोक्ताओं को वितरित किया जाता है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही का भुगतान एवं व्यय शासन द्वारा किया जाता है। धान का उठाव मिलर द्वारा किया जाता है और मिलर के मास्टर डेटा के आधार पर धान चालान में अंतिम रूप से ट्रक



नंबर की प्रविष्टि होती है। लेकिन आरोपियों ने मिलीभगत व सांठगाठ से धान को स्थानीय दलालों को बेच दिया था। जिसकी शिकायत पर जिला कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने तत्परता से मामले की जांच की तो परत दर परत करोड़ों का घोटाला सामने आया।

### अधिकारी-कर्मियों सहित राइस मिल संचालक है आरोपी

उक्त करोड़ों के धान घोटाले में दिलीप किरार प्रभारी जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी कार्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर, सुनील प्रजापति ऑपरेटर, बीएस मेहर प्रभारी इश्यु सेंटर व विक्रम सिंह यादव कप्यूटर ऑपरेटर इश्यु सेंटर एमपीएससीएससी पाटन, अनूप गोयल प्रोपरायटर आनद एग्रो इंडस्ट्रीज मनेरी मंडला, मनदीप सिंह प्रोपराइटर गुरु नानक राइस मिल्स मनेरी मंडला, प्रतीक सक्सेना प्रोपराइटर हरिमाया ग्रीन मिल राजगढ़, संजय जैन, प्रोपराइटर स्वास्तिक पोहा इडस्ट्रीज ग्वालियर, राकेश गुप्ता प्रोपरायटर माधव एग्रो इंडस्ट्रीज मनेरी मंडला, अनिल कुमार अवतानी प्रोपरायटर इंडस्ट्रीज मनेरी मंडला, श्याम सुन्दर साहू प्रोपरायटर दुर्गा प्रोडक्ट मनेरी मंडला, गन्धर्व सिह समितिं प्रबंधक, वृहत्ता सेवा सहकारी सस्था नुनसर केंद्र क्रमांक-1 उपार्जन केन्द्र व बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था नुनसर केद क्र-3 , पंकज प्रधान कम्प्यूटर ऑपरेटर बृहता सेवा सहकारी संस्था नुनसर केंद -14, सतोप सिंह कम्प्यूटर ऑपरेटर व्हता सेवा सहकारी सस्था नुनसर केंद्र-15, राज कुमार वाजपेयीए समिति प्रबंधक बृहता सेवा सहकारी संस्था पाटन केंद्र- 2 उपार्जन केंद्र, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वृहत्ता सेवा सहकारी सस्था पाटन केंद्र क्रमांक-2, राम स्वरूप रजक समिति प्रबंधक सेवा सहकारी संस्था कटरा वेलखेड़ा केंद्र क्रमांक- 1 उपार्जन केन्द्र , सौरभ ठाकुर कम्प्यूटर ऑपरेटर सेवा सहकारी संस्था कटरा बेलखेड़ा केंद क्रमांक-1 के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था।

### चार आरोपी गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी गंधर्व सिंह, पंकज प्रधान एवं संतोष कुमार शुक्ला को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं मुख्य आरोपी दिलीप किरार निवासी सराफा खटीक मोहल्ला कोतवाली प्रभारी जिला प्रबंधक एमपीपीएससी कार्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर का फरार था। जिसके खिलाफ कई थानों में प्रकरण दर्ज थे। जिसकी गिरफ्तारी पर 74 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जिसे पुलिस ने छतरपुर से धर दबोचा। मामले के अन्य आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी पर भी दस-दस हजार रुपये का ईनाम घोषित है। जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रहीं है।

## तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** जेडीए कॉलोनी में देर रात एक 22 वर्षीय युवक दीपक लाहौरी की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। मृतक नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में हाउसकीपिंग का कार्य करता था। मामले में मृतक के भाई भवानी ने आत्महत्या की थ्योरी को नकारते हुए इसे हत्या करार दिया है। दीपक को फेंका गया भवानी लाहौरी का दावा है कि दीपक को जानबूझकर तीसरी मंजिल से फेंका गया। उसके अनुसार, जब यह घटना हुई, तब दीपक के साथ करण नाम का युवक और एक अज्ञात युवती भी मौजूद थे। भवानी ने यह भी बताया कि दीपक बीते दो महीने से अपने दोस्त विशाल के साथ जेडीए कॉलोनी में रह रहा था और मेडिकल कॉलेज में नौकरी के लिए यहीं से आना-जाना करता था।

# क्यू आर कोड से पेमेंट लेकर पहुंचाया जाता है गांजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** अवैध मादक पदार्थ का कारोबारियों ने ग्राहकों से क्यूआर कोड से पेमेंट लेकर उन तक माल पहुंचाने के लिये लड़कों को काम पर लगा रखा हुआ था। जिन्हें पांच सौ रुपये की दिहाड़ी देकर ग्राहकों तक माल पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।

इस बात की खुलासा बीती रात ओमती पुलिस की गिरफ्त में आये एक आरोपी ने किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक किलों 245 ग्राम गांजा कीमती पच्चीस हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक एक्टिवा वाहन व मोबाइल भी जब्त किया है।

### सप्लाई देने से पहले आरोपी पकड़ाया, 25 हजार का गांजा जप्त

ओमती टीआई राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रेलवे पुल नंबर-3 की बाउंड्री वॉल के अंदर दबिश देकर गोल बाजार निवासी 27 वर्षीय ऋषभ अहिरवार पिता प्रेमलाल अहिरवार को हिरासत में लिया है। जिसके पास से मिली लाल रंग की एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसटी-6879 की डिग्गी से पुलिस ने एक किलों 245 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत पच्चीस हजार रुपये है।

पांच सौ रुपये की मजदूरी में हो रहीं गांजे की सप्लाई- पूछताछ के दौरान आरोपी ऋषभ ने पुलिस को बताया कि उक्त गांजा भरतीपुर निवासी राजा सोनकर ने बिक्री हेतु उसके पड़ोस के गढ़ा फाटक पप्पी टेंट हाउस के रहने वाले धीरज पटेल उर्फ धीरू को दिया था।

उक्त गांजे को धीरू पटैल द्वारा उसे के लिये दिया गया। दिनभर के गांजा बिक्री का हिसाब उससे लेकर धीरू, राजा सोनकर को देता है। राजा व धीरू उसे इस काम के लिये पांच सौ रूपये मजदूरी देते है।



इसी तरह ऑनलाइन पेमेंट करने के लिये राजा सोनकर द्वारा दिये गये क्यू आर कोड में सीधे पेमेंट ट्रांसफर करते है, जिसका फोटो क्लिक करके वह राजा सोनकर को व्हाट्सएप पर भेजता है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए राजा व धीरू की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# शिक्षक को राहत, संलग्नीकरण पर हाईकोर्ट की रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने प्राथमिक शिक्षक के संलग्नीकरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। नरसिंहपुर जिले के तहसील गोटेगांव में प्राथमिक शिक्षक एंजेला कोडके की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा एवं कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोटेगांव 15 जनवरी 2025 को याचिकाकर्ता को बिना किसी कारण के शासकीय प्राथमिक शाला बेलखेड़ी मुंआर से शासकीय हाई स्कूल बेल हाई गोटेगांव में अटैच कर दिया। दरअसल याचिकाकर्ता के खिलाफ कुछ शिकायतें की गई थी, जोकि जांच में झूठी पाई गई। इसके बावजूद उसका संलग्नीकरण कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने जब कोर्ट में याचिका दायर की, तो डीईओ ने उसे निलंबित करने नोटिस जारी कर दिया। जिसे न्यायालय ने दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही निरूपित करते हुए उक्त निर्देश दिये।

## रीडर के वेतन रिकवरी का आदेश निरस्त

### सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत की रोशनी में सुनाया गया आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त रीडर के वेतन से रिकवरी के आदेश को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी डॉ. जुबेर अहमद अंसारी की ओर से अधिवक्ता विजय राघव सिंह, पूनम सिंह, मनोज चतुर्वेदी व अजय नंदा ने पक्ष रखा।

जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भोपाल में रीडर के पद पर कार्यरत था। उसके वेतन से 30 हजार रुपये मासिक के हिसाब से कुल छह लाख रुपये की कटौती का नोटिस थमा दिया गया है। चूंकि कटौती का आदेश मनमाना है और अतार्किक है, अतः विरोध किया गया। जब कोई असर नहीं हुआ तो हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह साफ किया कि पंजाब राज्य बनाम रफीक मसीह में प्रतिपादित विधि के सिद्धांत के आलोक में वेतन निर्धारण के आदेश में यदि पांच वर्ष से अधिक पुरानी त्रुटि परिलक्षित होती है तो उसकी रिकवरी वेतन या सेवानिवृत्ति लाभ से नहीं की जा सकती है। पूर्व में भी पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय बनाम जगदेव सिंह में सुप्रीम कोर्ट ने यह अभिमत दिया था कि राज्य की सेवा से सेवानिवृत्त हुए किसी कर्मचारी से अधिक भुगतान की वसूली नहीं की जा सकती।

## दुराचार नहीं नाबालिग का हुआ था यौन उत्पीड़न

### हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा को चार साल के कारावास में किया तब्दील

**जबलपुर,देशबन्धु।** जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के




आरोपी को ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गयी उम्रकैद को 4 वर्ष के कारावास में तब्दील कर दिया। हाईकोर्ट ने पाया कि आरोपी ने पीड़िता के दुराचार नहीं किया गया है। पीड़ित यौन उत्पीड़न का शिकार हुई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट में भी पीड़िता को गुप्तांग में अंदरूनी या बाहरी चोट नहीं है।

सिंगरौली निवासी विन्द्रोस राव पाक्सो एक्ट के तहत ट्रायल कोर्ट द्वारा 11 सितम्बर 2023 को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। अपील में कहा गया था कि डीएनए रिपोर्ट के आधार पर सजा दी गई। डीएनए रिपोर्ट का मिलान पीडित के टीषर्ट में तथा षरीर के नीचे अंग में मिले धब्बे से किया गया था। मेडिकल रिपोर्ट में पीड़िता के शरीर में कहीं भी अंदरूनी या बाहरी चोट नहीं पाई गई है। पीडिता तथा उसकी दादी ट्रायल कोर्ट में अपने वयान से मुकर गयी थी। उनका कहना था कि उन्होंने पुलिस के दबाव में आकर आरोप लगाया थे। जिसके कारण उन्हें पक्ष विरोधी घोषित कर दिया गया था। युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि अभियोक्ता के निजी अंगों पर किसी भी तरह के घर्षण, लालिमा, चोट या किसी अन्य चोट के कोई निशान नहीं थे। प्रवेशात्मक यौन हमला नहीं होने के कारण उसे एक्ट की धारा 5 व 6 के तहत दोषी करार नहीं दिया जा सकता है। यौन उत्पीड़न की शिकार षिकार हुई है और अधिनियम की धारा 7 इसके तहत सजा का प्रावधान है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद अपीलकर्ता की सजा घटाकर चार साल के कारावास में तब्दील करने के आदेष जारी किये है।

## श्मशान की भूमि पर सरपंच कर रहा कब्जा

### जनहित याचिका में आरोप, अनावेदकों से जवाब-तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** बैतूल जिले की अथनेर तहसील अंतर्गत ग्राम मंडवी के सरपंच द्वारा नदी किनारे स्थित श्मशान की आरक्षित भूमि पर बाउंड्री वाल तैयार कर कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी करते हुए स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये है।

युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को निर्धारित की है। यह जनहित का मामला बैतूल जिले की अथनेर तहसील के ग्राम मांडवी निवासी दीपक कुमार बरपेटे की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता विद्या शंकर मिश्रा ने पक्ष रखा। आवेदक का कहना है कि मांडवी ग्राम में नदी किनारे स्थित शासकीय भूमि श्मशान घाट के लिये रिजर्व है। आरोप है कि उक्त जमीन पर ग्राम सरपंच ने पहले तो कुछ पेड़-पौधे लगाये, इसके बाद उसके चारों ओर बाउंड्री वॉल का निर्माण कर वहां अखाड़ा शुरु करा दिया, इतना ही नहीं नदी के किनारे से बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया, जिससे नदी का अस्तित्व भी संकट में आ गया और उसकी चौड़ाई पहले से काफी कम हो गई। उक्त मामले की शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की गई, उन्होंने शिकायत को सही पाते हुए कलेक्टर से कार्यवाही से अनुशंसा भी की, लेकिन नतीजा सिफर रहा, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। मामले में मप्र शासन के प्रमुख सचिव, कलेक्टर बैतूल, तहसीलदार अथनेर, जिला व जनपद पंचायत सीईओं एवं ग्राम पंचायत मंडवी के सरपंच को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## किराये के विवाद पर दर्ज कराया पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण

### हाईकोर्ट से मिला युवक को जमानत का लाभ

**जबलपुर,देशबन्धु।** पॉक्सो मामले में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने बताया कि पीडिता ने बहन ने भी पूर्व में भी एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज कराया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद अपीलकर्ता को जमानत का लाभ प्रदान कर दिया। मंडला निवासी दिनेश यादव की तरफ से दायर अपील में कहा गया था कि उसके घर में किराए से रहने वाला व्यक्ति पीड़ित का सौतेला पिता था। पीडिता के द्वारा पूर्व में भी एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ दुराचार का प्रकरण दर्ज करवाया गया था। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पीडिता की योनिच्छद पुरानी व फटी हुई,जो ठीक हो गयी थी। डीएनए रिपोर्ट व्याख्या योग्य नहीं है। किराये का विवाद होने के कारण उसे झूठा फंसाया गया था।

प्रकरण की सुनवाई करते हुए ट्रायल कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए साल जून 2019 को दंडित किया था। वह विगत 6 सालों से जेल में निरुद्ध है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद अपीलकर्ता को जमानत का लाभ प्रदान किया।

# एसिड कांड में कई पहलू अनसुलझे

### आरोपी युवती तथा उसके दोस्त तक सीमित रही पुलिस जांच

**जबलपुर,देशबन्धु।** ग्वारीघाट थानान्तर्गत अवधपुरी कॉलोनी में युवती के द्वारा सहेली पर किये गये एसिड अटैक में मामले में कई पहलू अभी तक अनसुलझे है। पुलिस की जांच सिर्फ आरोपी युवती व उसके दोस्त तक सीमित रही। इस पूरे प्रकरण में सूक्ष्मता से जांच की जाये तो कई मामलों का खुलासा हो सकता है।

गौरतलब है कि ग्वारीघाट थानान्तर्गत अवधपुरी कॉलोनी निवासी श्रद्धा दास उम्र 23 बीबीए की छात्रा पर क्षेत्र में रहने वाली उसकी सहेली ने इशिता साहू उम्र 22 ने 29 जून की रात को एसिड से हमला कर दिया था। दोनों बचपन की सहेली थी और ज्ञानगंगा कॉलेज में एक साथ पढ़ती थी। किसी बात पर मनमुटाव होने के कारण दोनों में विगत एक माह से बातचीत बंद थी। इशिता रविवार की रात लगभग 8 बजे श्रद्धा के घर पहुँची और कहने लगी टहलने चलते है,तुम्हारे लिए सरप्राइज है। घर से बाहर आने पर इशिता ने अपने साथ जार में लाये एसिड से उस पर हमला कर दिया। एसिड के कारण युवती के आंख, मुंह सीना, दोनो पैर झुलस गये थे और मोहनलाल हरगोविंद दास अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। युवती से अपने दोस्त को प्रोफेसर बनाकर केमिस्ट की दुकान से एसिड खरीदा था। पुलिस ने युवती व उसके दोस्त पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

इस प्रकरण में आरोपी युवती का वीडियो वायरल होने की चर्चा भी सरगर्म है। युवती का वीडियो किसने बनाकर वायरल किया,इस संबंध में भी पुलिस को जांच करनी चाहिये थे। वीडियो वायरल ही घटना का मुख्य कारण तो नहीं है,यह जांच के बाद ही स्पस्ष्ट हो पायेगा।

# शाहरूख खान ने फोन पर दिया ट्रिपल तलाक

### पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रेमिका के कारण मुस्लिम युवक ने फोन पर अपनी पत्नी को ट्रिपल तलाक दे दिया। दोनों का निकाह लगभग तीन माह पूर्व ही हुआ था। पीडित महिला ने गोहलपुर थाने पहुंचकर पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

गोहलपुर थाना प्रभारी रितेश पांडे ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली मुस्लिम महिला का निकाह लगभग तीन माह पूर्व हनुमंत नगर क्षेत्र निवासी शाहरुख खान से हुआ था। निकाह के लगभग 15 दिन तक उनके बीच अच्छे संबंध थे। इसके बाद पति उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा था। पति ने उससे बताया था कि वह किसी अन्य युवती से मोहब्बत करता है। इसके बाद पति उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। दूसरी युवती से प्रेम संबंध होने के कारण पति उस पर तलाक देने के लिए दबाव बना रहा था। महिला ने पुराने रिश्ते बुलाकर नया जीवन प्रारंभ करने की बात कहते हुए उसे समझाने का प्रयास किया था। इसके बावजूद भी प्रेमिका के लिए आरोपी पति लगातार महिला प्रताड़ित कर रहा था। इसके ही नहीं उसने पत्नी को घर से निकाल दिया था। जिसके कारण वह मायके आकर रहने लगी थी । पति के द्वारा महिला को फोन पर ट्रिपल तलाक दिया गया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने थाने आकर अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिनाख्त पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी पति की गिरफ्तार नहीं हो पाई है तथा उसकी तलाश में संभावित ठिकानों में दबिश जारी है।

## रुपये न देने पर हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** कैंट थाने में राजीव गांधी नगर कटंगा निवासी 52 वर्षीय राजेश पासी ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह शाम को काम कर घर लौट रहा था, तभी उसे सौरभ गौड़, बाबू पिल्ले व आकाश उर्फ अक्कू मिले। तीनों उससे शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगे। उसने रूपये देने से मना किया तो सौरभ गौड़ ने नुकीली चीज से हमला कर सीने में चोट पहुंचा दी। वहीं बाबू और आकाश ने हाथ मुक्कों से मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## बाईक की टक्कर से दो घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला थाने में पौड़ी पनागर निवासी 44 वर्षीय नरेश बरकड़े ने शिकायत दर्ज करायी कि वह बीती रात अपने साथी गोपाल परस्ते, गोविंद बरकड़े व हरि परसते के साथ रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे बरेला बाईपास में कान्हा ढाबा के पास पहुंचे, उसी समय पीछ से आ रहीं बाईक क्रमांक एमपी 20 जेडटी के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए गोविंद की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे गोविंद और हरि परस्ते मोटर साइकिल सहित गिर गए, जिससे दोनों को चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## सेवानिवृत्त निगम अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में नगर निगम से हाल ही में सेवानिवृत्त हुए खेल अधिकारी राकेश तिवारी के ख़िलाफ़ स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। छात्रा का आरोप है कि राकेश तिवारी ने उसे जबरन छूने की कोशिश किया। राकेश तिवारी छात्रा को तैराकी का प्रशिक्षण देते थे। सबसे हैरत की बात तो यह है कि छात्रा के पिता और राकेश तिवारी पूर्व परिचित हैं और उनके पारिवारिक संबंध है। इसके बाद भी ऐसा घिनौना कृत्य किया जाना नगर निगम के गलियारों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने माता-पिता के साथ ग्वारीघाट थाना पहुंच कर पुलिस को बताया कि वह करीब एक साल से तैराकी का कोर्स कर रही है। उसके मम्मी-पापा के पहचान के राकेश तिवारी जो तैराकी सिखाते है। उनके साथ भी वह कभी कभी प्रशिक्षण के लिए जिलेहरी घाट जाती है।

पीड़िता के अनुसार विगत 2 जुलाई की शाम करीब 6 बजे मुझे राकेश तिवारी अंकल घर पर लेने आए थे, मैं उनकी बुलट गाड़ी में बैठ कर ज़िलहरी घाट तैराकी सिखने गई थी। जिलेहरी घाट में नदी में जाते वक्त राकेश अंकल ने मुझे बुरी नियत से छुआ तब मैंने कहा कि ये गंदी हरकत क्यों कर रहे हो। तो उन्होंने अपना हाथ हटा लिया। छात्रा ने पुलिस को बताया कि तैराकी सिखने के बाद जब वापस करीब शाम 7.15 बजे अंकल की गाडी मैं घर आ रही थी, तभी आयुर्वेदिक कालेज के सामने गाड़ी रोककर राकेश तिवारी अंकल ने बुरी नियत से मुझे छुआ था और जब मैंने ऐसा करने से मना किया तो भी वह नहीं माने थे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर लगातार बारिश से नहर जैसे हालात

## फोरलेन सड़क के बीच भरा पानी, दुर्घटना का खतरा



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह से जारी मानसूनी बारिश ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 (ह॥-30) पर गंभीर जलजमाव की स्थिति पैदा कर दी है। फोरलेन सड़क के दोनों ओर के बीच के बीच में, जहां पौधारोपण के लिए जगह छोड़ी गई है, पानी नहरों की तरह भर गया है। इस स्थिति ने यात्रियों और वाहन चालकों के लिए चिंता बढ़ा दी है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा मंडरा रहा है।

शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार बारिश के बाद भी रिमझिम बारिश जारी रहीं, जिससे गांधीग्राम से सिहोरा के बीच कई स्थानों पर पानी का जमाव बढ़ता गया। गांधीग्राम, कुशनेर ओवर ब्रिज के पास, रामपुर, जुझारी, मोहतरा और घाट सिमरिया जैसे क्षेत्रों में फोरलेन सड़क के बीच की खाली जगहों में गहराई तक पानी भर गया है, जिससे हाइवे पर नहर का रूप ले लिया है।

*फिसलन का खतरा और संभावित दुर्घटनाएं....

सड़क किनारे कई स्थानों पर पटरी में मिट्टी बिछी होने के कारण वाहन चालकों को फिसलन का डर सता रहा है। उन्हें आशंका है कि वाहन पटरी की मिट्टी से फिसलकर दोनों सड़कों के बीच भरे पानी में फंस सकते हैं और दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बारिश इसी रफ्तार से जारी रही तो पानी सड़कों पर भी बहने लगेगा, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसके अलावा, दोपहिया वाहनों के पटरी से खाई में गिरने की संभावना भी बढ़ गई है।

यह स्थिति हाइवे पर सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े करती है और अधिकारियों को जल्द से जल्द इस जल निकासी की समस्या का समाधान करने की अपील की गई है। ताकि मानसून के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पनागर में हरियाली के लिए नागरिकों ने संभाली पेड़ों की देखरेख की कमान



**पनागर, देशबन्धु।** क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है। यहां के जागरूक नागरिकों ने मिलकर न केवल नए लगाए गए पेड़ों की देखभाल का जिम्मा उठाया है, बल्कि पुराने पेड़ों को भी बचाने के लिए खास प्रयास कर रहे हैं। यह सामुदायिक प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई उम्मीद जगा रहा है। पनागर बस स्टैंड मार्केट के सामने मुडिया रोड मार्ग पर लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख अब स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही है। यह दिखाता है कि जब समुदाय किसी नेक काम के लिए एकजुट होता है,तो कितने सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। इस पहल का एक और महत्वपूर्ण पहलू है पुराने पेड़ों का संरक्षण। वर्षों पहले लगाए गए कई पेड़ बारिश के पानी के तेज बहाव के कारण अपनी मिट्टी खो चुके थे, जिससे उनके गिरने का खतरा बना हुआ था।

पनागर के नागरिकों ने इन पेड़ों के आसपास नई मिट्टी डालकर उन्हें स्थिरता प्रदान की है। यह कार्य न केवल पेड़ों को गिरने से बचाएगा, बल्कि उनकी जड़ों को भी मजबूती प्रदान करेगा, जिससे वे और अधिक समय तक हरियाली बिखेरते रहेंगे। पनागर वासियों ने इस पहल के साथ एक और महत्वपूर्ण संकल्प लिया है। उन्होंने तय किया है कि आगामी मानसून के दौरान अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाएगा। उनका मानना है कि यह प्रयास पर्यावरण को संतुलित रखने और भविष्य में किसी भी पर्यावरणीय समस्या से बचने के लिए बेहद आवश्यक है। पनागर के नागरिकों की यह पहल दर्शाती है कि छोटे-छोटे सामुदायिक प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। यह न केवल स्थानीय पर्यावरण को बेहतर बनाएगा, बल्कि दूसरों को भी ऐसे नेक कार्यों के लिए प्रेरित करेगा।

## सार-समाचार




### मध्यप्रदेश लेखक संघ जबलपुर इकाई की बैठक आयोजित

#### संयोजक डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने टीम भावना से कार्य करने का किया अनुरोध

**पाटन, देशबन्धु।** प्रदेश के सभी जिलों में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लेखक संघ जबलपुर इकाई की बैठक विगत दिवस श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में आयोजित हुई,जिसमें जबलपुर इकाई के पुनर्गठन संबंधी एवं आगामी कार्ययोजना के विषय में वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य विजय तिवारी किसलय द्वारा लेखक संघ की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई। डॉ.संध्या जैन श्रुति द्वारा लेखक संघ की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। डॉ.कौशल दुबे ने नये लेखकों को संस्था से जोड़ने की बात कही। डॉ.बैजनाथ गौतम ने साहित्यिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर तय करने की बात की। सोहन सलिल ने लेखक संघ में युवा साहित्यकारों को शामिल करने पर बल दिया। डॉ.अरुणा पांडे ने नवोदित महिला लेखकों को शामिल करने पर जोर दिया। अभिमन्यु जैन ने सभी सदस्यों द्वारा लेखक संघ को तन-मन-धन से सहयोग करने का आग्रह किया। सुरेश मिश्र विचित्र ने कहा कि शहर में इसके पुनर्गठन से नवोदित लेखकों को अवसर मिलेगा। बैठक का संचालन अजय मिश्रा द्वारा किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश लेखक संघ जबलपुर इकाई के नव नियुक्त संयोजक डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी द्वारा टीम भावना से कार्य करने की अपील की गई एवं सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक मे पंडित राजेश दुबे,बबलू महराज,इंजी विनोद नयन, गुप्तेश्वर द्वारका गुप्त,डॉ. उदयभानु तिवारी,राकेश सिंह राठौर,अनुराग तिवारी, रमाकांत ताम्रकार,अखिलेश त्रिपाठी,अशोक जैन,हर्षित झा,विनय शर्मा,चन्द्रकांत जैन आदि उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का हुआ गठन



**पाटन देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है की आज जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन में सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का गठन किया गया,जिसमें मनमोहन चौधरी,रामेश्वर प्रसाद दुबे,देवेंद्र भट को क्रमश:जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है साथ ही भोला सिंह चौहान को विशिष्ट सलाहकार का पद दिया गया। सभी पदाधिकारियों को संगठन की तरफ से महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने संगठन के हित में पूर्ण ईमानदारी और सेवाभावना से कार्य करने की बात कही। इसअवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन,राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड,राजेश सहारिया, सुरेंद्र चौधरी,गुडविन चार्ल्स, रऊफ खान,धनराज पिल्ले, आशाराम झारिया,दीपेश जैन, रिज़वान मंसूरी,तेजभान सिंह, कुलदीप सिंह,विनय चौधरी आदि ने उपस्थित होकर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कांग्रेस नेता दिनेश यादव के जन्मदिवस पर दी बधाई

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** वरिष्ठ समाजसेवी कांग्रेस नेता दिनेश यादव के जन्मदिन पर कांग्रेस परिवार की ओर से सुमन कुमार जैन, सरदार दलवीर सिंह जस्सल, राजकुमार जैन, संजय वर्मा, शाकिर कुरैशी, ताहिर खोकर, अशरफ मंसूरी, राजेंद्र जैन बंधु, नेकराम पटेल, अतुल जोसफ, संजय जैन, किपी संजय जैन, प्रभु डॉ. चंद्रेश जैन, डॉ. महेंद्र जैन, अमित जैन, युवा निर्मल चंद जैन, मार्को बाबा, नरेश साहू, सुभाष पटेल, हाजी हामिद खान, मोहम्मद असलम, डॉ. अलीम मंसूरी मकसूद मंसूरी दिलावर खान, रिंकू कुशवाहा ने बधाई प्रेषित की है।

# सोना घोटाले का मुख्य आरोपी नहीं उगल रहा हॉलमार्क का राज

## आरोपी प्रतीक को अदालत में पेश कर लिया पांच दिन का रिमांड

- मध्यांचल ग्रामीण बैंक में नकली सोने से लोन लेने का मामला



***सतना, देशबन्धु।*** मैहर में मध्यांचल ग्रामीण बैंक में सोना घोटाले का पर्दाफास होने के बाद अब मुख्य आरोपी प्रतीक शर्मा हालमार्क का राज नहीं उगल रहा है। दो दिन का रिमांड पूरा होने के बाद मैहर कोतवाली पुलिस ने उसे शुक्रवार को अदालत में पेश किया था। जहां पुलिस के आवेदन पर पांच दिन का रिमांड फिर से स्वीकार कर दिया गया है। अब पुलिस अपने तरीके से पूछने की कोशिश करेगी कि वह गहने कहां से लेता है, हालमार्क कौन लगाता है और अब तक उसने कहां कहां फर्जीवाड़ा किया है। गौरतलब है कि पुलिस इस मामले में आरोपी सगी बहनों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में केन्द्रीय जेल भेज चुकी है।

**केदार ज्वेलर्स की रिपोर्ट**

केदार ज्वेलर्स मैहर के कारोबारी मुकेश सोनी पिता केदार प्रसाद सोनी निवासी कमला मार्केट मैहर की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आरोपी पूजा सिंह, पूनम सिंह और पंजाब ज्वेलर्स मैहर के कारोबारी सुनील आनंद पिता स्व. किशन लाल पंजाबी के विरूद्ध षड्यंत्र पूर्वक नकली सोना बेचकर पैसे ऐंठने का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इसी मामले में पूजा, पूनम और प्रतीक शर्मा पिता हितेन्द्र शर्मा निवासी धाम मोहल्ला पन्ना की गिरफ्तारी हुई है। आरोपी प्रतीक पांच दिन के पुलिस रिमांड पर है।

### पंजाब ज्वेलर्स का मालिक पकड़ से बाहर

नकली सोने को जांचने के बाद उसे असली बताने वाले मध्यांचल ग्रामीण बैंक मैहर के वेल्युअर पंजाब ज्वेलर्स के मालिक को पुलिस पकड़ नहीं पाई है। जबकि नामजद आरोपियों में पंजाब ज्वेलर्स के मालिक सुनील आनंद पिता स्व. किशनलाल पंजाबी निवासी मैहर भी शामिल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ठेकेदार को खुदकुशी के लिए मजबूर करने वाली बैंककर्मी गिरफ्तार

- आईसीआईसीआई बैंक में काम करती थी युवती
- सिविल लाइन थाना पुलिस की कार्रवाई



**सतना, देशबन्धु।** ठेकेदारी पेशा से ताल्लुक रखने वाले एक शादीशुदा युवक को खुदकुशी करने के लिए दुष्प्रेरित करने वाली महिला बैंककर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद युवती को अदालत में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। यह कार्रवाही निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई है।

**फांसी से हुई थी मौत**

पुलिस के अनुसार, 16 जून को दुष्यंत सिंह पिता स्व. अनिल सिंह (35) निवासी मास्टर प्लान ने अपने किराए के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जाँच मे मृतक के परिजनो के बयान, पीएम रिपोर्ट से यह बात सामने आई कि दुष्यंत सिंह के महिला मित्र वैशाली मिश्रा पिता अशोक मिश्रा निवासी मास्टर प्लान करीब एक साल से काफी घनिष्ठ संबंध थे और दुष्यंत से उसने समय समय पर अपनी जरूरत के अनुसार रुपए भी लिए हैं। वैशाली अपने दोस्त दुष्यंत के साथ ही रहना चाहती थी। इसलिए दबाव बनाती थी कि दुष्यंत अपनी पत्नी व बच्चे तथा परिवार को छोड़कर इसी के साथ रहे। जबकि दुष्यंत सिंह पत्नी, बच्चे व परिवार के साथ ही रहना चाहता था।

**संबंध उजागर करने की धमकी:** पुलिस जांचमें यह बात भी सामने आई कि दुष्यंत के साथ नहीं रहने पर वैशाली संबंधो की बात जगजाहिर करने का बोलकर प्रताड़ित करती थी। वैशाली की प्रताडना से तंग आकर दुष्यंत सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपिया वैशाली मिश्रा के विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाही की गई है।

**कार्रवाही में यह रहे शामिल**

इस कार्रवाही में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार के साथ एसआई राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, अम्बिका प्रसाद द्विवेदी, अजीत सिंह सायबर सेल, एएसआई अमर सिंह, प्रधान आरक्षक विवेक दुबे, प्रियंका पटेल, आरक्षक अंकिता सिंह की अहम भूमिका रही।

# बड़ी मढ़िया मंदिर में गुप्त नवरात्र पर भव्य आयोजन दो सौ साल पुराना मंदिर बना आस्था का केन्द्र



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम के हृदय में स्थित लगभग 200 वर्ष पुराना बड़ी मढ़िया नौ देवी मंदिर इस गुप्त नवरात्रि में भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है। नायक परिवार द्वारा निर्मित यह ऐतिहासिक मंदिर, जो बु?नसागर तालाब के तल से लगभग 150 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, अपनी चमत्कारिक शक्तियों और मनोकामना पूर्ति के लिए दूर-दूर तक विख्यात है।

इस मंदिर में नवदुर्गा के नौ विभिन्न स्वरूपों की पाषाण प्रतिमाएं स्थापित हैं, जिन्हें कार्तिक मास के दौरान भव्य स्वर्ण चंद्र आभूषणों से सजाया गया था। ऐसी प्रबल मान्यता है। कि सच्ची श्रद्धा से देवी मां की पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विशेष रूप से, गुप्त नवरात्रि के दौरान, जो भक्त मां के चरणों में जल चढ़ाते हैं, माता रानी उनकी झोली खुशियों से भर देती हैं। बड़ी मढ़िया माता रानी का दरबार अपने चमत्कारों के लिए पूरे क्षेत्र में जाना जाता है।

भक्तों का अनुभव है कि यहां से उन्हें मां का कृपा प्रसाद मनोकामना पूर्ति के रूप में प्राप्त होता है। कई श्रद्धालुओं ने असाध्य रोगों से मुक्ति पाई है, जबकि कई महिलाओं की पुत्रवती होने की कामना भी यहां पूर्ण हुई है। ग्राम के बुजुर्गों के अनुसार, मंदिर पर लगभग तीन बार आकाशीय बिजली गिरने के बावजूद इसे कोई नुकसान नहीं हुआ, जिसे वे देवीय शक्ति का प्रत्यक्ष प्रमाण मानते हैं। मंदिर समिति के सदस्य सोहनलाल असाटी, मोहनलाल, कमलेश असाटी, दीना असाटी, उमेश कुमार, ब्रजेश, लकी, मोंटी, आयुष आदि ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में सुबह से ही महिलाएं निश्चित क्रम से माता की चरण पादुकाओं पर जल चढ़ाने आती हैं। मंदिर में पुजारी मनीष त्रिपाठी, सुभाष मिश्रा और सुरेंद्र चौबे द्वारा सुबह और रात में विधिवत पूजन-पाठ किया जा रहा है। इस अवसर पर वंदना मिश्रा, श्वेता असाटी, साधना असाटी, पटेल, कल्पना मिश्रा, रश्मि मिश्रा, संध्या, रमा पटेल, अनुराधा तिवारी, साक्षी, निशि सहित अनेक महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित होकर देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

# पानी की निकासी नहीं होने से प्राथमिक शाला रामपुर में भरा पानी

## गांव में भी भरा पानी जनजीवन अस्त-व्यस्त



**गांधीग्राम,देशबन्धु।** दो दिनों से हो रही भारी बारिश, और आज शुक्रवार सुबह से मानसूनी बरसात की झड़ी ने गांधीग्राम के पास स्थित रामपुर गांव में विकट जल-भराव की समस्या पैदा कर दी है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर फोरलेन सड़क के दोनों किनारों पर बसे रामपुर गांव में पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने से गांव वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**फोरलेन सड़क किनारे नाली न बनने से गंभीर समस्या**-भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) द्वारा फोरलेन सड़क के निर्माण के दौरान अभी तक पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं किया गया है। इसी वजह से बरसाती पानी गांव से बाहर नहीं निकल पा रहा है और इकट्ठा होकर सीधे घरों में घुस रहा है। गांव वालों का कहना है कि बरसात से पहले ही नालियों का निर्माण किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा न होने से वे भीषण समस्याओं से जूझ रहे हैं।

लगातार बारिश के कारण ह॥-30 के किनारे स्थित शासकीय प्राथमिक शाला रामपुर के सामने रास्ते में भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है। इससे स्कूल जाने का रास्ता बंद हो गया है और बच्चों की उपस्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। स्कूल की बाउंड्री से लेकर गेट तक पानी भर गया है, और गांव में जगह-जगह घरों और रास्तों में पानी भरा होने से अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं।

घरों के सामने भारी मात्रा में पानी जमा होने से ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बरसाती पानी में बहकर आई गंदगी घरों के अंदर घुस गई है, जिससे बदबू आ रही है और लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा, गांव वालों का कहना है कि बरसात में जहरीले जीव-जंतु भी उनके घरों में घुस रहे हैं, जिससे उनके जीवन को खतरा उत्पन्न हो गया है। घरों के सामने 4 से 5 फुट पानी जमा होने से छोटे बच्चों के खेलते समय डूबने का खतरा भी बना हुआ है।

बारिश के कारण रामपुर गांव में विकराल स्थिति बनी हुई है। राजेश केवट, वीरन केवट, नितेश केवट, रामसुजान केवट, ममता बाई, तेरस बाई, कल्लू बाई केवट और रामपुर टोला, गांधीग्राम के कई घरों में पानी घुस गया है। इससे बिस्तर, गेहूं, चावल, दाल और अन्य खाद्य सामग्री गीली होकर बर्बाद हो गई है, जिससे हजारों का नुकसान हुआ है।

ग्राम रामपुर के निवासियों ने ह॥ढु और शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि पानी की निकासी के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि अगर बारिश नियमित रूप से जारी रही तो समस्या और भी जटिल हो सकती है, जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ेंगी। गांव वालों की मांग है कि जल्द से जल्द जलभराव की समस्या से निजात दिलाई जाए।

# बंद कोयला खदान के क्षेत्र में जमीन धंसी, मौहर दफाई बस्ती में दहशत

**नौरोजाबाद, देशबन्धु।** उमरिया जिले वर्षो से बंद पड़ी आठ नंबर स्थित कोयला खदान के बगल में स्थित मौहार दफाई के एक मकान के आंगन में अचानक कई फुट जमीन धसकने से हड़कंप मच गया। यह घटना वार्ड क्रमांक 5 निवासी चमरू बैगा के घर पर घटी है। इससे परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए और हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन गड्ढे की गहराई और जमीन धसकने की तेज आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए हैं। उधर प्रशासन ने क्षेत्र का दौरा कर लोगों से उस इलाके में न जाने की अपील की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी गहराई तक जमीन का धंसना पहले कभी नहीं देखा गया। लोगों को अब अपने घरों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता सता रही है। इस हादसे ने फिर एक बार यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बंद खदानों के इलाकों की जमीन सुरक्षित है? क्या भौगोलिक व तकनीकी जांच कोल प्रबंधन या प्रशासन द्वारा समय पर की जा रही है?

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कोल प्रबंधन की ओर से पूर्व में ऐसे क्षेत्रों को खाली करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन गरीब परिवारों के पास अपने घर छोड़ने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। मजबूरी में लोग जान का जोखिम उठाकर अब भी ऐसे संवेदनशील इलाकों में रह रहे हैं। मामले की गंभीरता को समझते हुए एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह के द्वारा जमीन धसकने वाले क्षेत्र का निरीक्षण कर मौहार दफाई मे रह रहे लोगों को हिदायत दी गई कि जहाँ पर जमीन धसकने एक बड़ा गड्ढा हो गया है, उस तरफ बिलकुल न जाएं। इस दौरान पाली एसडीएम के साथ नौरोजाबाद तहसीलदार अभय नंद शर्मा भी मौजूद थे,

**इनका कहना है**-हम लोग मौहार दफाई वार्ड नंबर पाँच में लगभग 40 वर्षो से रह रहे हैं। जिस दिन से हमारे घर के बगल में जमीन धसकने से गहरा गोफ हो गया है उस दिन से हम सभी बस्ती वासी काफी डरे हुए हैं। हम सरकार से निवेदन करते हैं कि सरकार हमारे जान माल की सुरक्षा करे।

**छोटी बाई,** वार्ड पांच मौहार दफाई

## महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्याएं सरकार की नाकामी का परिणाम : सुनील प्रभु

**मुंबई, (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र विधानसभा में इस मुद्दे को लेकर विपक्ष ने हंगामा खड़ा कर दिया कि जनवरी से मार्च तक राज्य में कुल 700 से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना नेता (यूबीटी) सुनील प्रभु ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने किसानों की आत्महत्या को राज्य सरकार की नाकामी का परिणाम बताया है। शिवसेना नेता (यूबीटी) सुनील प्रभु ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्याएं सीधे तौर पर सरकार की नाकामी का परिणाम हैं। सरकार ने किसानों से कई वादे किए, लेकिन जमीन पर कोई मदद नहीं पहुंचाई। भारी कर्ज और मानसिक तनाव के कारण किसान आत्महत्या कर रहे हैं एक किसान द्वारा बैल की जगह खुद को लगाकर खेत जोतने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर सुनील प्रभु ने कहा कि यह महाराष्ट्र में किसानों की दुर्दशा को दिखाता है। वीडियो वायरल होने के बाद भी न तो कोई सरकारी सहायता भेजी गई और न ही ट्रैक्टर जैसी सुविधाएं मुहैया कराई गईं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने की अमेरिकी एफबीआई व राष्ट्रीय खुफिया प्रमुखों से मुलाकात, कहा

# भारत व अमेरिका को आतंकवाद पर मिलकर काम करने की जरूरत

**■ भारत व अमेरिका ने 2010 में आतंकवाद विरोधी पहल पर किए थे हस्ताक्षर**

**वाशिंगटन,** (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को अमेरिका के दो शीर्ष खुफिया अधिकारियों से मुलाकात की। उनकी ये मुलाकात संघीय जांच ब्यूरो के निदेशक काश पटेल और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से हुई। गबार्ड से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने बताया कि दोनों के बीच वैश्विक स्थिति और द्विपक्षीय सहयोग पर अच्छी बातचीत हुई।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पटेल से मिलकर उन्हें बहुत खुशी हुई और वे संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद का मुकाबला करने में हमारे योगदान की सराहना करते हैं। हवाई की रहने वाली कांग्रेस की पूर्व सदस्य गबार्ड हिंदू धर्म को मानती हैं। वहीं, पटेल भी हिंदू हैं और भारतीय मूल के हैं।

भारत के लिए आतंकवाद एक बड़ी समस्या है। भारत और अमेरिका मिलकर इस पर दुनिया भर में काम कर सकते हैं।

26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद, भारत और अमेरिका ने 2010 में



आतंकवाद विरोधी पहल पर हस्ताक्षर किए।

भारत-अमेरिका आतंकवाद विरोधी कार्य समूह और भारत-अमेरिका आतंकवाद विरोधी नामांकन संवाद आतंकवादियों और उनसे जुड़े व्यक्तियों और संगठनों की पहचान करने के लिए काम करता है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नशीली दवाओं की तस्करी रोकना सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। अमेरिकी अधिकारियों के साथ विदेश मंत्री की बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत में चल रहे अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी अभियान पर कार्रवाई की घोषणा की, जिसका तार अमेरिका तक फैला हुआ है। प्रेस सूचना ब्यूरो के अनुसार, भारत के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने खुफिया जानकारी साझा की, जिसके कारण अमेरिकी ड्रग एनफोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क के सरगना को गिरफ्तार किया। अलाबामा में दवाइयों की बड़ी खेप भेजने वाला जोएल हॉल गिरफ्तार किया गया। जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया के साथ क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए थे।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए गहन वार्ता जारी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ की समयसीमा नजदीक आने के साथ ही, अगले कुछ दिनों में प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच वाशिंगटन, डीसी में विचार-विमर्श चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार, जहां भारत की ओर से अपने श्रम-प्रधान सामान जैसे कि वस्त्र, जूते और चमड़े के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग की जा रही है, वहीं वाशिंगटन अपने कृषि और दैनिक उत्पादों के लिए शुल्क रियायत चाहता है। जो कि प्रमुख मतभेदों को दूर करने के लिए अंतिम समय में उठाए गए कदम का संकेत है। उन्होंने कहा है कि 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य के लिए, विशेष रूप से उच्च-रोजगार वाले सामानों पर व्यापक टैरिफ कटौती की आवश्यकता है।

## रूसी तेल खरीदार देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क के मसले पर भारत अमेरिका के संपर्क में : जयशंकर

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव को लेकर भारत ने अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है। डॉ. जयशंकर ने बुधवार रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी संसद में उठने वाले हर विषय में भारत की दिलचस्पी है जिससे भारतीय हित प्रभावित हो सकता है। डॉ. जयशंकर रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव पर टिप्पणी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी चिंताओं से सीनेटर लिंडसे ग्राहम को अवगत करा दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का प्रावधान है। अगर ऐसा होता है तो भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस पर प्रस्तावित विधेयक के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ चर्चा कर रहे हैं, जिसके तहत रूसी तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पादों को खरीदने वाले किसी भी देश से आयात पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने विधेयक को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है।

## आज का इतिहास

1658 – मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया।

1687– न्यूटन के प्रिंसिपिया को रॉयल सोसायटी ऑफ इंग्लैंड ने पब्लिश किया। इसमें लॉ ऑफ मोशन और गुरुत्वाकर्षण के बारे में जानकारी थी।

1811 – वेनेजुएला के सात प्रांतों ने स्पेन के शासन से स्वतंत्रता की घोषणा की।

1922 – नीदरलैंड में पहली बार आम चुनाव हुए।

1935 – फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने अमेरिका के नेशनल लेबर रिलेशंस कानून पर हस्ताक्षर किए।

1950 – नये कानून के तहत सभी यहूदियों को इस्राइल में रहने की अनुमति दी गयी।

1954 – बीबीसी ने अपने पहले टीवी समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया।

1959 – इंडोनेशिया में संविधान बहाल किया गया।

## सुडोकू 6964

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | | 8 | 1 | 5 |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | 4 | 6 | | | | | 2 |
| | 1 | 2 | | | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | | 3 |
| 8 | | | | | | 1 | 4 | |
| 2 | | | | | 4 | 5 | | 8 |
| | | | | | 3 | | | |
| 5 | 8 | 1 | | | | 3 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### ओडिशा स्कूली शिक्षा में देश में पांचवें स्थान पर, नवीन पटनायक ने जताई खुशी

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार की परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई 2.0) रिपोर्ट 2023-24 में ओडिशा ने स्कूली शिक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया है। पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। ओडिशा ने पीजीआई 2.0 में 595.6 अंक प्राप्त किए और उसे प्रचेष्टा-3 ग्रेड मिला। यह 2019 में 14वें स्थान की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है। पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई और इसे राज्य की 5टी पहल का परिणाम बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'ओडिशा ने स्कूली शिक्षा में देश में पांचवां स्थान हासिल किया है।

### बाढ़ के मद्देनजर अतिसंवेदनशील तटबंधों की निगरानी, 'श्रमिक' तैनात

**पटना।** बिहार में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। विभाग का दावा है कि विभिन्न नदियों पर अवस्थित अतिसंवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर बाढ़ से पूर्व कटाव निरोधक कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं। बाढ़ अवधि के दौरान खतरनाक, अतिसंवेदनशील और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का भंडारण भी कर लिया गया है। राज्य के विभिन्न जिलों में चिन्हित किए गए अतिसंवेदनशील और संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी के इंतजाम किए गए हैं। बाढ़ से बचाव के लिए राज्य की विभिन्न नदियों में कटाव निरोधक कार्य पूरे हो चुके हैं। इनमें गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, बूढ़ी गंडक, कमला बलान और महानंदा नदी बेसिन शामिल हैं। विभाग के मुताबिक, खतरनाक और अतिसंवेदनशील स्थलों पर तटबंध एम्बुलेंस की तैनाती की गई है।

### उत्तर प्रदेश को मिलेगा नया लिंक एक्सप्रेसवे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी प्रदान की गयी है। लगभग 49.96 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसका निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल पर किया जाएगा। परियोजना पर अनुमानित 4775.84 करोड़ रुपये का व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

## इंडोनेशिया ने नाव पीड़ितों को बचाने के दिए निर्देश

**जकार्ता,** (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी (बसरनास) को अंतर-द्वीप नौका टुनु प्रतामा जया के यात्रियों और चालक दल को तत्काल बचाने के निर्देश दिए है। यह नाव खराब मौसम के कारण बाली जलडमरूमध्य में डूब गई है।

कैबिनेट सचिव टेडी इंद्र विजया ने कहा कि राष्ट्रपति ने सऊदी अरब से सीधे निर्देश जारी किए है। वे एक आधिकारिक दौरे पर वहां गए हुए हैं और उनके कार्यक्रम में उमराह की तीर्थयात्रा भी है। श्री टेडी ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति ने सऊदी अरब से बसरनास और संबंधित एजेंसियों को आपातकालीन कार्रवाई करने और यात्रियों और चालक दल को जल्द से जल्द बचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि आपातकालीन अभियान में पीड़ितों को बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि ये नौका टुनु प्रतामा जया बुधवार रात जावा द्वीप के पूर्वी छोर पर केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमनुक बंदरगाह के बीच डूब गई। नाव में 53 यात्री और चालक दल के 12 सदस्यों के अलावा दसियों वाहन भी थे। इस दुर्घटना में चार लोग मारे गए हैं और 30 लापता हैं और 31 लोग बच गए हैं। यह दुर्घटना दोनों क्षेत्रों के बीच समुद्री सीमा के पास हुई है इसलिए बाली द्वीप और पूर्वी जावा दोनों से खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिए गए हैं।

## रूस को यूक्रेन के साथ तीसरे दौर की वार्ता जल्द होने की उम्मीद : क्रेमलिन

**मॉस्को,** (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन लंबी लड़ाई के बाद अब शांति की दिशा में कदम उठा रहे हैं। दो दौर की बातचीत लगभग सफल रही और अब क्रेमलिन को उम्मीद है कि रूस-यूक्रेन वार्ता के तीसरे दौर की तारीख जल्द तय हो सकती है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर जल्द ही सहमति बन जाएगी। उन्होंने दोहराया कि वार्ता का कार्यक्रम दोनों पक्षों की सहमति से ही तय किया जा सकता है।

पेस्कोव ने स्पष्ट किया कि अभी तक कोई निश्चित तारीख तय नहीं हुई है और यह प्रक्रिया आपसी सहमति पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह एक पारस्परिक प्रक्रिया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता के मुताबिक, अगली वार्ता प्रक्रिया की गति कीव शासन और अमेरिका के मध्यस्थता करने के प्रयासों पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और उसे ध्यान में रखना जरूरी है।

रूस-यूक्रेन के बीच पहली बैठक में कैदियों की अदला-बदली पर सहमति बनी थी, जबकि दूसरी बैठक में 6000 यूक्रेनी सैनिकों के शवों की वापसी, बीमार और 25 साल से कम उम्र के कैदियों की अदला-बदली पर सहमति बनी थी। पहले दौर की वार्ता 16 मई को इस्तांबुल में हुई, जबकि दूसरे दौर में 2 जून को तुर्किए में दोनों देशों के बीच बातचीत हुई थी। पिछली बैठक में यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने प्रस्ताव दिया था कि तीसरी बैठक जून के आखिरी हफ्ते में आयोजित की जाए, लेकिन ये वार्ता नहीं हो पाई।



■ लंबी लड़ाई के बाद अब शांति की दिशा में कदम उठा रहे रूस व यूक्रेन

## इजरायल-गाजा युद्धविराम पर बंधकों की रिहाई पर सार्वजनिक समारोह नहीं करेगा हमास

**तेल अवीव,** (एजेंसियां)। गाजा युद्धविराम समझौतों पर बातचीत के बाद हमास इजरायली बंधकों को रिहा करने जा रहा है, लेकिन इसके लिए सार्वजनिक समारोह आयोजित नहीं करेगा।

न्यूयॉर्क टाइम्स को इसकी जानकारी एक इजरायली रक्षा अधिकारी और आतंकवादी समूह के करीबी फिलिस्तीनी स्रोत ने दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जिस प्रस्ताव पर चर्चा जारी है, उसके तहत 10 जीवित बंधक और 18 मृत बंदियों के अवशेष इजरायल को सौंपे जाएंगे। हमास इन बंधकों को 60 दिन के युद्धविराम के बीच पांच अलग-अलग मौकों पर रिहा करेगा। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की थी कि इजरायल के युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने हमास से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया है। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार भी कह चुके हैं कि उनका देश जितनी जल्दी हो सके हमास के साथ युद्धविराम समझौते पर बातचीत को उत्सुक है। गिदोन सार ने पत्रकारों से कहा कि कुछ सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन हमारा लक्ष्य जल्द से जल्द बातचीत शुरू करना है। दूसरी ओर, बुधवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमास को खत्म करने की कसम खाकर युद्धविराम को एक नया मोड़ दे चुके हैं। नेतन्याहू ने ट्रांस-इजरायल पाइपलाइन की तरफ से आयोजित एक मीटिंग में कहा कि हम अपने सभी बंधकों को मुक्त कर देंगे। हम हमास को खत्म कर देंगे। यह अब और नहीं रहेगा। हमारे पास बहुत बड़े मौके हैं। हम उन्हें नहीं खोएंगे। हम न तो उन्हें असफल होने देंगे और न ही उन्हें गवाएंगे।



■ इजरायल व हमास के बीच 21 महीनों से जारी है संघर्ष

## संयुक्त राष्ट्र ईरान के आईएईए के साथ सहयोग रोकने से चिंतित

**न्यूयॉर्क,** (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र (यूएन)ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अस्थायी रूप से सहयोग समाप्त करने के ईरान के फैसले पर चिंता व्यक्त की है। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि हमने आधिकारिक निर्णय देखा है, जो स्पष्ट रूप से चिंताजनक है। महासचिव ने हमेशा ईरान से आईएईए के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है और परमाणु मुद्दों पर सभी देशों के साथ सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया है।

यह निर्णय ईरान की संसद द्वारा पारित एक कानून के बाद आया है जिसमें आईएईए के साथ सहयोग को तब तक रोकने करने का प्रावधान है जब तक कि उसके परमाणु संयंत्रों और वैज्ञानिकों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती। ईरान ने हाल के अमेरिकी और इजरायली हवाई हमलों के बाद यह कदम उठाया है, जिसमें उसके परमाणु स्थलों को निशाना बनाया गया था। ईरान के इस कदम से आईएईए निरीक्षकों को उसके परमाणु स्थलों पर जाने के लिए अब देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

## वर्ग पहेली 6964

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. एक वाममार्गी शैव संप्रदाय जो मनुष्य की खोपड़ी लिए घूमता है, उसी में खाता-पीता है
३. उपद्रव, अराजकता, घपला
५. भेंट, उपहार (उर्दू)
६. धनी व्यक्ति का पुत्र(उर्दू)
७. बंदीगृह, कारागार
९. उदाहरण, दृष्टांत(उर्दू)
१०. आगे बढ़कर स्वागत करना
१२. गांठ, बंधन, गुत्थी, जेब(उर्दू)
१३. असहमति (उर्दू)
१४. ब्रजभूमि में रहने वाला
१६. निर्जन, सन्नाटा (उर्दू)
१८. गिरना, नीचे गिरना, अवनति
२०. दीप्ति, आभा.
२१. आजीवन अविवाहित रहने वाली
२३. फायदेमंद

**ऊपर से नीचे:-**

१. डरपोकपन, भीरूता
२. पहनावा (उर्दू)
३. बीता हुआ समय
४. उपद्रव, दगा (उर्दू)
५. बिजली, गाज
८. एक साथ कई लोगों द्वारा मिलकर गाया जाने वाला गीत
१०. छोटा भाई
११. लौटना, पुन: आना
१२. बंधक, रेहन(उर्दू)
१३. संकेत, इशारा, मन का भाव
१४. गुरुकुल में रहकर वेदाध्ययन करने का काल
१५. इमारत, पुल आदि बनाने की कला
१७. कमल
१८. पक्षी, चिड़िया(उर्दू)
१९. कुशल राजनीतिज्ञ, श्रेष्ठ व्यवस्थापक
२२. देश, राज्य, पुरुरवा के वंशज काशी का पुत्र

### वर्ग पहेली-6963

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सं | २ तु | ष्ट | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| प | ■ | र | ■ | ५ बा | व | ला | ■ | ह | ■ |
| ६ ला | ग | त | मू | ल्य | ■ | ७ ह | र | जा | ८ ना |
| भ | ■ | ■ | ■ | ९ का | ज | ल | ■ | ■ | मु |
| ■ | १० अ | स्वा | ११ च | ल | ■ | ■ | १२ अं | त | रा |
| ■ | ग्र | ■ | रि | ■ | १३ नि | य | ति | ■ | द |
| १४ रा | ज | १५ प | त्र | ■ | प | ■ | १६ म | १७ न | ■ |
| म | ■ | र | ■ | १८ कं | ट | १९ क | ■ | क | ■ |
| २० रा | घ | व | ■ | ग | ■ | २१ टा | ल्स | टा | २२ य |
| ज्य | ■ | २३ श | य | न | क | क्ष | ■ | ■ | दि |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

यादें — अमेरिकी इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है 4 जुलाई का दिन

# 13 अमेरिकी उपनिवेशों ने की थी स्वतंत्रता की घोषणा

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। विश्व के सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली देशों में से एक अमेरिका आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वैश्विक मंच पर चाहे कोई संकट हो या कोई महत्वपूर्ण मुद्दा, अमेरिका अक्सर सबसे पहले हस्तक्षेप करने वाला देश होता है। लेकिन एक समय ऐसा भी था, जब यह महाशक्ति ब्रिटिश साम्राज्य की गुलामी में जकड़ा हुआ था और अमेरिका को गुलामी से आजादी 4 जुलाई को मिली थी। अमेरिकी इतिहास में 4 जुलाई का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। यह वह ऐतिहासिक दिन है जब 1776 में अमेरिका ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता हासिल की और 108 साल बाद, यानी 1884 में, फ्रांस ने इसे स्वतंत्रता का प्रतीक स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी तोहफे में दिया।

यह दिन न केवल अमेरिका की आजादी की गाथा बयां करता है, बल्कि स्वतंत्रता और वैश्विक एकजुटता के प्रतीक के रूप में भी चमकता है। अमेरिका के ऑफिस ऑफ द हिस्टोरियन कार्यालय के मुताबिक, 1760 और 1770 के दशक में अमेरिकी उपनिवेशवासियों का ब्रिटिश सरकार से असंतोष बढ़ने लगा। ब्रिटेन ने उपनिवेशों पर कई कर (जैसे स्टैम्प एक्ट, टाउनशेंड एक्ट) और सख्त नियम लागू किए, लेकिन उपनिवेशवासियों को ब्रिटिश संसद में कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। इसका मतलब था कि उनके हितों की अनदेखी हो रही थी। इस विरोध की शुरुआत उपनिवेशवासियों ने की, जिन्होंने इन करों और नियमों का विरोध किया। जब ब्रिटेन ने उनके विरोध को नजरअंदाज किया और बोस्टन बंदरगाह को बंद कर मैसाचुसेट्स में सख्ती (मार्शल लॉ) लागू की, तो गुस्सा और बढ़ गया।



इसके बाद उपनिवेशवासियों ने चाय पर कर के खिलाफ ब्रिटिश चाय को बोस्टन हार्बर में फेंक दिया। जवाब में, ब्रिटेन ने और सख्त कानून बनाए, जिससे उपनिवेशवासियों का गुस्सा भड़क उठा।

1774 में उपनिवेशों ने एकजुट होकर कॉन्टिनेंटल कांग्रेस बनाई। इसका मकसद ब्रिटिश सामानों का बहिष्कार करना और ब्रिटेन के खिलाफ एकजुट प्रतिरोध करना था। लड़ाई की शुरुआत 1775 में हुई, जब मैसाचुसेट्स में उपनिवेशवासियों और ब्रिटिश सैनिकों के बीच लड़ाई शुरू हो गई। इससे कॉन्टिनेंटल कांग्रेस ने ब्रिटिश विरोध को और संगठित किया। थॉमस पेन की किताब कॉमन सेंस (1776) ने स्वतंत्रता की मांग को और बल दिया। बेंजामिन फ्रैंकलिन जैसे नेताओं ने फ्रांस से मदद मांगने की कोशिश की। इस पर फ्रांस ने कहा कि वे तभी मदद करेंगे, जब उपनिवेश स्वतंत्रता की घोषणा करें। 4 जुलाई, 1776, ये वो दिन था, जब 13 अमेरिकी उपनिवेशों ने कॉन्टिनेंटल कांग्रेस के माध्यम से स्वतंत्रता की घोषणा की और अमेरिका को ब्रिटिश गुलामी से मुक्त किया, जिससे वे एक स्वतंत्र राष्ट्र बन पाए।

# खेल जगत

## बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस चिकित्सकों से मिलने लंदन रवाना

**कोलंबो।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की कोचों के प्रदर्शनों की समीक्षा की अटकलों के बीच टीम के मुख्य कोच फिल सिमंस शुक्रवार को चिकित्सकों से मिलने लंदन रवाना हो रहे हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज सिमंस सात जुलाई को श्रीलंका लौट सकते है। ऐसे में उम्मीद है कि वे सीरीज के तीसरे एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश यहां एकदिवसीय सीरीज के बाद तीन टी-20 मैच खेलेगा। बंगलादेश क्रिकेट टीम मैनेजर नफीस इकबाल ने अटकलों को विराम देते हुए शुक्रवार को कहा कि फिल सिमंस निजी कारणों से दो दिनों के दौरे पर लंदन जा रहे हैं। इकबाल ने बताया कि फरवरी में उन्होंने चिकित्सकों से मुलाकात करनी थी, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के कारण वे ऐसा नहीं कर पाए। अब फिजिशियन के साथ मुलाकात का समय बदला नहीं जा सकता।

# पाकिस्तानी टीम आएगी भारत, एशिया कप में हिस्सा लेने को मिली मंजूरी

## आधिकारिक रूप से सरकार की ओर से अभी कोई सूचना नहीं मिली: भोलानाथ सिंह

■ भारत अपने पड़ोसी पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय टूर्नामेंट में नहीं खेलेगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (देशबन्धु)। भारत सरकार ने पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम को राजगीर (बिहार) में अगस्त-सितंबर में होने वाले एशिया कप और जूनियर पुरुष टीम को नवंबर दिसंबर में चेन्नई और मदुरै में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में खेलने भारत आने के लिए मंजूरी दे दी है।



यह जानकारी खेल मंत्रालय के सूत्रों ने दी। हालांकि आधिकारिक रूप से इस पर अभी कुछ नहीं कहा गया है। 27 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर (बिहार) में होने वाला एशिया कप एफआईएच हॉकी विश्व कप का क्वालीफायर है और भारत की नजर इसमें जीत के साथ विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर लगी हैं। वहीं 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई में होने वाले जूनियर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत और पाकिस्तान एक ही पूल बी में हैं। भारत ने पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान को इसके लिए जिम्मेदार बताते हुए इसके खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर कर वह आतंकियों के अड्डों को नष्ट करने के बाद उससे सभी तरह के राजनयिक और राजनीतिक रिश्ते तोड़ दिए और इसी के चलते पाकिस्तान के भारत की मेजबानी में होने वाले टूर्नामेंट में शिरकत करना अधर में लटका लग रहा था। सूत्रों ने साफ कहा, 'भारत अपने पड़ोसी पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय टूर्नामेंट में नहीं खेलेगा। हम पाकिस्तान को भारत की मेजबानी में होने वाले किसी भी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंट में शिरकत करने से नहीं रोकेंगे।

सरहद पर विवाद के चलते किसी भी मुल्क को अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शिरकत करने से रोकना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन है और भारत की अच्छी नुमाइंदगी नहीं है। हम बस मानक नियम का पालन कर रहे हैं।' भारत की निगाहें 2036 के ओलंपिक की मेजबानी पर लगी हैं। भारत यदि पाकिस्तान की टीमों को इन दोनों हॉकी टूर्नामेंट में आने की मंजूरी नहीं देता तो भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) पर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता था। भारत और पाकिस्तान हालांकि क्रिकेट में द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलते हैं जबकि दोनों मुल्कों द्वारा आयोजित किए जाने वाले आईसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट में दोनों टीमें हाइब्रिड मॉडल के तहत तटस्थ देश में खेलती हैं। ओलंपिक चार्टर खेल को शांति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का माध्यम है। किसी देश को वैश्विक या महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भाग लेने से मना करना अंतरराष्ट्रीय संघों की गंभीर जांच का विषय बन सकता है। भारत और पाकिस्तान बीते करीब दो दशकों से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेले हैं और और यहां तक कि कड़वे सियासी रिश्तों के चलते बहुपक्षीय मुकाबले भी दबाव में ही खेले गए।

### मीडिया से ही इस बाबत पता चला: भोलानाथ सिंह

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने इस बाबत पूछे जाने पर कहा, 'हमें भी मीडिया के माध्यम से ही पाकिस्तान की टीमों को भारत सरकार द्वारा एशिया कप और जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने की इजाजत दिए जाने की बाबत मालूम पड़ा है। हमें हालांकि अभी आधिकारिक रूप से भी सरकार की ओर से इस बाबत कोई सूचना नहीं मिली है। हमारा इस बाबत शुरू से यही रुख रहा है।

### पाक सरकार से मंजूरी मिलनी अभी बाकी : राणा मुजाहिद

पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) और पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा उन्हें अभी पाकिस्तान सरकार से भारत में अगले महीने राजगीर(बिहार) में होने वाले पुरुष हॉकी एशिया कप और चेन्नई और मदुरे में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में हिस्सा लेने की मंजूरी मिलनी अभी भी बाकी है।पीएचएफ के महासचिव राणा मुजाहिद ने पीएसबी से अपनी पुरुष हॉकी और जूनियर पुरुष हॉकी टीमों को शिरकत करने भेजने के लिए जानकारी मांगी है। बताया जाता है कि पीएसबी ने पीएचएफ द्वारा मांगी आधिकारिक जानकारी संबद्ध मंत्रालयों में भेज दिया है लेकिन उसका जवाब आना अभी बाकी है। पीएसबी के प्रवक्ता खुर्रम शहजाद ने इस बाबत स्पष्ट किया, 'अभी तक पाकिस्तान का भारत में होने वाले दोनों हॉकी टूर्नामेंट में शिरकत करना तब तक तय नहीं है। पाकिस्तान सरकार इन दोनों पाकिस्तानी हॉकी टीमों को भारत में किसी भी टूर्नामेंट में भेजने की बाबत नीति की बाबत नहीं बताती है। पीएचएफ का अनुरोध पीएसबी को मिला जरूर है और उसने इसे अंतर प्रांतीय समन्वय मंत्रालय को भेज दिया है जिसने की इसे इंटीरियर मिनिस्ट्री व विदेश मंत्रालय को अंतिम फैसले के लिए भेज दिया है, जिसके जवाब का अभी इंतजार है।



# मैं अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठाना चाहता था : गिल

■ गिल ने सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी ने टीम इंडिया को 587 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया

**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में शुभमन गिल ने 269 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली, जिसने उन्हें रिकॉर्ड बुक में जगह दिलाई। इस ऐतिहासिक पारी के बाद शुभमन गिल ने तकनीकी सुधार और मानसिक बदलाव के बारे में बात की। 25 वर्षीय भारतीय कप्तान की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी ने टीम इंडिया को 587 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया, जो 18 साल में इंग्लैंड में उनका सबसे बड़ा स्कोर है। इसके बाद दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मेहमान गेंदबाजों ने इंग्लैंड को 77/3 पर रोकने में भी मदद की। अपनी पारी के बारे में बात करते हुए शुभमन गिल ने बताया कि बल्लेबाजी का आनंद फिर से पाना उनके रेड-बॉल क्रिकेट में सफलता का बड़ा कारण रहा।उन्होंने कहा कि जब रन आसानी से नहीं बनते, तो बल्लेबाजी का मजा खत्म हो जाता है। आप सिर्फ रन बनाने पर ध्यान देते हैं। मुझे लग रहा था कि मैंने यह आनंद खो दिया था। मैं इतना केंद्रित था कि बल्लेबाजी का मजा नहीं ले पा रहा था। नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने वाले गिल ने बताया कि बुनियादी बातों पर लौटने से उनकी लय वापस आई। मैंने अपनी शुरुआती मूवमेंट और सेटअप पर काम किया। पहले मुझे लगता था कि मेरी बल्लेबाजी अच्छी चल रही थी। मैं टेस्ट में लगातार 35-40 रन बना रहा था, लेकिन मैं पूरी एकाग्रता खो रहा था। उन्होंने कहा कि कई लोग कहते हैं कि ज्यादा ध्यान देने से आप अपनी सर्वश्रेष्ठ एकाग्रता का समय चूक जाते हैं।

### दोहरे शतक के बाद माता-पिता से मिली सराहना

**नई दिल्ली।** इंडियन टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में खेले जा रहे एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 269 रन की पारी खेली। गिल ने इस पारी में दिखाया कि उनकी बल्लेबाजी में वह धार मौजूद है, जिसके दम पर उन्हें टीम की कमान सौंपी गई है। इस शानदार पारी के बाद गिल अपने माता-पिता की ओर से मिले संदेश को सुनकर भावकु हो गए। शुभमन गिल ने इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय कप्तान बनकर इतिहास रचा है। वह 2016 में विराट कोहली के 200 के बाद एशिया के बाहर टेस्ट मैचों में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बन गए। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली 269 रन की पारी के दम पर विराट कोहली के 254 रन के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है।

# मेरा लक्ष्य सीनियर भारतीय हॉकी टीम में वापस स्थान बनाना : वरुण कुमार

**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (देशबन्धु)। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार के लिए भारत ए टीम में शामिल किया जाना सीनियर भारतीय हॉकी टीम में वापस स्थान बनाने का मौका है। भारत ए टीम शुक्रवार रात बेंगलुरु से एम्सटर्डम के लिए रवाना होगी।बीते करीब एक बरस से सीनियर भारतीय हॉकी टीम से बाहर वरुण कुमार ने कहा,'मुझे पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम से बाहर रहने का मलाल है। मुझे मालूम है कि मैं ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में स्थान बनाने की होड़ में था। मैं अब अतीत को भुलाकर भारत ए के लिए खेलने के मौके को भुना कर नया आगाज करना चाहता हूं।' वरुण भारतीय सीनियर हॉकी टीम के लिए जर्मनी के खिलाफ दिल्ली में बीते बरस मैत्री मैच में खेले थे लेकिन अब राजगीर में होने वाले एशिया कप से पहले भारत ए के लिए मिला खेलने के मौका उनके लिए सीनियर भारतीय हॉकी टीम में वापस स्थान बनाने का मौका है। वरुण कहते हैं,'निजी तौर पर मेरा लक्ष्य सीनियर भारतीय हॉकी टीम में वापस स्थान बनाना। मेरे लिए फिलहाल अब ज्यादा अहम अपना खेल बेहतर करना है। मैं बीते करीब डेढ़ बरस से भारतीय टीम के लिए पूरे दौरे पर नहीं खेला हूं और यह लंबा वक्त है और हॉकी निरंतर बदल रही हैँ। हॉकी का ढांचा बदल चुका है और यह और तेज हो गई है। मैं इसे नए आगाज के रूप में देख रहा हूं।'



■ आगामी एशिया कप के लिहाज से भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन बेहद अहम

ड्रैग फ्लिकर और फुलबैक संजय की कप्तानी में भारत ए टीम आठ जुलाई से शुरू हो रहे इस यूरोप दौरे पर आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैच तथा बेल्जियम और इंग्लैंड के खिलाफ एक एक मैच खेलेगी।

## सार संक्षेप

### अंडर 17 वर्ग में युवराज सिंह ने जीता पहला स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** 59वीं दिल्ली राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप का आज यहां तालकटोरा स्विमिंग पूल में उद्घाटन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष सीताराम साहू और पंजाब स्विमिंग एसोसिएशन के सीईओ बलराज शर्मा ने किया। चैंपियनशिप का आयोजन 7 जुलाई तक चलेगा। चैंपियनशिप में 410 से अधिक लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप के पहले दिन 800 मी फ्री स्टाइल अंडर 17 में युवराज सिंह ने पहला गोल्ड मेडल 8 मिनट 54.42 का समय निकालकर अपना नाम किया जबकि वंश ने दूसरा और धनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लड़कियों में अन्य रावत ने 9 मिनट 56.59 का समय निकालकर पहला स्थान पाया। तितिक्षा रावत ने दूसरा और प्रकृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 लड़कों में रक्षित टोकस ने 9 मिनट 48 ,55 का समय निकालकर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि विशु मौर्य ने दूसरा और मानव लाकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में अमीरा सिंगल ने 10 मिनट 55.47 का समय निकालकर पहला स्थान पाया। यादवी नेगी ने दूसरा और प्रांजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### चीन की वांग शिनयू विंबलडन के दूसरे दौर में बाहर

**लंदन।** चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने गुरुवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया। वांग ने मैच के बाद कहा कि मु्झे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा कि 4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला। वह कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सफल रही, और फिर वह शायद अधिक आराम से खेली। मुझे लगता है कि उस पल से, उसने निश्चित रूप से अपना स्तर बढ़ाया। बेशक, मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद है। भले ही मेरे प्रतिद्वंद्वी ने वास्तव में अच्छा खेला, हमारा मैच बहुत करीबी था, और कुछ ऐसे क्षेत्र थे जहां मुझे लगता है कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। लेकिन मुझे लगता है, आज, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को फिर हराया

**जागरेब।** शतरंज के क्लासिकल प्रारूप में मौजूदा विश्व नंबर 1 भारत के डी. गुकेश ने गुरुवार को जागरेब में सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज क्रोएशिया 2025 में मैग्नस कार्लसन को हरा दिया।नॉर्वे के दिग्गज के खिलाफ गुकेश की हालिया जीत नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के कुछ ही सप्ताह बाद आई है। नॉर्वे शतरंज के विपरीत जहां जीत क्लासिकल प्रारूप में हुई थी, हालिया जीत रैपिड प्रारूप में आई है। गुरुवार को कार्लसन ने 49 चालों के बाद हार मान ली, इसके बाद हाथ मिलाया और फिर वे मंच से चले गए। यह स्टावेंजर में भावनात्मक प्रतिक्रिया के बिल्कुल विपरीत था जहां हार के बाद उन्होंने टेबल पर मुक्का मारा था।

# एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप: भारत ने जीता रजत पदक

**अस्ताना (कजाकिस्तान),** 4 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की पुंगनी तारा ने शुक्रवार को 2025 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 किलोग्राम भार वर्ग (युवा बालिका) में रजत पदक जीता।




पुंगनी ने कुल 141 किलोग्राम वजन उठाया। उनके व्यक्तिगत भारोत्तोलनों में 60 किलोग्राम स्नैच, 81 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क शामिल थे, जिससे उनका उठाया कुल वजन 141 किलोग्राम हो गया। इस प्रदर्शन के साथ, फुंगनी ने क्लीन एंड जर्क में स्वर्ण पदक और कुल भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल किया। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुंगनी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पुंगनी तारा को हार्दिक बधाई देता हूं और सभी कोचों और सहयोगी स्टाफ को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। यह परिणाम हमारे एथलीटों के समर्पण और हमारी कोचिंग टीम की कड़ी मेहनत का प्रमाण है, खासकर सीमित तैयारी के समय को देखते हुए।

# वेस्टइंडीज हेड कोच सैमी ने की अपने गेंदबाजों की तारीफ

**ग्रेनाडा,** 4 जुलाई (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी का मानना है कि उनकी टीम की तेज गेंदबाजी में आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा है। दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बारिश से प्रभावित खेल में वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 286 रन पर आउट कर दिया। यह मैच ग्रेनेडा के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। यह तीसरी बार है जब इस सीरीज में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों ने दुनिया की नंबर-1 टेस्ट टीम को कम स्कोर पर समेटा है। इससे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का यह मुकाबला दूसरे दिन के लिए रोमांचक बना हुआ है। सैमी ने स्टंप्स के बाद कहा कि हमने जिस तरह की तैयारी की थी और गेंदबाजों ने लगातार विरोधी टीम के टॉप बल्लेबाजों को चुनौती दी, वही नतीजा दिखा। जब से हमारे गेंदबाजी कोच रवि रामपाल जुड़े हैं, हमने टीम में एक नई सोच लाने की कोशिश की है, और गेंदबाज भी उसमें पूरा साथ दे रहे हैं, इसी का असर मैदान पर नजर आ रहा है।

तेज गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की जिसमें अल्जारी जोसेफ ने 4 विकेट लिए, जिसमें स्टीव



हमने जिस तरह की तैयारी की थी और गेंदबाजों ने लगातार विरोधी टीम के टॉप बल्लेबाजों को चुनौती दी, वही नतीजा दिखा : डैरेन सैमी

स्मिथ और उस्मान ख्वाजा जैसे अहम बल्लेबाजों को आउट किया। जेडन सील्स ने भी 2 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को कभी जमने नहीं दिया.सैमी ने आगे कहा कि हमने तीन पारियों में 30 विकेट ले लिए हैं, और अगर छोड़े गए कैच भी जोड़ लें तो शायद 37 विकेट होते। गेंदबाजों ने बहुत अच्छी लाइन-लेंथ रखी है, और सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, कोई भी टीम इन गेंदों का सामना मुश्किल से कर पाती।

# जडेजा ने किया नई मानक संचालन प्रक्रियाओं का उल्लंघन

**बर्मिंघम,** 4 जुलाई (एजेंसियां)। बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रवींद्र जडेजा ने बीसीसीआई की नई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का उल्लंघन किया। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर नहीं जाएगा और न ही मैदान से आएगा, बल्कि वे सभी टीम बस में एक साथ आएंगे। जडेजा ने गुरुवार को ऐसा नहीं किया। लेकिन किसी सजा की उम्मीद नहीं है क्योंकि जडेजा ने एसओपी तोड़कर जल्दी आने का फैसला किया ताकि वह अपनी पारी को फिर से शुरू करने से पहले कुछ अतिरिक्त गेंदें खेल सकें। उन्हें पता था कि भारत लीड्स में दो बार ढह चुका है और इस बार उन्होंने सपाट पिच पर भारत को 211/5 से बचाने का आधा काम कर दिया था। भारत के लिए फिर से कम स्कोर पर आउट होना कोई जोखिम नहीं था। जडेजा 41 रन दोबारा अपनी पारी की शुरुआत की, शुभमन गिल के साथ उनकी साझेदारी 99 रन की थी, लेकिन नई गेंद का ख़तरा बना हुआ था। जडेजा ने कहा कि कहीं न कहीं मुझे लगा कि मुझे अतिरिक्त बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि गेंद अभी भी नई थी।



# एनसी क्लासिक का उद्देश्य डायमंड लीग जैसे टूर्नामेंट को भारत में कराना है : चोपड़ा

**बेंगलुरु,** 4 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में एथलेटिक्स को लेकर नीरज चोपड़ा के विजन की शुरूआत 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' (एनसी क्लासिक) से होगी। शुक्रवार को यहां 'जेवलिन थ्रो' प्रतियोगिता से पहले टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने अपने उस सपने से रूबरू करवाया जहां एक मंच पर अंतरराष्ट्रीय और भारतीय एथलीट भारत में कंधे से कंधा मिलाकर प्रतिस्पर्धा कर सकें। चोपड़ा न केवल एनसी क्लासिक के आयोजक हैं, बल्कि एक प्रतियोगी भी हैं। उन्होंने भारत में विश्व एथलेटिक्स 'ए श्रेणी' की प्रतियोगिता आयोजित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य के बारे में बात करते हुए आईएएनएस से कहा कि उद्देश्य यह है कि हमने पदक जीत लिए हैं, सब कुछ हो गया है। अब, हम जेवलिन को कैसे बढ़ा सकते हैं? हम एथलेटिक्स कैसे बढ़ा सकते हैं? इसलिए, किसी भी आयोजन के बारे में, मैं हमेशा कहता था कि मेरा एक बड़ा सपना है कि भारत में ऐसा कोई आयोजन हो जहां अंतरराष्ट्रीय एथलीट प्रतिस्पर्धा करें और हमारे भारतीय एथलीट भी उनके साथ खेलें। इसलिए यह हो रहा है। चोपड़ा ने कहा कि विश्व एथलेटिक्स, एएफआई और ब्रांड सभी तरफ से समर्थन दे रहे हैं। कर्नाटक सरकार ने बहुत समर्थन दिया है। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं। और जैसा कि आपने कहा, सभी विदेशी एथलीट आए हैं। इसलिए, मैं भारत में उनके साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह पूछे जाने पर कि 2036 ओलंपिक की मेजबानी की अपनी महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए भारत को क्या करने की आवश्यकता है। इस पर विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग जैसी प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिताओं की मेजबानी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं 'कई वर्षों से टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में हूं और मुझे लगातार बहुत मदद मिल रही है। मैं बाहर भी प्रतिस्पर्धा करता हूं। मैं प्रशिक्षण लेता हूं। इसलिए, मुझे बहुत समर्थन मिल रहा है। साथ ही, मैं चाहता हूं कि इस तरह के आयोजन होते रहें। हमें यहां डायमंड लीग जैसे आयोजन लाने की कोशिश करनी चाहिए। क्योंकि यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित आयोजन है। यह हर साल होता है।



विश्व एथलेटिक्स, एएफआई और ब्रांड सभी तरफ से समर्थन दे रहे हैं। कर्नाटक सरकार ने बहुत समर्थन दिया है। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं : नीरत चोपड़ा


### नीरज क्लासिक 2025 के लिए श्री कांतीरवा स्टेडियम तैयार

**बेंगलुरु।** श्री कांतीरवा स्टेडियम शनिवार को होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक के लिए पूरी तरह से तैयार है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा अनुमोदित और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा एवं जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा सह-आयोजित इस कार्यक्रम में दुनिया के शीर्ष जैवलिन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य प्रतियोगियों में स्वयं नीरज चोपड़ा और 2016 रियो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता थॉमस रोहलर के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगियों का एक मजबूत ग्रुप शामिल है। 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' महज एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक उस आंदोलन का उत्सव है, जो भारतीय खेल के भविष्य को आकार दे रहा है और नई पीढ़ी की प्रतिभा को प्रेरित कर रहा है। इससे पहले स्टेडियम में युवा खिलाड़ियों ने साइड ग्राउंड पर अभ्यास किया, जिससे स्टेडियम में ऊर्जा का संचार हुआ। स्टैंड में स्कूली बच्चे अंतर्राष्ट्रीय सितारों की एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार करते दिखे। इस आयोजन की तैयारी के लिए स्टेडियम में काफी बदलाव किया गया है। कई स्टैंड्स में बैठने की व्यवस्था को नया रूप दिया गया है। नॉर्थ स्टैंड में कॉर्पोरेट और वीवीआईपी बॉक्स लगाए गए हैं।

# [ अर्थ जगत

## रुपया शुरुआती कारोबार में 21 पैसे की बढ़त के साथ

नई दिल्ली। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,481.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अमेरिका के साथ व्यापार सौदों की नई उम्मीदों के बीच रुपया समेत एशियाई मुद्राओं में मजबूती आने से घरेलू मुद्रा शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 21 पैसे मजबूत होकर 85.34 प्रति डॉलर पर पहुंच गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वियतनाम के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की है।



# भारत ने डब्ल्यूटीओ में वाहन शुल्क को लेकर अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा



*नई दिल्ली। अमेरिका ने इस साल 26 मार्च को यात्री वाहनों और हल्के ट्रकों तथा भारत से कुछ वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क वृद्धि के रूप में सुरक्षा उपाय अपनाया था। ये उपाय वाहन कलपुर्जों के संबंध में तीन मई, 2025 से असीमित अवधि के लिए लागू होंगे।*

भारत ने शुक्रवार को डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के मानदंडों के तहत अमेरिका के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा। अमेरिका ने सुरक्षा उपायों के नाम पर वाहन क्षेत्र पर शुल्क लगाए थे, जिसके जवाब में उक्त प्रस्ताव रखा गया। भारत के अनुरोध पर जारी डब्ल्यूटीओ की अधिसूचना के अनुसार, रियायतों या अन्य दायित्वों के प्रस्तावित निलंबन का रूप अमेरिका में उत्पादित चुनिंदा उत्पादों पर शुल्क में वृद्धि के रूप में होगा। भारत ने डब्ल्यूटीओ के माल व्यापार परिषद को संगठन के कुछ प्रावधानों के तहत रियायतों और अन्य दायित्वों के अपने प्रस्तावित निलंबन के बारे में अधिसूचित किया है। इसमें कहा गया, यह अधिसूचना भारत से वाहन कलपुर्जे के आयात पर अमेरिका के सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के संबंध में की गई है। अमेरिका ने इस साल 26 मार्च को यात्री वाहनों और हल्के ट्रकों तथा भारत से कुछ वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क वृद्धि के रूप में सुरक्षा उपाय अपनाया था।

ये उपाय वाहन कलपुर्जों के संबंध में तीन मई, 2025 से असीमित अवधि के लिए लागू होंगे। अमेरिका ने इन उपायों को डब्ल्यूटीओ को अधिसूचित नहीं किया है, लेकिन ये मुख्य रूप से सुरक्षा उपाय हैं। भारत ने कहा कि अमेरिका के उपाय गैट (व्यापार और शुल्क पर सामान्य समझौता) 1994 तथा सुरक्षा उपायों पर समझौते के अनुरूप नहीं हैं।

### एशिया प्रशांत के देशों के मुकाबले भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की उम्मीद : मूडीज

वर्तमान में, भारत और अमेरिका के अधिकारी दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। भारत अपने श्रम-गहन उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है, वहीं अमेरिका अपने कृषि उत्पादों के लिए शुल्क रियायत चाहता है। अमेरिकी जवाबी शुल्क पर रोक नौ जुलाई को समाप्त हो रही है, ऐसे में व्यापारी समझौते के लिए बातचीत महत्वपूर्ण हो जाती है। मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है। एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृय अपने दृष्टिकोण में मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि कई निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, बातचीत से द्विपक्षीय आधार पर शुल्क और अन्य व्यापार बाधाओं में कुछ कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन : दो महीनों में ग्राहकों को मिला 7. 14 करोड़ का रिफंड

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने बीते दो महीनों में ई-कॉमर्स कंपनियों सहित खुदरा विक्रेताओं से उपभोक्ताओं को 7. 14 करोड़ रुपये का रिफंड दिलाने में मदद की है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में, यह बात कही गई। खबर के मुताबिक, हेल्पलाइन की सहायता से रिफंड दावों से संबंधित 15,426 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया गया। ये शिकायतें 30 क्षेत्रों से संबंधित थीं। एनसीएच विभाग की एक प्रमुख पहल है और यह उपभोक्ता शिकायतों को तेजी से और सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने में महत्वपूर्ण प्री-लिटिगेशन भूमिका निभाती है।*

**ई-कॉमर्स क्षेत्र में सबसे अधिक शिकायतें-** खबर के मुताबिक, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन स्तर पर उपभोक्ता शिकायतों के निवारण से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत उपभोक्ता आयोगों पर बोझ कम होता है। विभाग ने आगे विस्तार से बताया कि ई-कॉमर्स क्षेत्र में सबसे अधिक 8,919 शिकायतें दर्ज की गईं। इसलिए, रिफंड भी इस क्षेत्र में सबसे अधिक 3. 69 करोड़ रुपये रहा। बयान में कहा गया है, 25 अप्रैल से 30 जून, 2025 के बीच 7.14 करोड़ रुपये के रिफंड की सुविधा हेल्पलाइन की प्रभावकारिता और जवाबदेही को दर्शाती है, जो कन्वर्जेंस भागीदारों के विस्तार




और मजबूत हितधारक जुड़ाव से प्रेरित है।

**जरूरत पर कहां कर सकते हैं शिकायत-** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर, उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1915 के माध्यम से 17 भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। वे एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से भी शिकायत कर सकते हैं, जो एक सर्व-चैनल, आईटी-सक्षम केंद्रीय पोर्टल है। इस उद्देश्य के लिए कई चैनल उपलब्ध हैं, जिनमें व्हाट्सएप, एसएमएस, ईमेल, एनसीएच ऐप, वेब पोर्टल और उमंग ऐप शामिल हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग यानी एनसीडीआरसी, भारत में एक अर्ध-न्यायिक आयोग है जिसे 1988 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत स्थापित किया गया था। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। न्यायाधिकरण (सेवा की शर्तें) नियम, 2021 के नियम 3 (12)(ए) के अनुसार आयोग का नेतृत्व भारत के सुप्रीम कोर्ट के एक मौजूदा या रिटायर्ड न्यायाधीश या किसी हाई कोर्ट के एक मौजूदा या रिटायर मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया जाता है।

# बिकवाली के बीच सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

## सोना 600 रुपये फिसला, चांदी 1000 रुपये लुढ़की

*नई दिल्ली। स्टॉकिस्टों की ताजा बिकवाली के कारण शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। सोना का भाव 600 रुपये गिरकर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 500 रुपये गिरकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। वहीं चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये गिरकर 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टी की है।*

**मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में तेजी-** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सोने-चांदी की कीमतों में तेजी जारी है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमत 0.31 फीसदी की तेजी के साथ 97,081 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 1,08,333 रुपए प्रति किग्रा पर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना चांदी लुढ़के-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,335 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,342.90 डॉलर



प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 4.30 डॉलर की गिरावट के साथ 3,338.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.05 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला क्लोजिंग प्राइस 37.08 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.22 डॉलर की गिरावट के साथ 36.86 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# उतार-चढ़ाव के बीच हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

*मुंबई। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार 4 जुलाई को शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। सेंसेक्स 193 अंक बढ़त के साथ 83,432 के स्तर पर जबकि निफ्टी में करीब 55 अंक की तेजी रही, 25,460 के स्तर पर बंद हुआ।*

**एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार-** एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.11 प्रतिशत ऊपर 39,828 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 1.55 प्रतिशत नीचे 3,068 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.72 प्रतिशत गिरकर 23,897 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत ऊपर 3,475 पर कारोबार कर रहा है।

3 जुलाई को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.77 प्रतिशत नीचे 44,829 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 1.02 प्रतिशत चढ़कर 20,601 पर और एस



एण्ड पी 500 0.83 प्रतिशत ऊपर 6,279 पर बंद हुए।

कल 400 अंक चढ़कर 170 अंक गिरा था बाजार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी गुरुवार, 3 जुलाई को सेंसेक्स 170 अंक गिरकर 83,239 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 48 अंक की गिरावट रही, ये 25,405 पर बंद हुआ।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 39 |
| एक यूरो | 100. 45 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 116. 97 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 56. 35 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 82 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 98 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-106 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


### सराफा बाजार


**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 97200 चांदी -108100

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 97200 चांदी -108100


### दाल- चावल भाव


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
**फोन- 4067270, 9826035338**

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 9500-10000, फाइन 105000-11000, एकस्ट्रा बोल्ड 11500-12000, चना दाल एवरेज 7200-7400 चना दाल मार्का 7300-7500, मसूर दाल एवरेज 7600-7700, मसूर दाल फाइन 8200-8300, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9500-10000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 11000-11200। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3200-3400, बेस्ट 3400-3600, बीपीटी चालू 4000-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5500-5600 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5000-5200, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 3500-4000, बेस्ट 4000-4200, मोगरा- 5000-5800, दुबार- 5500-6000, तिबार- 6000-7500, बासमती 7500-8500, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4350-4400, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।


### लोहा भाव


**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# केंद्रीय मंत्री ने कॉपर पर विजन दस्तावेज जारी किया

## बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम




*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने तांबे की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए शुक्रवार को कॉपर विजन डॉक्यूमेंट जारी किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दस्तावेज में 2047 तक तांबे की मांग में छह गुना वृद्धि का अनुमान लगाया है। साथ ही, 2030 तक 50 लाख टन प्रतिवर्ष प्रगलन और शोधन क्षमता जोड़ने की योजना प्रस्तुत की गई है।*

**आयात पर निर्भरता घटाने का उद्देश्य -** इसका उद्देश्य सेकेंडरी रिफाइनिंग को बढ़ावा देने, घरेलू रीसाइक्लिंग को सशक्त बनाने और वैश्विक भागीदारियों के माध्यम से विदेशी खनिज संपत्तियों को सुरक्षित कर आयात पर निर्भरता घटाने की बात कही गई है। मंत्री ने कहा कि यह दस्तावेज कच्चे माल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति प्रदान करता है।


**यह दस्तावेज कॉपर इकोसिस्टम के लिए महत्वपूर्ण कदम- मंत्री रेड्डी -** मंत्री रेड्डी ने हैदराबाद में आयोजित सस्टेनेबल एंड रिस्पॉन्सिबल माइनिंग बेस्ट माइन क्लोजर प्रैक्टिसेज सम्मेलन में इस दस्तावेज का लोकार्पण किया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप यह दस्तावेज देश के लिए एक टिकाऊ, लचीला और भविष्य के लिए तैयार तांबा इकोसिस्टम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# देश में स्टारलिंक के साथ अब वायसैट की एंट्री

*नई दिल्ली। भारत में स्टारलिंक लिंक जल्द लांच होने जा रहा है। केंद्र सरकार की तरफ से एलन मस्क की कंपनी को सर्विस शुरू होने की हरी झंडी मिल गई है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा कि स्पेस एक्स की स्टारलिंक की तरफ से भारत में सर्विस शुरू करने की सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं।*

रेगुलेटरी और लाइसेंसिंग अप्रूवल मिलने के बाद वे भारत में अपनी सैटेलाइट सर्विस शुरू कर सकते हैं। इसी बीच अमेरिकी सैटेलाइट कम्युनिकेशन कंपनी वायसैट भी भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने जा रही है। वायसैट ने यह कदम ऐसे समय उठाया, जब स्टारलिंक देश में लांच के बेहद करीब है।


वायसैट एक वैश्विक संचार कंपनी है जो उपग्रह-आधारित इंटरनेट और अन्य कनेक्टिविटी सेवाएं प्रदान करती है। यह विशेष रूप से उन क्षेत्रों में कनेक्टिविटी प्रदान करने पर केंद्रित है जहां पारंपरिक ब्रॉडबैंड उपलब्ध नहीं है। जानकारी के मुताबिक, वायसैट भारत में एविशन, मरीन, डिफेंस और प्राइवेट बिजनेस सेक्टर में अपनी सैटेलाइट सेवा का विस्तार कर रही है।



### बीएसएनएल यूजर्स को मिलेगा फायदा; शुरू होगी बड़ी सेवा

कंपनी ने इस सेवा को शुरू करने के लिए भारत सरकार की सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल के साथ साझेदारी की है। कंपनी बीएसएनएल के मौजूदा लाइसेंस के तहत काम करेगी और साथ मिलकर डायरेक्ट-टू-डिवाइस सैटेलाइट सेवाएं भी लॉन्च करेगी। शुरुआती दौर में वायसैट की सेवा के जरिए दो-तरफा मैसेजिंग की सुविधा मिलेगी। भविष्य में इसमें फुल इंटरनेट कनेक्टिविटी भी जोड़ी जाएगी। इस साझेदारी के बाद बीएसएनएल देश की पहली सरकारी टेलीकॉम कंपनी बन सकती है।


**देशबन्धु ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोनः 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**मकान बेचना है**
मिनी ड्यूप्लेक्स- 27 प्लाट 14x32.5= 450 वर्गफुट लगभग सुभाष नगर महाराजपुर महर्षि विद्या मंदिर के पीछे जबलपुर में बेचना है-
संपर्कः केदार प्रसाद मिश्रा 8109324186
र.नं.- 1024 9303003069

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


# सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट पर लगाया प्रतिबंध

## वापस करना होगा 4843 करोड़ रुपये का अवैध मुनाफा

*नई दिल्ली। सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट को सिक्यॉरिटी मार्केट से बैन कर दिया है और कंपनी को 4843 करोड़ रुपये के अवैध मुनाफे को वापस करने का निर्देश दिया है। ये भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निर्देशित अब तक की सबसे ज्यादा वसूली गई रकम हो सकती है।*

कंपनी पर इंडेक्स ऑप्शन में भारी मुनाफा कमाने के लिए एक्सपायरी के दिनों में इंडेक्स लेवल में कथित रूप से हेराफेरी करने का आरोप है। सेबी ने अंतरिम आदेश में जेन स्ट्रीट की सब्सिडी कंपनियों- जेएसआई इन्वेस्टमेंट्स, जेएसआई2 इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट ग्रुप (जेएस ग्रुप) की जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग (ऑनलाइन कारोबार) को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।

**45 देशों में ट्रेडिंग ऑपरेट करता है जेन स्ट्रीट ग्रुप-** जेन स्ट्रीट ग्रुप की स्थापना 2000 में की गई थी। ये एलएलसी फाइनेंशियल सर्विस इंडस्ट्री में एक वैश्विक स्वामित्व वाली ट्रेडिंग कंपनी है। ये अमेरिका, यूरोप और एशिया में 5 कार्यालयों में 2600 से ज्यादा लोगों को रोजगार प्रदान करती है और 45 देशों में ट्रेडिंग ऑपरेट करती है। सेबी द्वारा गुरुवार को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार, जेएस ग्रुप की कंपनियों ने एनएसई के सभी प्रोडक्ट कैटेगरी और सेगमेंट में जनवरी 2023 से मार्च 2025 तक एनएसई पर इंडेक्स ऑप्शन से 44,358 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रॉफिट कमाया। कंपनी सेबी के फुलटाइम मेंबर अनंत नारायण जी. ने आदेश में कहा, " फरवरी 2025 में एनएसई द्वारा उन्हें जारी किए गए स्पष्ट परामर्श की स्पष्ट अवहेलना करते हुए ऐसा गंभीर व्यवहार स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और अन्य बाजार सहभागियों के विपरीत, जेएस ग्रुप उचित काम नहीं करता है जिस पर भरोसा किया जा सके।

### कंपनी की प्रतिक्रिया-पूरी तरह से नियमों का पालन

सेबी के इस अंतरिम आदेश के बाद जेन स्ट्रीट ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि वह इस फैसले से सहमत नहीं है। कंपनी का कहना है कि वह जिस भी देश में कारोबार करती है, वहां के सभी नियमों और विनियमों का पूरी तरह से पालन करती है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## महाकौशल में बारिश का कहर

# मंडला-डिंडोरी में स्कूल की छुट्टी घोषित, कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर



बरेला- कुण्डम मार्ग पर ट्रक बहा



मण्डला में नर्मदा नदी उफान पर



डिण्डौरी जिला अस्पताल में पानी भरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मानसून के सक्रिय होने के कारण महाकौशल के जिलों में बारिश का कहर जारी रहा। मौसम विभाग ने महाकौशल के जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है। नर्मदा सहित कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मंडला व डिंडोरी में बारिश के कारण स्कूलों में 5 जुलाई तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। नदी के पुलों में पानी होने के कारण कई जिलों के बीच सड़क संपर्क टूट गया है।

डिंडोरी जिले के गोरखपुर कस्बे के पास सिवनी नदी का पुल डूबने से जाने के कारण जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे बंद हो गया है। खरमेर नदी के बढ़े जलस्तर के कारण अमरपुर जनपद का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुल पर पुलिसकर्मी तैनात किया गया है। थावर नदी उफान पर है और पानी पुल के उपर पहुँच गया है। जिससे कारण पिंडरई से केवलारी मार्ग पर आवागमन बंद है।

### अस्पताल और घर में पानी

बारिश के कारण शहर की सड़कें तालाब में तब्दील हो गयी है। बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। डिंडौरी अस्पताल परिसर में घुटने तक पानी भर गया। नगर पालिका कर्मचारी पानी की निकासी के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग कर रहे थे।

### औसत से दोगुनी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में 118.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। डिंडौरी में सर्वाधिक 34.2 मिलीमीटर और समनापुर में न्यूनतम 1.4 मिलीमीटर वर्षा हुई। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दोगुनी बारिश हुई है। इस साल बारिश का आंकडा 1633 मिलीमीटर पहुँच गया है। पिछले वर्ष आज के दिन तक बारिष का आंकडा आंकडा 822 मिलीमीटर था।

### सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया गया

इधर मंडला में भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। जिले के कई गांव में पानी भरने के कारण लोग वोट के माध्यम से सुरक्षित स्थानों में पहुँचा गया। नदियों के पुल में पानी होने कारण कई मार्ग में आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है।

जिला पंचायत मंडला के सीईओ श्रेयांस कुमट से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश का भारी भर जाने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से दस गांव के ढाई सौ से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान में पहुंच गया है। लोगों के लिए पंचायत भवन में पुनर्वास केन्द्र बनाये गये थे। प्रशासन के दौरान उनके भोजन की व्यवस्था की गयी थी। इसके अलावा तीन स्थानों में वोट के माध्यम से रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थान में पहुँचाया गया। नदी में बाढ़ वाले स्थान पर चौबीस घंटे पुलिस के जवान तैनात हैं।

### संभाग के जिलों में कहीं भारी तो कहीं मध्यम बारिश का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर संभाग के जिलों में आज भी कही भारी तो कहीं मध्यम बारिश हो सकती है। ऐसा इसलिये संभव है कि क्योंकि बंगाल के खाड़ी से बने नये सिस्टम का असर उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश में बना हुआ है। जहां के लिये आरेंज अलर्ट जारी किया गया है उनमें संभाग के पड़ौसी जिले मंडला, डिंडौरी, सिवनी, बालाघाट इत्यादि शामिल है। बाढ़ वाले संभावित स्थानों पर प्रशासन ने मैदानी अमले को सतर्क कर दिया है। बचाव टीम एनडीआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों को जरूरी संसाधनों के साथ चौबीस घंटे अलर्ट रहने कहा गया है। प्रमुख रूप से नर्मदा तट के करीब बचाव टीमों को सक्रिय किया गया है। लोगों को यहां आने से रोका गया है।

### नागा घाटी में हुआ भूस्खलन,दो ट्रक पानी में बहे

जबलपुर में भी शुक्रवार से बारिश का कहर जारी है। बारिश के कारण बरेला थानान्तर्गत दो घटनाएं घटित हुई। नागाघाटी में पहाडी के टूटकर सड़क में गिरने के कारण जबलपुर-मंडला मार्ग में यातायात बंद हो गया था। जिसके कारण मार्ग में लम्बा जाम लगा गया था। इसके अलावा ग्राम सलैया के समीप गैस सिलेंडर तथा भूसे से भरा ट्रक हिरन नदी में बह गये।

बरेला थाना प्रभारी विनय विश्वकर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश के कारण शुक्रवार की सुबह पहाड़ टूटकर सड़क में गिर गयी थी।

जिसके कारण जबलपुर-मंडला मार्ग में आधा घंटे तक यातायात पूरी तरह से बंद रहा। पुलिस ने सूचना मिलने पर एक तरफ से पहाड़ी का मलबा हटाते हुए यातायात एक तरफ से प्रारंभ किया गया। दोपहर बाद तक यातायात सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया था।

# जीआरपी कर्मी से टिकट मांगना मंहगा पड़ा

## जीआरपी ने की टीटीई की धुनाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय रेल पुलिस जीआरपी कर्मचारियों द्वारा आए दिन ट्रेनों में मुफ्त यात्रा करने का चलन दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। जबकि पुलिस विभाग अनुशासन के साथ कार्य संपादित करना चाहिये। जिसके कारण समाज में एक अच्छा संदेश पहुंचे और आम जनों द्वारा भी नियमानुसार सभी कार्यों को करें। परंतु इसे विभाग के कर्मचारी जब भी वर्दी धारण करते हैं और किसी भी ट्रेन में परिवार सहित मुफ्त यात्रा करते हैं और यदि ट्रेन में पदस्थ टीटीई इनसे यात्रों के दौरान टिकट की मांग करता है तो यह बजाय टिकट दिखाने के उक्त ट्रेन टिकट निरीक्षक के साथ ही गंदी गंदी गालियां देना और मारपीट करते हुए जीआरपी थाने ले जाकर उसी टिकट निरीक्षक के विरूद्ध प्रकरण तक दर्ज कराने में हमेशा आगे रहते हैं।

सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर के अधीनस्थ टीटीई के साथ ललितपुर जीआरपी के जवानों ने ट्रेन में पदस्थ टीटीई ने जब यात्रा टिकट मांगी तो उसके साथ जवानों द्वारा मारपीट की गई। इस मारपीट की घटना को रेलवे प्रबंधन ने गंभीरता से लिया और मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर ने इस संबंध में झांसी मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखा था। पत्र में उल्लेख किया गया था कि दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

जानकारी के मुताबिक कटनी में पदस्थ उप मुख्य टिकट निरीक्षक ट्रेन संख्या 22167 सिंगरौली हजरत निजामउददीन में डयूटी कर रहा था। गत दिवस रात्रि 10 बजे झांसी के पहुंचने पर वहीं रूक गए दूसरे दिन वह वहीं रूक गए।

वापसी में अमृतसर विशाखपटटनम हीराकुंड एक्सप्रेस में कटनी मुड़वारा में टिकट की चैकिंग कर रहे थे, यह ट्रेन दोपहर लगभग 2.30 बजे झांसी पहुंची तो ट्रेन के एसी 3 टायर केबी 1 कोच की बर्थ नम्बर 38 में यात्रा कर रही महिला से 3 टिकट मांगा तो वह सीट नम्बर 23 में बैठे जीआरपी कर्मी के पास पहुंची उसमें स्टाफ संदीप कुमार और उसके मित्र से भी जब टिकट की मांग की गई तो उन्होंने टिकट की मांग की गई तो उन्होंने टिकट ही नहीं दिखायी और उससे रंगदारी करते हुए मारपीट तक की है। टिकट निरीक्षक ने इस घटना के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा से की है।

जानकारी के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक नन्दीश शुक्ल आईआरटीएस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एडीशनल डॉयरेक्टर ऑफ पुलिस जीआरपी लखनऊ को पत्र क्रमांक सी/229/20808 जीके/25 दिनांक 1 जुलाई को पत्र भेजा है। इस पत्र की प्रति मंडल रेल प्रबंधक झांसी एवं मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर को प्रति प्रेषित की है। इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि ललितपुर के संदीप कुमार दिनेश कुमार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किये जाने का अनुरोध किया है।

पमरे के जबलपुर मंडल के ट्रेन टिकट निरीक्षकों के बीच अपनी सुरक्षा को लेकर भय देखा जा रहा है। जीआरपी द्वारा इस प्रकार की घटना को अंजाम देने के लिए टीटीई स्टाफ कभी भी आंदोलन का रुख बनाए जाने की संभावना है।

पमरे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा द्वारा भी इस संबंध रेलवे के शीर्ष प्रबंधन और जीआरपी लखनऊ से भी चर्चा की जा रही है।

# घर के बाहर खेलते बच्चे को ऑटो ने कुचला

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी की केजीएन कॉलोनी में गुरुवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। घर के बाहर खेल रहे 18 माह के मासूम रोहान खान को तेज रफ्तार टैक्सी ने कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

जानकारी के अनुसार, रोहान पिता आरिफ खान केजीएन कॉलोनी, हड्डी गोदाम क्षेत्र का निवासी था। गुरुवार दोपहर वह घर के बाहर गली में खेल रहा था। इसी दौरान एक ऑटो गली में अचानक मुड़ते हुए तेज रफ्तार से आया और रोहान को सीधा टक्कर मारते हुए रौंद गया।

हादसे के तुरंत बाद आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक बच्चा दम तोड़ चुका था। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। परिजन बच्चे को लेकर तत्काल अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया था।

# अनय द्विवेदी को मिला दोहरा दायित्व



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी व्ही.के. गौड़ ने एक आदेश जारी किया है जिसके अनुसार सुनील तिवारी प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड का कार्यकाल 5 जुलाई आज पूर्ण हो रहा है। इसी को देखत हुये शासन द्वारा अनय द्विवेदी प्रबंध संचालक पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को अपने वर्तमान कर्तव्यो के साथ पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड का प्रबंध संचालक का अतरिक्त प्रभार सौंपा है। आदेश के मुताबिक श्री द्विवेदी यह कार्यभार आगामी आदेश तक संपादित करेंगे।

# शहडोल में मासूम की करंट लगने से मौत

**शहडोल,देशबन्धु।** जिले के सिरौंजा गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। सिर्फ 6 साल का मासूम सूरज बैगा खेलते-खेलते टूटे पड़े बिजली के तार को दांत से काटने की कोशिश करने लगा, जिससे उसे तेज करंट लगा और मौके पर ही उसकी जान चली गई। यह हादसा खैरहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार सुबह का है।

**दोस्तों के साथ खेलते समय हुआ हादसा**

सूरज अपने हमउम्र बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी उसकी नजर पड़ोसी के घर से टूटा पड़ा बिजली का तार पर पड़ी, जो बारिश और हवा के चलते गिर गया था। मासूमियत में सूरज ने यह समझे बिना कि तार में करंट हो सकता है, उसे मुंह में लेकर काटने की कोशिश की, तभी उसे करंट लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा।

परिजन भागे अस्पताल, लेकिन बचाया नहीं जा सका। साथ में खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया, तो परिजन दौड़े-दौड़े आए। तुरंत सूरज को पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से पूरे गांव में मातम फैल गया है। उसकी मां की हालत इतनी खराब है कि वह बार-बार बेहोश हो रही थी।

**लापरवाही की जांच में जुटी पुलिस**-थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि बिजली का तार घर के पीछे खाली पड़ी जगह पर गिरा हुआ था और कोई चेतावनी या सुरक्षा इंतजाम नहीं था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।


श्रीजानकीरमण कला, वाणिज्य एवं फॉर्मेसी महाविद्यालय
म.प्र. शासन से मान्यता व अनुदान प्राप्त और रानीदुर्गावती वि.वि. एवं फॉर्मेसी काउंसिल से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय
प्रवेश प्रारंभ
B.A. B.Com B.Pharma D.Pharma
बल्देवबाग के पास, आगा चौक, जबलपुर मोः 9243447119, 7869474006

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसिएशन
मुर्गा छोटा - रु. 106
मुर्गा मीडियम - रु. 98
मुर्गा बड़ा - रु. 82
मुर्गा जम्बो - रु. 82
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 78
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 94
छोटा ब्रॉयलर - रु. 102
मोबाइल नं. 9300692405

सीधे 10 वीं/12 वीं/कॉलेज के फार्म भरें
प्रवेश प्रारंभ
A Name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
ESTD- 2004
अधारताल/गोहलपुर, जबलपुर
9 वीं / 11 वीं फेल/पास सीधे 10 वीं/ 12 वीं करें।
12 वीं पास बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.बी.ए./डी.एड./आई.टी.आई./कॉलेज/एन.टी.टी. जैसे कोर्स करें।
ग्रेजुएट छात्र-छात्रा बी.एड./बी.लिब./डी.फार्मा./बी.फार्मा./ जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स कम्प्यूटर कोर्स के रेग्यूलर/प्राइवेट फार्म भरें।
स्टेट बैंक के पास, अधारताल तिराहा, जबलपुर
मोः 9303580611, 0761- 4111321

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WHATSAPP SAMDAREEYA CINEMA 7999968989
SITAARE ZAMEEN PAR 11:00AM 03:00PM 05:00PM 08:00PM
JURASSIC WORLD 09:30AM 12:15PM 03:00PM 05:30PM 08:15PM 10:45PM
MAA 09:30AM 02:00PM 05:45PM 08:20PM
METRO 10:00AM 01:00PM 04:00PM 07:00PM 10:00PM 11:00PM
HOUSEFULL-5 12:00PM
KANNAPPA 10:45PM

जबलपुर आई केयर
डॉ. पूजा मिश्रा (एम.बी.बी.एस., एम.एस., नेत्र सर्जन)
प्रत्येक शुक्रवार निःशुल्क नेत्र परीक्षण
समय-सुबह 11 से 2 बजे तक
पता- खुशी प्लाजा कॉम्पलेक्स, भंवरताल गार्डन, जबलपुर
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें- 9009101571, 0761-4003010, 8103157419

BHARAT VIDYA SHIROMANI AWARD, MEGA TIME 4 MEDIA & PRIME TIME अवार्ड से सम्मानित
महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन
केन्द्र व राज्य सरकार से मान्यता व म. प्र. मेडिकल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्धता प्राप्त
नर्सिंग: M.Sc. (N), PB. B.Sc. (N), B.Sc. (N), GNM (N), ANM (N)
पैरामेडिकल: B.M.L.T., D.M.L.T.
होम्योपैथी: B.H.M.S.
एजूकेशन: D.Ed., B.Ed., M.Ed.
लॉ: B.A.LL.B., LL.B., LL.M.
More Info : महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, मेन रेल्वे स्टेशन के पास, होटल कल्चुरी के सामने, साऊथ सिविल लाईन्स, जबलपुर (म.प्र.) Mob. 9300637079, 8103218415, 9893691462, 9200007079

ADMISSION OPEN
"THE MAIN AIM OF THE EDUCATION IS ALL ROUND DEVELOPMENT OF THE CHILD"
BULBUL KIDS KINGDOM High School
Uniform FREE
NURSERY, L.K.G., U.K.G. & 1st to 10th
न्यू राम नगर, अमखेरा रोड, अधारताल, जबलपुर
M: 9301408551, 9301408550, 6266655219

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान